राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 10 जून 2026
वर्ष 07,अंक 244, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

प्रधान सचिन और वीडियो की मिले भगत से सोनहटी बुजुर्ग में पानी और जलकुंभी के बीच चल रहा मनरेगा...02

बकाया भुगतान मांगने पर ठेकेदार से मारपीट...10

## मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर भड़की कांग्रेस, सीट डकैती का आरोप

●कल ईसी के खिलाफ भूख हड़ताल





मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बीच प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामाकंन रद्द किए जाने के बाद से कांग्रेस भड़की हुई है. एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीजेपी पर सीट डकैती का आरोप लगाया है. मीडिया से बात करते हुए पटवारी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही महिला आरक्षण को लेकर बीजेपी ढोंग किया था जीतू पटवारी ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामाकंन राजनीतिक रूप से रद्द किया गया. क्योंकि लीगल तरीके से वो नामांकन रद्द नहीं कर सकते थे, इसलिए उन्होंने ऐसा रास्ता चुना. सरकार के इस कार्य द्वारा एमपी को कलंकित किया गया. ये लड़ाई देश के लोकतंत्र को बचाने की है. क्योंकि लोकतंत्र की हत्या की भाजपाई करतूत ने फिर से संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का सबूत दिया है! सत्य और न्याय की इस लड़ाई को हम स्तर पर लड़ेंगे, हर हाल में जीतेंगे!

जीतू पटवारी ने आगे कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कल यानी बुधवार को सारे कांग्रेस विधायक चुनाव आयोग के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

**नामाकंन रद्द होने पर क्या बोलीं नटराजन?**

राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन रद्द होने पर मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि जरूरी संख्या बल न होने के बावजूद बीजेपी का तीसरा उम्मीदवार उतारने का फैसला संविधान और लोकतंत्र को कुचलने की राजनीति को जाहिर करता है. उन्होंने कहा कि अब राज्यसभा और दूसरे चुनावों में पहले स्क्रब मैकेनिज्म के जरिए अपनाए गए वोट-चोरी के तरीकों को दोहराने की कोशिश की जा रही है. वे भले ही महिला सशक्तिकरण की बात करते हों, लेकिन उनके अपनाए गए तरीके कुछ और ही कहानी कहते हैं. नटराजन ने कहा कि एक ऐसा मामला जिस पर पहले ही संज्ञान लिया जा चुका था. हालांकि हमारे वकीलों ने सभी तर्क पेश किए, लेकिन मामले का फैसला पूरी सुनवाई के बिना ही कर दिया गया। यह साफ तौर पर उनकी नीति और मंशा को उजागर करता है. यह मुद्दा सिर्फ एक राज्यसभा सीट का नहीं है; यह मौजूदा हालात से जुड़ा है. क्या लोकतंत्र बना रहेगा और क्या भारत का संघीय ढांचा कायम रहेगा. हमारी पूरी पार्टी यहां तानाशाही थोपने की कोशिशों के खिलाफ लड़ेगी, और हम इस फैसले को चुनौती देंगे.

**इतनी फार्मालिटी भी क्यों, बीजेपी की सीट कर दें घोषित**

वकील अजय गुप्ता ने कहा कि ये पूरी तरह असंवैधानिक है. ये गुंडागर्दी वाला आदेश है. हैदराबाद के न्यायालय से मीनाक्षी जी को एक नोटिस जारी किया था. इसे उनके द्वारा बताया नहीं गया था. लेकिन हमारे जवाब में हमने उन्हें ये लिख कर दिया था. ये अपराधिक श्रेणी में नहीं आता है. उन्होंने आगे कहा कि मैं दावा करता हूं को लॉ के फर्स्ट ईयर के छात्र से भी पूछेंगे तो वो बता देगा की ये अपराध की श्रेणी में नहीं आता. लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने कोई बात नहीं सुनी. विधानसभा में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस तरह की दादागिरी देखने को मिली. इतनी फार्मालिटी भी क्यों की जा रही है, सीधे सीधे दिल्ली से ही सीट बीजेपी के लिए घोषित कर दें।

**बीजेपी लोकतंत्र और संविधान की कर रही हत्या**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार बहन मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किया जाना पूरी तरह से असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है. यह घटनाक्रम बताता है कि भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रही है. कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेगी।

**चुनाव आयोग का अस्तित्त्व भी है या नहीं?**

कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने मीनाक्षी नटराजन का नामाकंन रद्द होने पर चुनाव आयोग पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का अस्तित्त्व भी है या नहीं? देश में जितने भी निर्वाचित सांसद है क्या उन लोगों के खिलाफ लीगल नोटिस कभी नहीं आया. ये एक तरह से सरकार की तानाशाही है।

**कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के गेट पर दिया धरना**

उधर, इस पूरे मामले को लेकर दिल्ली में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए हैं. जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट, और भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज नेता चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर जमा हैं. बताया जा रहा है कि सभी नेता चुनाव आयोग ऑफिस के अंदर जाना चाह रहे थे, लेकिन जब उन्हें अनुमति नहीं तो उन्होंने गेट पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग बुधवार को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर सकता है।

**कांग्रेस उम्मीदवार ने जानबूझकर छुपाया आपराधिक रिकॉर्डः सीएम मोहन**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने जानबूझकर जानकारी छुपाई थी, यह आपराधिक रिकॉर्ड को छुपाने का पाप है. असल में अगर आपके खिलाफ कोई मामला हो तो यह लिखकर देना चाहिए. कांग्रेस ने जानबूझकर निर्वाचन अधिकारी को भ्रम में रखा और इसी आधार पर जो फैसला हुआ उसका मैं स्वागत करता हूं. कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए।

## लंदन में भारतीय मूल के दंपति और 9 वर्षीय बेटे ने 36वीं मंजिल कूदकर दी जान, जांच जारी

● लंदन में भारतीय मूल के दंपति और बेटे की 36वीं मंजिल से मौत।

● राकेश, अदिति और 9 वर्षीय सिड की हुई दुखद मृत्यु।

● पुलिस इसे अप्रत्याशित मौत मानकर मामले की जांच कर रही।



**लंदन।** लंदन में भारतीय मूल के एक दंपति और उनके 9 वर्षीय बेटे की 36वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और फिलहाल इसे अप्रत्याशित मौत मानकर देखा जा रहा है। यह घटना 27 मई को दक्षिण लंदन स्थित एक 46 मंजिला लग्जरी रिहायशी इमारत में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने ऊंचाई से लोगों के गिरने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। पैरामेडिक्स ने तीनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**लंदन में भारतीय मूल के दंपति और उनके बेटे की मौत**

मृतकों की पहचान 47 वर्षीय राकेश पई, उनकी 46 वर्षीय पत्नी अदिति परळकर और उनके 9 वर्षीय बेटे सिड के रूप में हुई है। परिवार इमारत की 36वीं मंजिल पर रहता था।

स्थानीय सांसद नील कॉयल ने कहा कि पुलिस को आशंका है कि बच्चे की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं इस त्रासदी की एक वजह हो सकती हैं। उन्होंने इसे भयानक फैसला बताया।

**यह बेहद दुखद घटना- नील कॉयल**

नील कॉयल ने इमारत के निवासियों को लिखे पत्र में कहा, 'यह बेहद दुखद घटना है। कुछ स्थानीय लोगों ने इसे अपनी आंखों से देखा। जानकारी मिली है कि बच्चा ब्रिटेन में पैदा हुआ था और गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था, जिसने परिवार पर भारी मानसिक दबाव डाला। '

रिपोर्ट के मुताबिक, दोस्तों के बीच 'आदि' और 'रॉबिन' के नाम से जाने जाने वाले यह दंपति वित्त और कंस्ट्रक्शन कंसल्टिंग क्षेत्र में काम करते थे। परिवार 2020 में बेटे सिड के इलाज के लिए भारत आया था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 2025 में फिर ब्रिटेन लौट गया। हालांकि, परिवार के कुछ करीबी लोगों ने इसे हत्या-आत्महत्या मानने पर सवाल उठाए हैं।

एक मित्र ने कहा, 'यह बात हमारी समझ से बाहर है। अदिति जरूर मानसिक दबाव में थीं, लेकिन राकेश काफी संयमित और मजबूत नजर आते थे। वह परिस्थितियों को अच्छी तरह संभाल रहे थे। '

परिवार के एक अन्य करीबी ने बताया कि बेटे की देखभाल का अदिति की मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा था। एक पड़ोसी ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ सप्ताह पहले परिवार के फ्लैट से चिल्लाने और झगड़े की आवाजें सुनाई देती थीं।

**तीनों की मौत को फिलहाल अप्रत्याशित माना जा रहा है- पुलिस**

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, 'तीनों की मौत को फिलहाल अप्रत्याशित माना जा रहा है। किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। मृतकों की औपचारिक पहचान और मामले की जांच जारी है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है और विशेषज्ञ अधिकारी उनकी सहायता कर रहे हैं। '

लंदन इनर साउथ क्षेत्र के वरिष्ठ कोरोनर जूलियन मॉरिस ने कहा कि मामले को उनके कार्यालय के पास भेजा गया है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद आधिकारिक तौर पर मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल जांच जारी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सामुदायिक शौचालय बंद, ग्रामीण खुले में शौच को मजबूर




**भदोही।** चौरी क्षेत्र के दुरासी ग्रामसभा में लाखों रुपये की लागत से बने सामुदायिक शौचालय पर ताला लटका होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई शिकायतों के बावजूद शौचालय चालू नहीं कराया गया। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि बंद पड़े शौचालयों की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है और जिम्मेदार प्रधान व सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छरूफिरोजाबाद ने मांगा था iPhone, दबा मामला फिर उखड़ आया

**आगरा।** फिरोजाबाद के पूर्व डीएम रमेश रंजन और पूर्व तहसीलदार टूंडला राखी शर्मा के बीच चल रहा विवाद न्यायालय पहुंच गया है। पूर्व तहसीलदार ने तत्कालीन डीएम सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। इससे हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने डीआइजी और मंडलायुक्त आगरा से आख्या तलब कर अग्रिम सुनवाई के लिए 12 जून तय की है। टूंडला में तैनात रहीं तहसीलदार राखी शर्मा ने अप्रैल में फिरोजाबाद के तत्कालीन डीएम रमेश रंजन पर उत्पीड़न और अनुचित दबाव डालने के गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद तहसीलदार का ट्रांसफर हो गया था। बल्केश्वर न्यू सरस्वती नगर निवासी वर्तमान में तहसीलदार राजस्व परिषद लखनऊ के पद पर तैनात राखी शर्मा ने तत्कालीन डीएम फिरोजाबाद के खिलाफ वाद दायर करने को पत्र दिया है। इसमें अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ रमेश रंजन के अलावा डीएम फिरोजाबाद के ओएसडी शैलेंद्र शर्मा, वरिष्ठ लिपिक राजेंद्र खन्ना, वरिष्ठ लिपिक एसडीएम फिरोजाबाद अजीत उपाध्याय तथा दोजीराम वरिष्ठ लिपिक (पेशकार) डीएम कार्यालय फिरोजाबाद को भी शामिल किया है।

## सैदुलाजाब हादसे में 6 मौतों के जिम्मेदार दोनों बिल्डर गिरफ्तार, पुरानी इमारत पर 3 मंजिल और चढ़ाने से धंसी नींव

● बिल्डर मनीष खत्री और अविनाश गुप्ता सैदुलाजाब हादसे में गिरफ्तार।

● पुरानी इमारत पर अवैध निर्माण से 6 लोगों की मौत हुई।

● कमजोर नींव पर तीन अतिरिक्त मंजिलें बनाने से इमारत ढही।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दक्षिणी दिल्ली।** सैदुलाजाब हादसे में फरार चल रहे दोनों आरोपित बिल्डर को महरौली थाने की पुलिस ने मंगलवार को वसंत कुंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि बिल्डर मनीष खत्री और अविनाश गुप्ता इमारत पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे थे। मामले में भवन स्वामी करमवीर जेलदार को पुलिस एक जून को ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना में छह लोगों की मौत हुई थी, तो वहीं आठ लोग घायल हुए थे। दोनों गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस बुधवार को साकेत कोर्ट में पेश करेगी।

**तीसरे तल का चल रहा था काम**

जानकारी के मुताबिक व्यावसायिक इमारत चार तल की थी। इसके ऊपर तीन और तल बनाए जा रहे थे। आरोपित भवन स्वामी करमवीर को उसके कुछ परिचितों ने कमजोर हो चुकी 400 वर्ग गज में बनी 15 वर्ष पुरानी चार मंजिला इमारत को तोड़कर नए सिरे से निर्माण की सलाह दी थी। पर वह नहीं माना। बिल्डर मनीष और अविनाश को काम सौंप दिया। चार मंजिला इमारत के ऊपर दो तल बन चुके थे और तीसरे तल का काम चल रहा था।

**कमजोर नींव नहीं झेल सकी वजन**

30 मई को कमजोर नींव लोड पाकर फट गई और पूरी इमारत ढह गई। मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। बचाव व राहत कार्य में लगे फायर ब्रिगेड के अधिकारी के मुताबिक, मलबा हटाने के दौरान पता चला की ऊपरी मंजिल हाल-फिलहाल ही बने थे, जिन पर सीमेंट की लिपाई तक नहीं हो पायी थी।

**खाना खा रहे लोग मलबे के नीचे गए थे दब**

गली नंबर पांच में इमारत अराइज कोचिंग और कैंटीन के बीच में थी। कैंटीन की छत का अगला हिस्सा टिन शेड था, जबकि पीछे एक कमरा पक्का था। हादसे के समय अराइज कोचिंग के साथ ही आस-पास रहने वाले कुछ छात्र खाना खा रहे थे। इमारत का मलबा इस ढाबे की छत पर जा गिरा। इससे खाना खा रहे लोग मलबे के नीचे दब गए थे।

### भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष का फोन हुआ हैक, गृह मंत्री से मांगी रकम; बिहार के साइबर शातिर की निकली करतूत

**आगरा।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के फोन का वाट्सएप बिहार के मेहसी से हैक किया गया था। साइबर ठग ने गृह मंत्री समेत कई लोगों से रुपये मांगे थे। भाजपा नेता ने गृह मंत्रालय के साथ ही साइबर सेल में शिकायत की थी। साइबर सेल की जांच के बाद न्यू आगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दिनेश शर्मा ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि उनके मोबाइल पर एक जून को अज्ञात नंबर से फोन आया और प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पार्सल भेजने की बात कही। पार्सल लेने को उक्त फोन नंबर पर बात करने को कहा। नंबर पर फोन करते ही वाट्सएप हैक हो गया। गृह मंत्री सहित उनके फोन में मौजूद नंबरों पर मैसेज भेजकर रुपये की मांग की गई। आगरा के पूर्व महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शर्मा ने 20 हजार रुपये हैकरों द्वारा दिए एकाउंट में डाल भी दिए। कुछ परिचितों ने फोन करके उन्हें सूचना दी, तब उन्हें इस संबंध में जानकारी हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने गृह मंत्रालय को सूचना देने के साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी।

### इकाना स्टेडियम और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करेगा LDA, 20 प्वाइंट्स पर चेकिंग करेगी 10 सदस्यीय कमेटी

**लखनऊ।** इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के अनुबंध की शर्तों और उनके अनुसार संचालन, निर्माण और रखरखाव की जांच एलडीए करेगा। एलडीए ने इकाना स्टेडियम के साथ उससे जुड़े स्पोर्ट्स के निर्माण की जांच के लिए एक समिति गठित की है। यह समिति 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर एलडीए ने जांच समिति के सदस्य तय कर दिए। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित 10 सदस्यीय समिति में एलडीए के मुख्य अभियंता, मुख्य नगर नियोजक, अधिशासी अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक), मुख्य अग्निशमन अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, वित्त एवं लेखा अधिकारी, विधि अधिकारी और अधिशासी अभियंता जोन-1 को शामिल किया गया है।



**बुधवार को इकाना जा सकती है टीम**

बुधवार को यह टीम इकाना स्टेडियम जा सकती है। यह टीम इकाना स्टेडियम के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, आमजन को मिलने वाली सुविधाओं और अनुबंध की शर्तों के पालन सहित 20 अलग-अलग बिंदुओं की विस्तृत जांच करेगी। खेल गतिविधियों के अलावा स्टेडियम परिसर में व्यावसायिक आयोजनों, कंसर्ट और अन्य गैर-अनुमन्य गतिविधियों को लेकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। एलडीए ने कमेटी अनुबंध की धारा 20.9 के तहत परमीसिबल और नान-परमीसिबल गतिविधियों की जांच करेगी। स्टेडियम परिसर में व्यावसायिक उपयोग, दुकानों का संचालन, विज्ञापन प्रदर्शन और विभिन्न लाइसेंस वैध नियमों के अनुरूप हैं या नहीं, यह भी देखा जाएगा। खेल मैदान, टर्फ, अभ्यास क्षेत्र, खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और आपातकालीन अनुरक्षण व्यवस्था को भी देखा जाएगा।

## नेपाल का नया प्रतिबंधः आम के आयत पर लगा बैन, क्या है बालेन सरकार का पूरा मामला?

» नेपाल ने भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध लगाया।

» अत्यधिक कीटनाशक और वारंटाइन सुविधाओं की कमी मुय कारण।

» नेपाली किसानों को प्रोत्साहन, पर आपूर्ति में कमी की आशंका।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि इन फलों में अत्यधिक कीटनाशकों की मौजूदगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में क्वारंटाइन सुविधाओं की कमी का आरोप लगाया गया है। नेपाल के अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने उन आमों के आयात पर प्रतिबंध लगाया है, जिनमें अत्यधिक कीटनाशक पाए गए हैं और मुख्य रूप से मधेश प्रांत में सीमावर्ती क्षेत्रों में क्वारंटाइन सुविधाओं की कमी के कारण यह फैसला लिया है।

**भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध लगाया**

मधेश प्रांत के भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारी मंत्रालय के सूचना अधिकारी अजय ग्यावाली ने कहा मधेश प्रांत के सिरहा, सपतारी और धनुषा जिले आमों के प्रमुख उत्पादक हैं। भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध ने नेपाली किसानों को प्रोत्साहित किया है, क्योंकि उन्हें इस मौसम में भारतीय फलों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करनी पड़ेगी। हालांकि घरेलू उत्पादन पूरे नेपाल में आमों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता।

**भारत से आमों का आयात करना महत्वपूर्ण**

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, पूरे वर्ष आमों की मांग को पूरा करने के लिए भारत से आमों का आयात करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि नेपाल के आमों का उत्पादन केवल दो महीनों तक सीमित है। जनकपुरधाम में फल और सब्जी व्यापारियों के संघ के महासचिव भूवनेश्वर पूर्वे ने कहा कि भारतीय आयात को रोकने से घरेलू बाजार में कमी आ सकती है।

## नरहरपुर में 194 कार्डधारको की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर प्रधान व रोजगारसेवक हो रहे मालामाल

● प्रशासक बने प्रधान मनगढ़ंत छायाचित्र पटल पर कराया सेव धरातल की स्थित जस का तस

● नशे में चूर सचिव ने फर्जी मस्टर रोल जारी कर उच्चाधिकारी को कर रहे गुमराहबीडीओ उदयभान उपाध्याय की मिली भगत सेफाइलों में निरीक्षण करना नही समझते मुनासिब सप्ताह पूर्व जारी

**नशे में चूर सचिव ने फर्जी मस्टर रोल जारी कर उच्चाधिकारी को कर रहे गुमराहबीडीओ उदयभान उपाध्याय की मिली भगत सेफाइलों में निरीक्षण करना नही समझते मुनासिब सप्ताह पूर्व जारी**

**मस्टररोल मौके पर कार्य शून्य फर्जी हाज़िरी की खुली पोलनरहरपुर में भटपुरवा में ललहवा पर तालाब खुदाई तथा राम अभिलाख के खेत से अर्खापुर सरहद तक नाला सफाई में मजदूरो की लगी फर्जी हाजिरी से जुडा मामला**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज ब्लाक अंतर्गत नरहरपुर में तालाब जिर्णोद्धार कार्य कागज मे चल रही है कार्ड धारको के नाम के सहारे प्रधान अपनी पूरी ताकत लगाकर भ्रष्टाचार करने में लगे हुए है। या यू कहे भ्रष्टाचार के जुनून में सरकार की साख को दाव पर लगा कर सिस्टम को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत नरहरपुर में तालाब और नाला खुदाई कार्य मनरेगा के कागज में चल रहा है। तालाब खुदाई में 194 और नाला सफाई में 51 मजदूरों की हाजिरी पटल पर लगाई जा रही है। प्रधान व सचिव कागजी कोरमपूरा कर फर्जी हाजिरी लगवाकर सरकारी धन को लूटने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।

प्रधान एवं रोजगार सेवक द्वारा भटपुरवा ललहवा पर तिन्ना से पटा/पानी भरे तालाब व तैरती जलकुंभी में लगभग एक सप्ताह से फर्जी हाजिरी सरकारी रजिस्टर पर दर्ज की जा चुकी है। अगर जमीनी हकीकत की बात करे तो मजदूर कार्य करते नही मिले कार्य शून्य है। ग्रामीणों से पूछने पर मालूम हुआ कि प्रधान अपने चहेते रोजगार सेवक के सहारे भ्रष्टाचार की पटकथा लिखते हैं और विना कार्य कराए सरकारी धन को लूटने के प्रयास में लगे रहते हैं। ग्रामीणों की बातो पर गौर करे तो प्रधान प्रतिदिन लगभग पच्चास हजार रुपए सरकारी धन का बंडरबांट करने में लगे हुए हैं। एक सप्ताह में लगभग पांच लाख रुपए बंदर बांट किए जा चुके हैं। रोजगार सेवक,प्रधान सचिव तथा जेई योजना बनाकर जाबकार्ड धारकों को रोजगार देने के नाम पर मुर्ख बनाया जा रहा है और उनके हक पर डांका डालकर सरकारी धन को हड़पने के फिराक में हैं। प्रधान अपना माल समझ कर सरकारी धन लूटने में लगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्यान विभाग द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उद्यान विभाग द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर उद्यान लिपिक संघ के अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, महामंत्री राजेश सिंह, उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, संयुक्त मंत्री अतुल कपूर तथा कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव में सोमवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। डलमऊ क्षेत्र के पूरे तिलंगा मजरे जोहवा नटकी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रिया (23) का विवाह मार्च 2025 में खजूर गांव निवासी रामकृष्ण यादव के साथ किया था। उनका आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे। कई बार मारपीट कर उसे घर से भी निकाल दिया गया था। रमेश कुमार के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से स्थिति सामान्य थी। चार दिन पहले प्रिया अपने पति के साथ मायके भी आई थी। सोमवार शाम ससुराल पक्ष ने उन्हें प्रिया के फांसी लगाने की सूचना दी। पिता का आरोप है कि घटना की जानकारी काफी देर से दी गई। परिजन प्रिया को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### फर्जी अभिलेखों के आधार पर भूमि हड़पने का आरोप, न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के गंगासो गांव निवासी एक व्यक्ति ने फर्जी अभिलेख तैयार कर पुश्तैनी भूमि हड़पने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। मामले का संज्ञान लेते हुए न्यायालय के आदेश पर कोतवाली सरेनी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गेगासो निवासी देवेश पाण्डेय ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि उनके बाबा शिवलाल पाण्डेय की मृत्यु वर्ष 1966 में कानपुर में हुई थी, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष ने कथित रूप से कूटरचित पारिवारिक रजिस्टर और अन्य अभिलेख तैयार कर शिवलाल पाण्डेय की मृत्यु वर्ष 2012 दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम गंगासो में स्थित लगभग 0.587 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा करने और अभिलेखों में नाम दर्ज कराने के उद्देश्य से यह कथित कूटरचना की गई। आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि के अभिलेखों में हेरफेर का प्रयास किया गया, जबकि संबंधित व्यक्ति का गांव से कोई वास्तविक संबंध नहीं था। देवेश पाण्डेय का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत कई बार पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली सरेनी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम तनु पुत्री रंजीत निवासिनी-सी-437 दीन दयाल पुरम तकरोही इन्दिरानगर, लखनऊ की मार्कशीट कही खो गई है जिसका रोल नं0- 2235931193 विद्यालय व परीक्षा केन्द्र का नाम गर्वमेंट गर्ल्स इण्टर कालेज इन्दिरानगर, लखनऊ मे से वर्ष 2023 मे उत्तीर्ण किया था। मेरा अपने निवास स्थान से कालेज के लिये लेकर निकली थी द्य किन्तु रास्ते मे कही खो गई है। यह कि प्रार्थिनी की मार्कशीट जिस व्यक्ति को मिले कृपा कर मो0नं0-7388878830 पर कॉल कर सूचना देने की कृपा करे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला: अवैध हिरासत पर पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही

**● व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज—** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले में पुलिस की मनमानी पर सख्त टिप्पणी करते हुए अवैध हिरासत के लिए मुआवजे का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर इस फैसले को 'ऐतिहासिक' और पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापक दिशा-निर्देश के रूप में वायरल किया जा रहा है, जिसमें 25,000 प्रतिदिन मुआवजा, 8 दिन की हिरासत पर 2 लाख, और प्रयागराज पुलिस कमिश्नर को 14 सितंबर तक रिपोर्ट देने का जिक्र है। वास्तविक फैसला इनमें से कुछ बिंदुओं पर आधारित है, लेकिन यह एक विशिष्ट मामले (मतंबर मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य) पर केंद्रित है, जिसमें 24 घंटे की अवैध हिरासत के लिए 25,000 मुआवजा और 10,000 लागत का आदेश दिया गया।

**मामले की पृष्ठभूमि**

याचिकाकर्ता मतंबर मिश्रा 26 नवंबर 2022 को प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में अपने खेतों से लौटे थे। उनके भाई की बहू द्वारा घरेलू विवाद की शिकायत पर सब-इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश दुबे उनके घर पहुंचे। कोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारी ने उन्हें लुंगी-कुर्ते में घसीटकर बाहर निकाला, पुलिस चौकी और फिर थाने के लॉकअप में 24 घंटे तक अवैध रूप से बंद रखा। हिरासत के दौरान रिश्वत की मांग भी की गई। कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं था, और यह श्क्ष्ह्ह्द्द्य4 घरेलू मामला था। याचिकाकर्ता ने बाद में उच्च पदाधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच का अनुरोध किया गया था। हाईकोर्ट की टिप्पणियां और आदेश (जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच)

- **व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन:** कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का 'लापरवाही से' (recklessly) उल्लंघन किया। पुलिस को घरेलू विवाद में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं था, जब तक कोई संज्ञेय अपराध न हो।
- **पुलिस की मानसिकता:** कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की – 'पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, यह सोचकर कि उनके गलत कामों पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा।' ऐसे मामलों में बहुत कम लोग अदालत तक पहुंचते हैं।
- **मुआवजा:** उत्तर प्रदेश सरकार की 2021 की नीति का हवाला देते हुए कोर्ट ने राज्य को 25,000 अंतरिम मुआवजा और 10,000 मुकदमेबाजी खर्च (costs) 30 दिनों में देने का निर्देश दिया। राज्य को इस राशि की वसूली दोषी अधिकारी (सूर्य प्रकाश दुबे) की सैलरी से करने की छूट दी गई। शांति भंग (CrPC 107/116/151) के दुरुपयोग: कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ये प्रावधान सार्वजनिक शांति के लिए हैं, न कि निजी/घरेलू विवादों में मनमानी के लिए। पुलिस ने बाद में इन धाराओं का इस्तेमाल घटना को वैध ठहराने की कोशिश की, जिसे कोर्ट ने 'घबराहट भरी कार्रवाई' करार दिया। यह फैसला पूरे P में स्वतंत्रता के उल्लंघन पर सख्ती का संदेश देता है, हालांकि यह नया व्यापक दिशा-निर्देश नहीं है। 2021 की नीति और पुराने फैसलों (जैसे 2021 के शांति भंग मामलों) में भी 25,000 मुआवजे का प्रावधान था।

**ऐतिहासिक संदर्भ और प्रभाव**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पहले भी पुलिस की मनमानी पर सख्ती दिखाई है:

- शांति भंग के नाम पर फर्जी चालान और अवैध हिरासत के मामलों में मुआवजे के आदेश।
- लंबी अवैध हिरासत (जैसे 79 दिन) में 1 लाख या अधिक मुआवजे के उदाहरण।
- पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई और सैलरी से वसूली का प्रावधान।

**वायरल दावों की वास्तविकता**

- 25,000 प्रति दिन और 2 लाख (8 दिन) इस विशिष्ट आदेश में नहीं है, बल्कि 24 घंटे के मामले में लागू हुआ।
- प्रयागराज पुलिस कमिश्नर को 14 सितंबर तक रिपोर्ट – इस फैसले में सीधे उल्लेख नहीं मिला; यह अन्य समान मामलों या अनुपालन से जुड़ा हो सकता है।

**कानूनी विशेषज्ञों की राय**

यह फैसला पुलिस सुधार की दिशा में मजबूत कदम है। यह अधिकारियों में जवाबदेही बढ़ाएगा और नागरिकों को अवैध हिरासत के खिलाफ अदालत जाने का भरोसा देगा। हालांकि, प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। याचिकाकर्ता को सिविल मुकदमे में अधिक मुआवजे का अधिकार भी सुरक्षित रखा गया। हाई कोर्ट ने एक बार फिर दोहराया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता सर्वोपरि है और पुलिस कानून से ऊपर नहीं। यह फैसला उन हजारों मामलों के लिए मिसाल बन सकता है जहां शांति भंग या अन्य बहानों से निर्दोषों की स्वतंत्रता छीनी जाती है। पूरे उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन को अब सतर्क रहना होगा।पूर्ण फैसला (Matambar Mishra vs. State of U.P., 2026) सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होने पर और विस्तार से पढ़ा जा सकता है। यह नागरिक अधिकारों की रक्षा में न्यायपालिका की सक्रिय भूमिका का उदाहरण है।

## बड़े मंगलवार पर भक्ति में डूबा, ऐहार और बाल्हेमऊ में उमड़ा आस्था का सैलाब

**● जयकारों से गूँजा पूरा वातावरण, जमकर छका प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगलवार को क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। ऐहार गांव स्थित पुराने सरकारी अस्पताल के सामने बने हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर संकटमोचन हनुमान जी की आराधना की। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। संकट मोचन हनुमान कमेटी द्वारा वर्षों से चली आ रही इस परंपरा ने एक बार फिर सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया। मंदिर परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मयंक शुक्ला, विकास शुक्ला, सोनू शर्मा, रामजी, श्याम जी, नवलकिशोर, संजय निर्मल, शोभित,सुजीत निर्मल, राहुल, निर्मल, धरम गुप्ता, आलोक तिवारी, रजनीश पटवा, सहित समस्त कमेटी सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। वहीं बाल्हेमऊ नहर पुल पर भी श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां आयोजित विशाल भंडारे में राहगीरों, श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा भाव से ओतप्रोत युवाओं ने पूरे दिन प्रसाद वितरण कर मानव सेवा को ही सच्ची भक्ति का स्वरूप बताया। इस अवसर पर पुनीत सैनी, वीरेंद्र सैनी, बबलू साहू, डॉ. चांदसी, कमल मिस्त्री, रिंकू चौरसिया, गुगल सैनी, दुर्गेश कुमार, मनमोहन सविता, संजय सैनी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर आयोजित इन धार्मिक आयोजनों ने न केवल लोगों की आस्था को मजबूती दी, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सेवा भावना का भी संदेश दिया।

### आईसीएआई की राष्ट्रीय समिति में विशेष सदस्य बने सीए आर.सी. त्रिपाठी

**भदोही।** जनपद के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट आर.सी. त्रिपाठी को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई), नई दिल्ली की आंतरिक लेखा परीक्षण मानक बोर्ड में वर्ष 2026-27 के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। सीए त्रिपाठी ने बताया कि यह बोर्ड आंतरिक लेखा परीक्षण के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मानक एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का कार्य करता है। बोर्ड समय-समय पर मार्गदर्शिका एवं तकनीकी पुस्तिकाएं जारी कर पेशेवरों को व्यावहारिक सहायता प्रदान करता है। करीब चार दशक से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे से जुड़े सीए त्रिपाठी ने इस दायित्व के लिए आईसीएआई नेतृत्व का आभार जताते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने का विश्वास व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर भदोही एवं वाराणसी चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## संतराम बी0ए0 जन चेतना समिति द्वारा संतराम बी0ए0 का 38 वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 31 मई 2026 संतराम बी0ए0 जन चेतना समिति के तत्वाधान में आज हरिहर नगर के इंदिरा नगर में महान समाज सुधारक जाति -पाति तोड़क मंडल के संस्थापक एवं स्त्री शिक्षा के प्रबल समर्थक परम श्रद्धेय संतराम बी0ए0 का 38 वां परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा एवं संकल्प के साथ बनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सतीश चंद्र प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक समझदार पार्टी एवं अरविंद कुमार प्रजापति द्वारा अध्यक्षता संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ संतराम बी0ए0 जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने उद्बोधन में सतीश चंद्र प्रजापति जी ने संतराम बी0ए0जी को महान व्यक्तित्व के साथ एक महान विचारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जाति-पात के भेदभाव को मिटाने और महिलाओं की शिक्षा के प्रबल समर्थक। आज उनके विचार उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर एस.एन. कश्यप, सतीश कुमार कश्यप, राजीव रतन चन्द्र अति पिछड़ा महासभा समाज के सचिव, जयराम प्रजापति, अरविंद कुमार द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता, श्यामलाल महासचिव द्वारा मंच का संचालन सर्वश्री बलिराम प्रजापति, राम अचल प्रजापति, राम आधार प्रजापति, शांति स्वरूप वर्मा एवं अन्य स्थानीय नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने संतराम बी0ए0 के जीवन संघर्ष उनके सामाजिक योगदान एवं क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला और सदस्यों ने उनके आदर्श विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद कुमार प्रजापति अधीक्षण अभियंता सेवानिवृत्त द्वारा महान संत के विचारों एवं कृतियों पर प्रकाश डाला गया तथा उनको उनके विचारों को अपने जीवन में धारण करने और उन पर चलने का समाज के लोगों से विनम्र आग्रह किया।

### भंडारे का हुआ आयोजन



**बिसवां सीतापुर-** आज बिसवां तहसील की ग्राम पंचायत मुईजुद्दीनपुर के लालपुर कोठी निवासी श्रीराम यादव व उनके पुत्रों सुनील कुमार यादव सुशील कुमार यादव आशीष कुमार यादव व पौत्र निर्मल कुमार यादव के द्वारा श्री त्यागी जी महाराज को लालपुर कुटी में बुलाया महराज जी के द्वारा पवन पुत्र अन्जनी नन्दन महाबली हनुमान जी की पूजा करवायी और भंडारे का आयोजन किया त्यागी महाराज जी के दर्शन के लिए आस पास के दर्शनो गांवों के लोग की बारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी लोगों त्यागी महाराज जी के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे का प्रसाद पाकर बहुत खुश हुए इस अवसर पर समाज वादी पार्टी के प्रमोद वर्मा मास्टर जी चन्द्रभाल यादव श्रीराम यादव राम प्रताप यादव मनीष वर्माआदि भक्तो ने त्यागी महाराज जी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस भंडारे दर्जनों गांवों से लोग आकर प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एडीएम (नगर पूर्वी) द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के आवेदन पर विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल के प्रबंधन को विद्यालय का कब्जा दिलाने के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जून, 2026 एडीएम (नगर पूर्वी) द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के आवेदन पर विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल के प्रबंधन को विद्यालय का कब्जा दिलाने के आदेश। संयुक्त शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल, लखनऊ डा. प्रदीप कुमार से एडीएम (नगर पूर्वी) के विद्यालय प्रबंधन को कब्जा दिलाने के आदेश जारी किए जाने की सूचना मिलने पर जिला संगठन की ओर से प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. आर.पी. मिश्र, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चंद्र एवं प्राचार्य शिक्षक समन्वय समिति के संयोजक अनिल कुमार वर्मा तत्काल विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल, नरही पहुंचे। उसके पश्चात विद्यालय प्रबंधिका संतोष रस्तोगी एसीपी आदि पुलिस अधिकारियों को सूचना देने के पश्चात विद्यालय पहुंची।कुछ समय पश्चात हजरतगंज थाने की पुलिस आई और जब उनसे ताला खुलवाने का अनुरोध किया गया तो उन्होंने प्रबंधिका से कहा कि पहले फोर्स के लिए नियमानुसार निर्धारित शुल्क जमा करिए और उसके बाद जब आदेश होगा तब ताला खुल जाएगा। ताला खुलवाने के लिए काफी जद्दोजहद हुई। प्रबंधिका संतोष रस्तोगी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता हुई है उन्होंने कहा है पैसा जमा करा दीजिए। इस पर प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आर.पी. मिश्र ने प्रबंधिका संतोष रस्तोगी एवं पुलिस वालों से कहा कि जब लखनऊ इंटर कॉलेज का ताला खुलवाने के लिए एसीएम के आदेश हो गए थे तो किसी प्रकार के पैसे जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी थी तथा विद्यालय का ताला पुलिस ने ही खुलवाया था। फिर भी प्रबंधिका संतोष रस्तोगी जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलने उनके कार्यालय चली गई। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आर.पी. मिश्र ने अत्यंत पीड़ा से कहा कि संपूर्ण प्रकरण में विद्यालय प्रशासन की लापरवाही भी रही है क्योंकि जब विद्यालय खाली कराने के एडीएम के आदेश हो गए थे और विद्यालय प्रबंधन का रिकाल आदेश रिजेक्ट हो गया था तो विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रभावी कार्यवाही अत्यंत खेद जनक है। डॉ. मिश्र ने कहा कि संपूर्ण प्रकरण में इसमें जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की कुत्सित मंसा परिलक्षित होतीहै। संज्ञान में आया है कि एडीएम नगर पूर्वी द्वारा जो आदेश जारी किया गया था उस आदेश की प्रति की प्रति पहले विपक्षी पार्टी को दे दी गई और उसके पश्चात विद्यालय प्रबंधिका को आवेदन करने पर मिली। इसी के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा यह कहा जाना कि पहले निर्धारित शुल्क जमा कराकर आदेश लेने के बाद विद्यालय खुलवाने की बात कहा जाना विपक्षी पार्टी को उच्च न्यायालय में जाने के लिए समय देना ही दर्शाता है। डॉ. मिश्र ने कहा कि एडीएम (नगर पूर्वी) का निर्णय भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि विद्यालय की संपत्ति जो माध्यमिक शिक्षा परिषद में बंधक है और इस आधार पर मान्यता मिली है वहां 243 लड़कियां पढ़ रही है तथा शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय संचालित किया जाता है तथा उसका नियंत्रण भी है। बिना सोचे समझे एडीएम द्वारा विद्यालय खाली कराए जाने का आदेश दिया आदेश दिया जाना भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पक्का पुल से सीतापुर रोड तक 15 मीटर चौड़ी होगी बंधा रोड

**● एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दिसम्बर, 2026 तक कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**3.37 किलोमीटर लंबी बंधा रोड चौड़ी होने से 10 लाख की आबादी को मिलेगा फायदा**

**अलीगंज स्टेडियम में स्वीमिंग पूल-बैडमिंटन कोर्ट, जानकीपुरम में कम्यूनिटी सेंटर बनेगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पक्का पुल से सीतापुर रोड तक 3.37 किलोमीटर लंबी बंधा रोड 15 मीटर तक चौड़ी होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 38 करोड़ रूपये की लागत से स्थल पर कार्य शुरू करा दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को परियोजना का निरीक्षण करके इस वर्ष के अंत तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि पक्का पुल से प्रियदर्शिनी योजना होते हुए सीतापुर रोड से कनेक्ट होने वाली यह बंधा रोड वर्तमान में 05 मीटर चौड़ी है। इस रोड पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। यहां आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जोकि पीक आवर्स में बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए बंधा रोड को 15 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। जिसके लिए मौके पर मिट्टी भरायी का कार्य शुरू करा दिया गया। दिसम्बर, 2026 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा और सड़क पर वाहन फर्राटा भरेंगे। बंधा रोड का चौड़ीकरण होने से खदरा, मदेयगंज, फैजुल्लागंज, प्रियदर्शिनी योजना समेत आसपास की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी माधवेश कुमार एवं वंदना पाण्डेय, नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

**अलीगंज स्टेडियम में बनेगा स्वीमिंग पूल**

अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम में स्वीमिंग पूल, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट व नया बास्केटबॉल कोर्ट बनेगा। इससे लोगों को नयी और बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त होंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्टेडियम का निरीक्षण करके इस सम्बंध में निर्देश दिये हैं। स्टेडियम में पहले से निर्मित जिम अभी निष्प्रयोज्य है। उपाध्यक्ष ने जिम में सुविधाओं को उच्चीकृत करके इसे शीघ्र संचालित करने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों को समय से पूरा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

**जानकीपुरम में कम्यूनिटी सेंटर बनेगा**

जानकीपुरम में कुर्सी रोड पर सरगम अपार्टमेंट के पास रिक्त पड़ी लगभग 14,800 वर्गमीटर भूमि पर कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण व हॉर्टीकल्चर के कार्य कराये जाएंगे। उपाध्यक्ष ने स्थल निरीक्षण करके इस बाबत निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने जानकीपुरम में मौर्या विहार से जानकी विहार कालोनी के मध्य 1600 मीटर लंबे आरसीसी नाले के निर्माण कार्य की प्रगति भी देखी। 03 करोड़ रूपये की लागत से नाले का निर्माण होने से 02 लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगा।

## डीएम ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**● 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह**

**21 जून को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होगा मुख्य आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 पूनम यादव ने अवगत कराया कि जनपद में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को प्रातः 06:00 बजे गुरु गोविंद सिंह उद्यान में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग सप्ताह के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें रंगोली, स्लोगन, भाषण, ड्राइंग, निबंध लेखन एवं योगासन प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। डॉ0 पूनम यादव ने यह भी बताया कि 21 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः 06:00 बजे से सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही, प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को योग शिविर में पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों, विकास खंडों एवं तहसील स्तर पर भी योग शिविर आयोजित कर व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि योग दिवस के अवसर पर 18003157008 नंबर पर मिस्ड कॉल करने पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक प्राप्त होगा, जिसमें योग से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योग दिवस एवं योग सप्ताह के कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, व्यापक एवं सफल बनाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक जनसामान्य की सहभागिता हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बिसवां में बड़े मंगल पर लगा विशाल भंडारा, हजारों भक्तों ने पाया प्रसाद



**बिसवां सीतापुर-** ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के पावन मौके पर बिसवां में भक्ति का माहौल देखने को मिला। महमूदाबाद रोड स्थित तिवारी ट्रेडर्स के पास पंडित विशाल तिवारी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही भंडारे में प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पंडित विशाल तिवारी ने सबसे पहले हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, बूंदी और शरबत का प्रसाद बांटा गया। गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग भंडारे में पहुंचे। बच्चे, बूढ़े और महिलाओं ने कतार में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों को भी रोक-रोककर प्रसाद दिया गया। आयोजक पंडित विशाल तिवारी ने बताया कि बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हर साल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी हजारों लोगों ने प्रसाद पाया। भंडारे को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और युवाओं ने पूरा सहयोग दिया। देर शाम तक भंडारा चलता रहा। पूरे इलाके में जय बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे।

## पुलिस को सौंपी जायेगी फर्जी डार्क रूम सहायकों की जांच, डीजी स्वास्थ्य ने 16 जिलों से मांगी सेवा पंजिका

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग में डार्क रूम सहायक के पद पर 21 व्यक्तियों के फर्जी दस्तावेजों के बल पर नौकरी करने की जांच पुलिस को सौंपने की तैयारी है। स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) ने उन 16 जिलों के सीएमओ से डार्क रूम सहायकों की सेवा पंजिका तलब की है, जिनके यहां फर्जी दस्तावेजों के बल पर नौकरी करने की शिकायतें हैं। दूसरी ओर फर्जी ढंग से नौकरी कर रहे 21 सहायक अस्पतालों से लापता हैं। अधीनस्थ चयन सेवा आयोग ने 2016 में डार्क रूम सहायक के 355 पदों पर भर्ती की थी। इनमें से 337 लोगों ने ही सेवा में आये। इस कुछ अरसे बाद चयनित व्यक्तियों के नाम, पता के फर्जी दस्तावेज तैयार करके 21 लोगों ने डार्क रूम सहायक की सेवा शुरू करनी शुरू कर दी थी। मानव संपदा पोर्टल से गड़बड़ी पकड़ी गयी, जिसमें खुलासा हुआ कि सुधीर कुमार नाम के छह व्यक्ति नौकरी कर रहे हैं, इनमें एक सही पांच फर्जी हैं। अंशुल कुमार नाम के तीन लोग नौकरी में थे, इनमें एक सही दो फर्जी थे। एक महिला फर्जी नाम से नौकरी कर रही थी। ऐसे 21 लोगों के नाम सामने आये। गत माह हुये इस खुलासे पर स्वास्थ्य विभाग ने आंतरिक जांच करायी, मगर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा।

## यूपी में छात्राओं को मुफ्त में मिलेगी स्कूटी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को मुफ्त इलेक्ट्रिक स्कूटी देने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रविधान भी किया है। उच्च शिक्षा विभाग इस योजना को लेकर अब तक दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुतीकरण दे चुका है। पिछले माह भी प्रस्तुतीकरण हुआ था और मंगलवार को एक बार फिर योजना का खाका मुख्यमंत्री के सामने रखा गया। हालांकि अभी इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार योजना के पहले चरण में प्रदेश की 50 हजार से अधिक छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी का लाभ मिल सकता है। योजना का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, उनकी आवाजाही आसान बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कुछ और आंकड़ों और जानकारियों के साथ दोबारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके बाद योजना के स्वरूप, पात्रता और लाभार्थियों की संख्या पर अंतिम निर्णय होगा।

# परमाणु हथियारों की दौड़ में भारत और पाकिस्तान

स्टॉकहोम स्थित अंतरराष्ट्रीय शोध संस्था सिपरी की वर्ष 2026 की रिपोर्ट ने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 तक भारत के पास लगभग 190 परमाणु वॉरहेड्स हैं, जबकि पाकिस्तान के पास यह संख्या लगभग 170 बताई गई है। इस प्रकार भारत अब पाकिस्तान से लगभग 20 परमाणु हथियार आगे निकल चुका है। यह केवल आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि यह दक्षिण एशिया की सुरक्षा नीति, सैन्य संतुलन और भविष्य की रणनीतिक दिशा को भी दर्शाता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी परमाणु नीति को केवल प्रतिरोध क्षमता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आधुनिक तकनीक और दीर्घकालिक सुरक्षा रणनीति से भी जोड़ा है। भारत लगातार अपनी मिसाइल प्रणाली, समुद्री सुरक्षा और लंबी दूरी तक मार करने वाली तकनीकों को मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत अब केवल परमाणु हथियारों की संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि उनकी गुणवत्ता और त्वरित उपयोग क्षमता पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। यही कारण है कि भारत को अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं बल्कि वैश्विक रणनीतिक शक्ति के रूप में देखा जाने लगा है।

भारत की परमाणु नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संतुलित और नियंत्रित रणनीति मानी जाती है। भारत ने लंबे समय से 'पहले प्रयोग नहीं' की नीति अपनाई हुई है। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर परमाणु हमला होता है तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा। इस नीति ने भारत को एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति की छवि प्रदान की है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने ऐसी कोई स्पष्ट नीति घोषित नहीं की है। पाकिस्तान की रणनीति मुख्य रूप से सामरिक परमाणु हथियारों और त्वरित प्रतिक्रिया पर आधारित रही है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की परमाणु नीति को अपेक्षाकृत अधिक स्थिर और जिम्मेदार माना जाता है।

सिपरी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत अब अपनी परमाणु क्षमता को तीनों आयामों में मजबूत कर चुका है। इसे परमाणु त्रिस्तरीय क्षमता कहा जाता है। इसका अर्थ है कि भारत भूमि, आकाश और समुद्र तीनों माध्यमों से परमाणु हमला करने की क्षमता रखता है। भारत के पास अग्नि श्रृंखला की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, वायुसेना के लड़ाकू विमान हैं और साथ ही परमाणु क्षमता से लैस पनडुब्बियां भी हैं। इस त्रिस्तरीय क्षमता से भारत की प्रतिरोध शक्ति कई गुना बढ़ जाती है क्योंकि किसी भी दुश्मन के लिए उसकी पूरी परमाणु क्षमता को एक साथ निष्क्रिय करना लगभग असंभव हो जाता है।

भारत ने हाल के वर्षों में अग्नि 5 जैसी लंबी दूरी की मिसाइलों पर विशेष ध्यान दिया है। इन मिसाइलों की क्षमता हजारों किलोमीटर दूर तक लक्ष्य को भेदने की है। इसके अलावा भारत ने बहु लक्ष्य प्रहार तकनीक पर भी कार्य किया है, जिसमें एक ही मिसाइल कई लक्ष्यों को एक साथ निशाना बना सकती है। इसे आधुनिक परमाणु युद्ध रणनीति में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार भारत कैनिस्टर आधारित मिसाइल प्रणाली और समुद्र आधारित प्रतिरोध क्षमता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। इससे हथियारों की सुरक्षा और त्वरित तैनाती दोनों संभव हो जाती हैं। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया है कि भारत अब कुछ परमाणु वॉरहेड्स को तैनात स्थिति में रखने लगा है। अनुमान है कि लगभग 12 वॉरहेड्स ऐसी स्थिति में हैं जिन्हें कम समय में उपयोग किया जा सकता है। पहले भारत आमतौर पर वॉरहेड्स और मिसाइलों को अलग रखता था, ताकि आकस्मिक संघर्ष की संभावना कम रहे। लेकिन बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों ने भारत को अपनी रणनीति में कुछ परिवर्तन करने के लिए प्रेरित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव मुख्य रूप से चीन और पाकिस्तान



दोनों की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के कारण हुआ है।

पाकिस्तान की स्थिति भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। भले ही उसके पास भारत से कम परमाणु हथियार हैं, लेकिन वह लगातार विखंडनीय सामग्री जमा कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि यही गति जारी रही तो अगले दशक में पाकिस्तान अपने परमाणु भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। पाकिस्तान लंबे समय से छोटी दूरी के सामरिक परमाणु हथियारों के विकास पर जोर देता रहा है। उसका उद्देश्य भारत की पारंपरिक सैन्य श्रेष्ठता का मुकाबला करना है। पाकिस्तान की सैन्य नीति में परमाणु हथियार केवल अंतिम विकल्प नहीं बल्कि सामरिक संतुलन का साधन भी माने जाते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिस्पर्धा नई नहीं है। वर्ष 1998 में दोनों देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे, जिसके बाद दक्षिण एशिया औपचारिक रूप से परमाणु शक्ति संपन्न क्षेत्र बन गया। तब से दोनों देशों ने अपनी क्षमता में लगातार विस्तार किया है। हालांकि अंतर यह है कि भारत ने अपनी परमाणु नीति को वैश्विक रणनीतिक शक्ति बनने की दिशा में विकसित किया, जबकि पाकिस्तान की नीति मुख्य रूप से भारत केंद्रित रही। यही कारण है कि भारत अब केवल पाकिस्तान को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि चीन जैसी बड़ी शक्तियों को भी ध्यान में रखकर अपनी रणनीति बना रहा है।

चीन का बढ़ता परमाणु भंडार भी भारत की रणनीति को प्रभावित कर रहा है। सिपरी ने कहा है कि चीन दुनिया में सबसे तेजी से अपने परमाणु हथियार बढ़ाने वाले देशों में शामिल है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी सक्रियता ने भारत को अपनी सुरक्षा नीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है। यही कारण है कि भारत केवल संख्या बढ़ाने पर नहीं बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता पर भी ध्यान दे रहा है। भारत की नई मिसाइल प्रणाली, आधुनिक पनडुब्बियां और अंतरिक्ष आधारित निगरानी क्षमता इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। वैश्विक स्तर पर भी परमाणु हथियारों को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में परमाणु हथियारों को कम करने के प्रयास कमजोर पड़ रहे हैं। अमेरिका, रूस, चीन, भारत और पाकिस्तान सहित कई देश अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु हथियार अब केवल प्रतिरोध का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय शक्ति और राजनीतिक प्रभाव के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। यह स्थिति दुनिया को एक नए परमाणु युग की ओर ले जा सकती है।


विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु हथियारों की बढ़ती संख्या केवल सैन्य शक्ति का संकेत नहीं बल्कि वैश्विक असुरक्षा का भी प्रतीक है। जब देश अपनी सुरक्षा के लिए अधिकाधिक परमाणु हथियारों पर निर्भर होने लगते हैं तो युद्ध का खतरा और भी गंभीर हो जाता है। किसी भी छोटी गलती, तकनीकी खराबी या राजनीतिक तनाव का परिणाम विनाशकारी हो सकता है।

दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र में जहां पहले भी कई बार तनाव और सैन्य संघर्ष हो चुके हैं, वहां परमाणु प्रतिस्पर्धा विशेष चिंता का विषय बन जाती है।

भारत के लिए चुनौती केवल हथियार बढ़ाने की नहीं बल्कि संतुलन बनाए रखने की भी है। भारत को एक ओर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी है तो दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिम्मेदार शक्ति की छवि भी बनाए रखनी है। यही कारण है कि भारत लगातार परमाणु निरस्त्रीकरण की वकालत भी करता रहा है। भारत ने हमेशा यह कहा है कि दुनिया को अंततः परमाणु हथियारों से मुक्त होना चाहिए, लेकिन जब तक अन्य देशों के पास ये हथियार हैं तब तक अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। भारत की परमाणु क्षमता में वृद्धि को केवल सैन्य उपलब्धि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह भारत की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक सोच का भी परिणाम है। रक्षा अनुसंधान, अंतरिक्ष तकनीक, मिसाइल विकास और नौसैनिक क्षमता में भारत ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यही कारण है कि आज भारत को विश्व की प्रमुख सैन्य शक्तियों में गिना जाता है। सिपरी की 2026 रिपोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दक्षिण एशिया का सामरिक संतुलन तेजी से बदल रहा है। भारत अब पाकिस्तान से आगे निकल चुका है और अपनी दीर्घकालिक रणनीतिक क्षमता को मजबूत कर रहा है। हालांकि यह बढ़त केवल संख्या की नहीं बल्कि तकनीकी, संरचनात्मक और रणनीतिक भी है। आने वाले वर्षों में यह प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है, विशेषकर तब जब चीन, पाकिस्तान और अन्य वैश्विक शक्तियां अपने परमाणु कार्यक्रमों का विस्तार जारी रखें। ऐसे समय में दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि सुरक्षा और शक्ति की इस दौड़ को विनाशकारी संघर्ष में बदलने से कैसे रोका जाए।

**महेन्द्र तिवारी**

# एक राष्ट्र, एक चुनावः लोकतंत्र की नई दिशा या संघीय ढांचे पर खतरा?



**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया न केवल महंगी है बल्कि शासन को भी बार-बार बाधित करती है। एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रस्ताव इसी समस्या का समाधान प्रस्तुत करता है, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं, और उसके 100 दिनों के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव भी। यह विचार नया नहीं है। 1951-52 से 1967 तक भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। 1967 के बाद कुछ राज्यों में विधानसभाओं के समयपूर्व विघटन से यह व्यवस्था बिगड़ गई।

रामनाथ कोविंद समिति (2024) और संसदीय संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट्स इस प्रस्ताव के मजबूत समर्थन में हैं। जेपीसी के अनुसार, एक साथ चुनावों से लगभग 7 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है, शासन की दक्षता बढ़ेगी और भारत की जीडीपी वृद्धि में 1.6 प्रतिशत तक का इजाफा संभव है।

**लाभ स्पष्ट हैं:**

**लागत बचतः** अलग-अलग चुनावों में सुरक्षा बलों, कर्मचारियों और संसाधनों का बार-बार उपयोग नहीं होगा।

**नीति स्थिरताः** आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के बार-बार लागू होने से विकास कार्य रुकते हैं। एक साथ चुनाव इससे मुक्ति दिला सकते हैं।

मतदाता थकान कमः बार-बार मतदान से voter turnout बढ़ सकता है और प्रशासन विकास पर फोकस कर सकेगा।

राष्ट्रीय एकताः यह राष्ट्र को एकजुट करने का प्रतीक भी बन सकता है।

चुनौतियां भी कम नहीं। विपक्षी दल इसे संघीय ढांचे पर हमला मानते हैं। उनका तर्क है कि राष्ट्रीय मुद्दे राज्य के स्थानीय मुद्दों को दबा देंगे, जिससे क्षेत्रीय पार्टियां कमजोर होंगी। यदि कोई सरकार गिरती है तो पूरे चक्र प्रभावित होगा, जिसके लिए संवैधानिक संशोधन (जैसे अनुच्छेद 83, 172) जरूरी हैं। कुछ का कहना है कि यह 'एक राष्ट्र, एक संस्कृति' की सोच का विस्तार है, जो भारत की विविधता को नुकसान पहुंचा सकता है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव निस्संदेह लोकतंत्र को अधिक कुशल बना सकता है, लेकिन इसके लिए व्यापक सहमति और सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन आवश्यक है। संविधान की मूल भावना–संघवाद और विविधता–को बनाए रखते हुए यदि इसे लागू किया जाए, तो यह भारत के शासन को मजबूत कर सकता है। समय आ गया है कि राजनीतिक दल राष्ट्रीय हित को व्यक्तिगत या क्षेत्रीय लाभ से ऊपर रखें। यह सुधार अगर सफल हुआ, तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है।

# नई पीढ़ी की आकांक्षाओं के अनुरूप कानून और नीतियां ही विकसित भारत की आधारशिला

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा युवाओं का है। यही युवा देश की ऊर्जा हैं, यही उसकी रचनात्मक शक्ति हैं और यही आने वाले भारत की दिशा तय करने वाले नागरिक भी हैं। इसलिए जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला यह कहते हैं कि कानून, नीतियां और योजनाएं नई पीढ़ी की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए, तो यह केवल एक राजनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि वर्तमान भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता का प्रतिबिंब है। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं की सोच, क्षमता और अवसरों पर निर्भर करता है। यदि युवा सशक्त होंगे तो देश सशक्त होगा, यदि युवा आत्मविश्वासी होंगे तो राष्ट्र आत्मनिर्भर बनेगा और यदि युवाओं को सही दिशा मिलेगी तो विकसित भारत का लक्ष्य समय से पहले भी प्राप्त किया जा सकता है।

आज का युवा पहले की पीढ़ियों से अलग है। वह तकनीक से जुड़ा हुआ है, वैश्विक घटनाओं से परिचित है और अपने अधिकारों तथा अवसरों के प्रति सजग है। वह केवल रोजगार नहीं चाहता बल्कि सम्मानजनक रोजगार चाहता है। वह केवल शिक्षा नहीं चाहता बल्कि ऐसी शिक्षा चाहता है जो उसे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करे। वह केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी नहीं बनना चाहता बल्कि विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनना चाहता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि देश के कानून और नीतियां उसकी बदलती जरूरतों के अनुरूप हों। वर्तमान समय में विज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। रोजगार के पारंपरिक स्वरूप बदल रहे हैं और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था को भी उसी गति से बदलना होगा। यदि कानून और नीतियां युवाओं को आधुनिक कौशल, डिजिटल साक्षरता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने वाली होंगी तो वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत का नेतृत्व कर सकेंगे। नई पीढ़ी के लिए बनाई जाने वाली नीतियों में केवल डिग्री प्राप्त करने पर नहीं बल्कि कौशल विकास, उद्यमिता और अनुसंधान पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

युवा केवल आर्थिक विकास के वाहक नहीं हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के भी सबसे प्रभावी माध्यम हैं। इतिहास गवाह है कि जब भी समाज में बड़े परिवर्तन हुए हैं, उनमें युवाओं की भूमिका निर्णायक रही है। आज भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, डिजिटल जागरूकता, लैंगिक समानता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर युवा सबसे अधिक सक्रिय दिखाई देते हैं। इसलिए ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित करें और उन्हें सकारात्मक परिवर्तन का नेतृत्व करने का अवसर दें। नई पीढ़ी की एक बड़ी विशेषता यह है कि वह पारदर्शिता और जवाबदेही को महत्व देती है। युवा चाहते हैं कि शासन व्यवस्था सरल, पारदर्शी और प्रभावी हो। वे चाहते हैं कि सरकारी सेवाएं डिजिटल माध्यम से आसानी से उपलब्ध हों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी आवाज भी सुनी जाए। इसलिए लोकतांत्रिक संस्थाओं और विधायिकाओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे ऐसे कानून बनाएं जो नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास को मजबूत करें। जब युवा यह महसूस करेंगे कि उनकी भागीदारी को महत्व दिया जा रहा है, तब लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा।

भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का है। यह लक्ष्य केवल आर्थिक आंकड़ों से प्राप्त नहीं होगा बल्कि इसके लिए मानव संसाधन के विकास पर भी समान ध्यान देना होगा। देश के करोड़ों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार के अवसर और सुरक्षित सामाजिक वातावरण उपलब्ध कराना होगा। यदि युवा अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर पाएंगे तो भारत की विकास यात्रा और अधिक तेज हो जाएगी। इसलिए युवाओं से जुड़े मुद्दों को नीति निर्माण के केंद्र में रखना समय की मांग है। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं की आवश्यकताओं में भी बदलाव आया है। ग्रामीण युवा आधुनिक शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता के अवसर चाहते हैं, जबकि शहरी युवा वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होना चाहते हैं। दोनों वर्गों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित और समावेशी नीतियों की आवश्यकता है। विकास तभी सार्थक माना जाएगा जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर युवा को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। युवाओं के सामने मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल दबाव और सामाजिक प्रतिस्पर्धा जैसी नई चुनौतियां भी उभर रही हैं। तेज़ी से बदलती जीवनशैली और बढ़ती अपेक्षाओं के कारण कई युवा तनाव का सामना करते हैं। इसलिए नीतियों में मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए। एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी युवा ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकता है। केवल आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसा वातावरण बनाना भी आवश्यक है जिसमें युवा सुरक्षित, सम्मानित और प्रेरित महसूस करें।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवाशक्ति है। दुनिया की अनेक विकसित अर्थव्यवस्थाएं वृद्ध होती आबादी की चुनौती का सामना कर रही हैं, जबकि भारत के पास युवा जनसंख्या का विशाल आधार है। यह अवसर तभी लाभदायक सिद्ध होगा जब युवाओं को सही दिशा, उचित संसाधन और पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएं। कानूनों और नीतियों का उद्देश्य केवल प्रशासनिक व्यवस्था चलाना नहीं होना चाहिए बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम भी होना चाहिए। विकसित भारत का सपना सरकार या किसी एक संस्था का अकेला लक्ष्य नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का सामूहिक संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि वे वर्तमान के सहभागी और भविष्य के निर्माता दोनों हैं। जब नीतियां उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप बनेंगी, जब कानून उनकी संभावनाओं को विस्तार देंगे और जब समाज उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करेगा, तब भारत की प्रगति को नई गति मिलेगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर नीति, हर योजना और हर कानून के केंद्र में युवा हों। उनकी शिक्षा, रोजगार, नवाचार, सामाजिक भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखकर निर्णय लिए जाएं। क्योंकि युवा केवल देश की धड़कन नहीं हैं, वे विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यदि उनकी ऊर्जा को सही दिशा मिल जाए तो वर्ष 2047 का लक्ष्य केवल एक सपना नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐसी वास्तविकता बनेगा जिस पर पूरे राष्ट्र को गर्व होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# संत रैदास और तथाकथित ब्राह्मणवाद

**- डॉ. ज्ञानवती दीक्षित**



जब भी किसी संत-कवि की चर्चा होती है, ब्राह्मणों की आलोचना लगभग अनिवार्य हो गई है। एक खलनायक खड़ा कर दिया गया है, जो हर कथा में बुराई का प्रतीक बन जाता है।

मैंने इस लेख में जाति-विरोध नहीं, बल्कि ब्राह्मणों के विरुद्ध फैलाई जा रही नकारात्मकता और ऐतिहासिक मिथ्या प्रचार पर विचार किया है। क्या आधुनिक भारत में ब्राह्मणों की दुर्दशा न्यायसंगत है?

आधुनिक इतिहासकार और बुद्धिजीवी ब्राह्मणों को शोषक, अंधविश्वासी और वर्ण-व्यवस्था का जनक बताते हैं। वे दावा करते हैं कि ब्राह्मणों ने अन्य जातियों को शिक्षा से वंचित रखा और ग्रंथों की रचना केवल अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए की। ये तर्क पूर्णतः खोखले हैं। इनके पीछे कोई ठोस ऐतिहासिक प्रमाण नहीं, केवल दो शताब्दियों का निरंतर प्रचार है।

ब्राह्मण सदा निर्धन रहे। उनका मुख्य कर्म पुजारी, पुरोहित या गुरु का था, जो भिक्षा पर निर्भर था। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को अखंड भारत बनाने में मदद की, पर राज-सुख त्याग दिया। सुदामा निर्धन ब्राह्मण थे। श्रीकृष्ण यादव थे, राम क्षत्रिय, व्यास मछुआरिन के पुत्र। वाल्मीकि, कबीर, रैदास, तिरुवल्लुवर जैसे असंख्य गैर-ब्राह्मण संतों ने उच्चतम साहित्य रचा। ब्राह्मणों ने कभी विद्या पर एकाधिकार नहीं रखा।

ब्राह्मण अहिंसा के प्रतीक रहे। औरंगजेब ने बनारस-हरिद्वार में डेढ़ लाख ब्राह्मणों की हत्या करवाई, उनके जनेऊ से आग सेंकी। पुर्तगालियों ने गोवा में लाखों कोंकणी ब्राह्मणों को क्रॉस पर चढ़ाया। टीपू सुल्तान ने मेलकोट में 800 ब्राह्मणों की हत्या की। कश्मीर में पाँच लाख पंडितों को निकाला गया, हजारों मारे गए। ब्राह्मणों ने कभी प्रतिहिंसा नहीं की। फिर भी आज उन्हें शोषक बताया जाता है, जबकि आक्रमणकारियों को 'भाई' या 'वीर' का दर्जा मिलता है।

आज 60% ब्राह्मण गरीबी रेखा से नीचे हैं। कर्नाटक के सरकारी आंकड़ों में ब्राह्मण सबसे कम आय वाले समूह में हैं। प्रतिभाशाली ब्राह्मण युवा विदेश पलायन कर रहे हैं। फिर भी 'ब्राह्मणवाद' का शोर जारी है।

संत रैदास (लगभग 1388-1527 ई.) चर्मकार परिवार में जन्मे, पर उनके गुरु ब्राह्मण थे और शिष्या राजमहिषी मीरा थीं। वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। उन्होंने जाति-पांति का खंडन किया, मंदिर-मस्जिद दोनों से परे ईश्वर की खोज पर जोर दिया।

> 'रैदास न पूजइ देहरा, अरु न मसजिद जाय।
> जंह-जंह ईस का बास है, तंह-तंह सीस नवाय॥ '

उनके 40 पद गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। रैदास ब्राह्मण-विरोधी नहीं, बल्कि जाति-मुक्त आध्यात्मिक समानता के प्रतीक थे। ब्राह्मण समाज के लिए खतरा नहीं हैं। वे ज्ञान, अहिंसा और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की परंपरा के वाहक रहे। उनकी दुर्दशा का कारण उनकी अहिंसा और एकता की कमी है। नई पीढ़ी को अपनी विरासत समझनी चाहिए, सड़कछाप नेताओं के प्रचार में न आना चाहिए। ब्राह्मणों पर लगातार कीचड़ उछालना न केवल अन्याय है, बल्कि भारतीय संस्कृति की जड़ों पर प्रहार है। सत्य को पहचानने का समय आ गया है।

## दैनिक राशिफल




**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ** धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** करियर में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। यात्रा के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापारियों को लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से संपर्क लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ है।

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**वृश्चिक** कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**धनु** नई संभावनाएं सामने आएंगी। नौकरी और व्यवसाय में उन्नति के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

**मकर** मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** आज का दिन सकारात्मक रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के योग हैं। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

# सिस्टम की आग में जलते मजदूर, प्रगति का स्वांग कब तक?

**[क्या महाशक्ति की राह श्रमिकों की चिताओं से होकर जाएगी?]**

**[आठ मौतों से बड़ा सवालः आखिर एक मजदूर की कीमत कितनी है?]**

जब रोज़ी-रोटी कमाने निकले हाथ आग की लपटों में खो जाएं, तब हादसे सिर्फ दुर्घटनाएं नहीं, व्यवस्था की नाकामी का आईना बन जाते हैं। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में 8 जून 2026 की वह शाम भी ऐसा ही दर्दनाक सच बनकर उभरी। स्टील मेल्टिंग शॉप-1 में लेडल फटने के बाद 1600 डिग्री तापमान की पिघली धातु मजदूरों पर बरसी तो केवल आठ श्रमिकों की जान नहीं गई, बल्कि सुरक्षित और मानवीय औद्योगिक विकास का दावा भी सवालों के घेरे में आ गया। आग ने उनके शरीर झुलसाए, लेकिन उससे कहीं गहरा घाव हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता पर लगा। विकास की चकाचौंध के पीछे छिपा यह अंधेरा पूछ रहा है–क्या इस देश में एक मजदूर की कीमत अब लोहे से भी कम रह गई है? हर बड़ी त्रासदी से पहले लापरवाही की कई अनदेखी परतें होती हैं। यह हादसा भी अचानक नहीं हुआ। जर्जर मशीनें, सुरक्षा में चूक, अधूरा रखरखाव, कमजोर प्रशिक्षण और ठेका श्रमिकों के प्रति उपेक्षा ने मिलकर वह हालात बनाए, जिनमें आठ जिंदगियां बुझ गईं। विडंबना यह है कि खतरे के संकेत पहले ही मिल चुके थे। कुछ सप्ताह पूर्व इसी संयंत्र में कार्बन मोनोऑक्साइड रिसाव से चार श्रमिक अस्पताल पहुंचे थे। चेतावनी साफ थी, लेकिन व्यवस्था ने उसे नजरअंदाज कर दिया। सच यह है कि हादसे विस्फोट के दिन नहीं होते; वे उसी दिन शुरू हो जाते हैं, जब चेतावनियों को फाइलों में दफना दिया जाता है।

यह सिर्फ विजाग (विशाखापत्तनम) स्टील प्लांट का हादसा नहीं, बल्कि देश की औद्योगिक व्यवस्था का कड़वा सच है। मैन्युफैक्चरिंग, खनन और इस्पात क्षेत्रों में हर वर्ष सैकड़ों श्रमिक मौत के मुंह में समा जाते हैं। जो आंकड़े दिखते हैं, वे अधूरी तस्वीर हैं; असंगठित क्षेत्र में तो कई मौतें रिकॉर्ड तक नहीं बन पातीं। ठेकेदारी व्यवस्था ने श्रमिक को अधिकारों वाले इंसान से ज्यादा एक इस्तेमाल की वस्तु बना दिया है। न पर्याप्त सुरक्षा, न समुचित प्रशिक्षण, न संकट से बचाव की ठोस व्यवस्था। जब एक प्रतिष्ठित सार्वजनिक संयंत्र में सुरक्षा का यह हाल है, तो उन निजी इकाइयों की स्थिति का अनुमान सहज लगाया जा सकता है, जहां मुनाफा अक्सर इंसानी जिंदगी पर भारी पड़ जाता है। इस त्रासदी का सबसे असहज सवाल जवाबदेही का है। हमारे यहां हर बड़े हादसे के बाद वही घिसा-पिटा क्रम दोहराया जाता है–शोक, मुआवजा, जांच समिति और कुछ दिनों तक मीडिया की हलचल। फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। पर क्या कभी सचमुच जिम्मेदारों की पहचान होती है? क्या दोष केवल मशीन का था या महज तकनीकी विफलता का? बिल्कुल नहीं। इस हादसे की जिम्मेदारी प्रबंधन, सुरक्षा तंत्र, निरीक्षण एजेंसियों, श्रम विभाग, सरकारों और उस राजनीतिक संस्कृति पर भी है, जो जवाबदेही से अधिक संरक्षण को महत्व देती है। यदि निरीक्षण निष्पक्ष होते, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती और भ्रष्टाचार की परतें इतनी मोटी न होतीं, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी। दुर्भाग्य से हमारे यहां हादसों की जांच होती है, व्यवस्था की नहीं।



एक ओर भारत तेज़ आर्थिक विकास, निवेश, विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के नए कीर्तिमान गढ़ने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर श्रमिकों की सुरक्षा लगातार सवालों के घेरे में है। किसी भी विकास की असली कसौटी आंकड़े नहीं, बल्कि सबसे कमजोर व्यक्ति की सुरक्षा होती है। यदि उत्पादन बढ़ाने की कीमत श्रमिकों के प्राण बन जाए, तो उसे प्रगति नहीं, संस्थागत अमानवीयता कहना अधिक उचित होगा। किसी राष्ट्र की महानता उसकी गगनचुंबी इमारतों से नहीं, उन हाथों की सुरक्षा से तय होती है जो उन्हें खड़ा करते हैं। दुर्भाग्य यह है कि हमारे यहां अक्सर उत्पादन के लक्ष्य इंसानी जीवन से अधिक मूल्यवान मान लिए जाते हैं। इस संकट की जड़ें मशीनों में नहीं, मानसिकता में छिपी हैं। यह केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक विफलता है। भ्रष्टाचार, लागत घटाने की होड़, प्रशासनिक उदासीनता और राजनीतिक संरक्षण ने ऐसी व्यवस्था गढ़ दी है, जहां मजदूर को इंसान नहीं, बदले जा सकने वाले संसाधन की तरह देखा जाता है। एक श्रमिक की जगह दूसरा मिल सकता है, लेकिन किसी परिवार का सहारा, बच्चों के सपने और माता-पिता की उम्मीदें नहीं लौट सकतीं। सबसे खतरनाक बात यह है कि व्यवस्था अक्सर ऐसी त्रासदियों को सामान्य मानकर आगे बढ़ जाती है। जब किसी वर्ग की पीड़ा साधारण लगने लगे, तब हादसे सिर्फ कारखानों में नहीं, समाज की संवेदनाओं में भी होने लगते हैं।

हर नई त्रासदी यह साबित कर रही है कि चेतावनियों को अब और अनसुना नहीं किया जा सकता। औद्योगिक सुरक्षा को औपचारिकता नहीं, अनिवार्य जिम्मेदारी बनाना होगा। प्रत्येक इकाई में स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट हों और लापरवाही से हुई मौतों पर जिम्मेदार प्रबंधकों, अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ केवल विभागीय कार्रवाई नहीं, बल्कि आपराधिक मुकदमे चलें। ठेका श्रम व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण, श्रमिकों को प्रभावी प्रशिक्षण, आधुनिक सुरक्षा उपकरण और आपात स्थितियों से निपटने की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। श्रम कानून कागजों से निकलकर कारखानों तक पहुंचें। सबसे महत्वपूर्ण, सुरक्षा को खर्च नहीं, मानव जीवन की रक्षा में किया गया सबसे आवश्यक निवेश माना जाए। किसी राष्ट्र की महानता उसकी फैक्ट्रियों की ऊंचाई से नहीं, बल्कि अपने श्रमिकों के जीवन के प्रति उसकी संवेदनशीलता से मापी जाती है। भारत को महाशक्ति बनने का स्वप्न अवश्य देखना चाहिए, लेकिन उसकी नींव श्रमिकों की चिताओं पर नहीं रखी जा सकती। विजाग की यह त्रासदी केवल आठ परिवारों का शोक नहीं, पूरे देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यदि विकास की दौड़ में मानवीय गरिमा और सुरक्षा को यूं ही नजरअंदाज किया गया, तो कल केवल स्थान, संयंत्र और आंकड़े बदलेंगे, लेकिन श्मशानों की आग और परिवारों का विलाप वही रहेगा। तब इतिहास दर्ज करेगा कि भारत स्टील की भट्टियों में नहीं, अपनी ही संवेदनहीनता और लापरवाही में पिघल रहा था।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फीडर, जर्जर तार, बिजली बहाली व जेई के स्थानान्तरण को लेकर ज्ञापन

**रूद्रपुर, देवरिया।** दोआबा के दर्जनों ग्रामीण, पूर्व विधायक खोखा सिंह व पत्रकार चतुर्भुज शुक्ला के नेतृत्व में लोगों ने सोमवार को तहसील परिसर में नायब तहसीलदार अनिल तिवारी को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। जिसमें पचरूखा उप केंद्र से जुड़ी तमाम समस्याओं से संबंधित आवाज उठाई गई। ज्ञापन देने वालों का कहना था कि फीडर अत्यंत जर्जर हो चुका है। उप केंद्र पर संविदा के कर्मचारी मनमानी ड्यूटी करते हैं। आवश्यक कर्मचारियों के जगह पर कम कर्मचारियों के भरोसे काम कराया जा रहा है। जेई शिवकुमार निषाद क्षेत्र से गायब रहते हैं। तार इतनी जर्जर है की हल्की हवा में भी टूट कर बिखर जाते हैं। पोल दूर-दूर लगाए गए हैं जिससे फाल्ट अधिक होता है। ट्रांसफार्मर बदलने में महीनों का समय लग जाता है। उपकेंद्र पर अक्सर फीडर व ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते लाइन बंद हो जाती है। लंबा क्षेत्र होने के नाते फाल्ट ठीक होने में घंटो का समय लगता है।उन्होंने पांडे माझा या शीतल माझा में एक और उपकेन्द्र खोले जाने की मांग की। इस समय शुक्रवार को आए आंधी पानी के बाद दर्जनों गांव की बत्ती गुल है जिसे लेकर लोग बिलबिला रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि पोल व तार ठीक करा कर शीघ्र बिजली बहाल की जाए अन्यथा वे सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

### स्कूल प्रबंधक के खाते से 96666 रूपये की साइबर ठगी

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के राम लक्ष्मण स्थित केडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्याम नारायण विश्वकर्मा के खाते से 96666 की साइबर ठगी की घटना प्रकाश में आई है। यह घटना बीते 29 मई की शाम को हुई जब ठगों ने नवी ऐप के माध्यम से लिंक भेज कर खाते से पैसा उड़ा लिया। प्रबंधक ने बताया कि इस संबंध में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर दी गई है और कोतवाली पुलिस को एक लिखित तहरीर भी सौंप दी गई है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ खाली है प्रबंधक का कहना है कि घटना के 2 घंटे के भीतर ही 1930 पर सूचना कर दी गई थी। बावजूद इसके साइबर सेल कुछ नहीं कर पा रहा है। जिसे लेकर पीड़ित प्रबंधक परेशान है। मंगलवार को प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस से संपर्क किया जिस पर उन्हें पैसा बरामद होने का आश्वासन दिया गया।

### व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी प्रावधानों की दी जानकारी

**देवरिया।** व्यापारियों की कर संबंधी समस्याओं के समाधान एवं जीएसटी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को रुद्रपुर ब्लॉक सभागार में खंड स्तरीय व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी के विभिन्न नियमों, प्रक्रियाओं और डिजिटल सुविधाओं की जानकारी दी। उपायुक्त राज्य कर खंड-1 विवेक मिश्रा एवं उपायुक्त राज्य कर खंड-2 अमित सिंह ने जीएसटी पोर्टल की तकनीकी प्रक्रियाओं, पंजीयन के लाभ, ई-इनवॉयसिंग, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी), नियम-14ए तथा जीएसटी 2.0 के नए प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त राज्य कर शैलेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी सारिका श्रीवास्तव समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के व्यापारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर अधिवक्ता और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कर अधिवक्ता कृष्णानंद सिंह ने व्यापारियों को जीएसटी के लाभ और रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया की जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता शिवम श्रीवास्तव ने जीएसटी की तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं पर चर्चा की। संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कराधान और व्यवसाय से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से व्यापारियों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

# 18 लाख वसूली, 40 लाख की नई मांग और मासिक रंगदारी का आरोप; पुलिस कार्रवाई पर सवाल

**● हत्या के मुकदमे का आरोपी जमानत पर बाहर, रंगदारी के दो नए मामलों में नामजद; गिरफ्तारी न होने से बढ़ी चिंता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सुल्तानपुर (जयसिंहपुर)।** हत्या के एक चर्चित मामले में जेल जा चुका और वर्तमान में जमानत पर बाहर चल रहा आरोपी राजमंगल सिंह उर्फ मोलू सिंह एक बार फिर विवादों में है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में रंगदारी और जान से मारने की धमकी के दो अलग-अलग मामलों में उसका नाम सामने आने के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है। गंभीर आरोपों के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ताजा मामला जयप्रकाश सोनी की शिकायत से जुड़ा है। पीड़ित का आरोप है कि राजमंगल सिंह ने बीते एक वर्ष के दौरान उन्हें डरा-धमकाकर करीब 18 लाख रुपये वसूल लिए। जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। समझौते में एक माह के भीतर पैसा लौटाने या उसके बराबर की जमीन का बैनामा करने की बात कही गई थी, लेकिन आरोपी ने कोई वादा पूरा नहीं किया।

जयप्रकाश सोनी का आरोप है कि अब आरोपी अपने पिता रामसहाय सिंह और अन्य लोगों के साथ मिलकर उनसे 40 लाख रुपये की अतिरिक्त रंगदारी मांग रहा है। पीड़ित के अनुसार लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे उनका परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है।

उधर, दूसरे मामले में हालापुर निवासी अनुराग ने आरोप लगाया है कि उनसे प्रतिमाह 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। शिकायत के अनुसार 30 मई को राजमंगल सिंह ने फोन कर रकम न देने पर दुकान बंद कराने और जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन उसके पिता रामसहाय सिंह के दुकान पर पहुंचकर रंगदारी की मांग दोहराने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

**हत्या के मुकदमे से लेकर रंगदारी के आरोप तक**

क्षेत्र में चर्चा का विषय यह भी है कि राजमंगल सिंह पहले एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है और वर्तमान में जमानत पर बाहर है। जमानत पर रिहाई के बाद उसके खिलाफ रंगदारी और धमकी के लगातार आरोप सामने आने से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी का नाम पहले भी कई आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है और उसके खिलाफ दर्जनों मुकदमे बताए जाते हैं।

**व्यापारियों में रोष, कार्रवाई की मांग**

एक ही व्यक्ति के खिलाफ कम समय में दो अलग-अलग रंगदारी के मुकदमे दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने से व्यापारी वर्ग में नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि यदि ऐसे आरोपों के बाद भी कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे।

**विवेचना जारी, गिरफ्तारी का इंतजार**

दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। हालांकि अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक पीड़ित परिवारों और व्यापारियों में भय का माहौल बना रहेगा।

## ज्येष्ठ मास के मंगलवार को समाजसेवियों ने पिलाया शरबत



**रूद्रपुर, देवरिया।** ज्येष्ठ मास के मंगलवार को समाजसेवियों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। वहीं एक होटल मालिक सोनू त्रिपाठी ने दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर भंडारे का आयोजन कराया। पुरूषोत्तम मांस में मंदिर पर दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। बोला प्राविजन स्टोर भोला व सहयोगियों के द्वारा मंदिर पर अखण्ड कीर्तन-भजन चल रहा है। देव दीपावली समिति के सदस्यों के द्वारा खजुहा चौराहा पर शीतल पेयजल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम,देवेश शुक्ला,कौशल किशोर सिंह, मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, जेपी जायसवाल, सुनील मोदनवाल, शुभम, अशोक मिश्र, पद्माकर दूबे, राजेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## 5 दिन बाद भी बिजली को तरस रहे दर्जनों गांवों के लोग

**● जेई के ट्रांसफर की उठ रही मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** दोआबा के दर्जनों गांव के लोग आंधी तूफान के 5 दिन बाद भी बिजली के लिए तरस रहे हैं।भीषण गर्मी में उन्हें कहीं चैन नहीं मिल पा रहा है। ना तो मोबाइल ही चार्ज हो पा रहा है और ना ही आवश्यक कार्य पूरे हो पा रहे हैं। लोगों की रातों की नींद उड़ गई है और दिन का चैन छिन गया है। कुछ गांव में ग्राम प्रधान और ग्राम वासियों की मदद से आंशिक रूप से बिजली बहाल हो सकी है किंतु ज्यादातर गांव में अभी पोल व तार जस के तस पड़े हुए हैं ।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आई चक्रवाती आंधी में पचरूखा उपकेंद्र से संचालित दर्जनों गांव की बिजली बाधित हो गई थी। लगभग 53 पोल टूट गए थे और तार टूट कर बिखर गए थे। जिनके ठीक करने का काम विभाग धीमी गति से कर रहा है। वही गांव के लोग उप केंद्र पर तैनात जेई शिवकुमार निषाद पर निष्क्रियता का आरोप लगा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर उनके स्थानांतरण की भरपूर मांग चल रही है। कई गांव में पोल व तार लगाने के नाम पर धन वसूली की खबरें भी आ रही हैं। संविदा कर्मचारी बिजली चालू करने के बदले में गांव वालों से मुंह मांगी रकम मांग रहे हैं। पांच दिन बीतने के बाद भी भिरवा नारायणपुर बहोरा दलपतपुर जगदीशपुर पांडे माझा शीतल माझा आदि गांव की बिजली बहाल नहीं हो सकी है जिसे लेकर लोगों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के प्रति रोष व्याप्त है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेई शिवकुमार निषाद एक जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार है। उसे किसी का डर नहीं है। यदि शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

# चौंकाने वाला खुलासा-जन सूचना ने खोल दी नौतनवा पुलिस की पोल


**● 30 अप्रैल को हुए धरना प्रदर्शन में 92 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के अलावा कोई रिकॉर्ड थाने पर मौजूद नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा , महराजगंज।** बीते 30 अप्रैल 2026 का दिन नौतनवा के लिए शर्म का दिन बना। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के 200-300 लोग सड़क पर उतरे। मुख्य मार्ग को घंटों जकड़ दिया। तहसील का फाटक बंद करा दिया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 का उल्लंघन हुआ, पर रोकने वाला कोई नहीं था। पूर्व जिलापंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने जन सूचना के अधिकार 2005 की धारा 6 के तहत सूचना मांगी। पूछा गया- जुलूस के सूत्रधार कौन थे? अनुमति किसने दी थी? थाने में कोई मामला दर्ज हुआ या नहीं? कितने पुलिसकर्मी तैनात हुए? सरकारी धन कितना खर्च हुआ? थाना नौतनवा से जो जवाब आया वह लोकतंत्र के माथे पर कलंक है। नौ बिंदुओं में से आठ पर एक ही रट- 'अभिलेख में नहीं है । मतलब सूत्रधार का नाम नहीं, अनुमति का कागज नहीं, कोई मामला दर्ज नहीं, कोई हिसाब नहीं, कोई सबूत नहीं।

बिना कागज के, बिना आदेश के 92 पुलिसकर्मी सड़क पर खड़े कर दिए गए। नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज करना बनता था, पर थाने की कलम नहीं चली। बिना मजिस्ट्रेट के आदेश के इतनी बड़ी फौज तैनात कर दी गई, पर खर्च का लेखा तक नहीं रखा गया। जन सूचना के अधिकार का मकसद ही पारदर्शिता है। धारा 4 के तहत हर सरकारी काम का ब्योरा रखना जरूरी है। नौतनवा पुलिस ने उस कानून को भी ताक पर रख दिया। न वीडियो बना, न रोज़नामचा लिखा, निषेधाज्ञा का आदेश दिखाया।

अब सवाल सीधा है- जब कानून तोड़ने वालों का नाम ही रजिस्टर में नहीं, तो कार्रवाई होगी किस पर? जब बिना कागज





के फौज उतार दी जाए, तो जनता के पैसे की जवाबदेही कौन तय करेगा? यह जन सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि पुलिस के पास यह रिकार्ड उपलब्ध नहीं तो किसके पास है कौन है जवाब दे अब देखना यह है कि इस पर पुलिस अधीक्षक महाराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी क्या रुख होगा फिलहाल पूछने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने कहा कि जन सूचना अधिकार के तहत दिए गए प्रावधानों के अनुसार प्रथम अपीलीय अधिकारी पुलिस अधीक्षक महाराजगंज है प्रथम अपील जल्द ही करूंगा।

## सपा 12 जून को मंहगाई के विरोध में मनायेगी काला दिवस, सरसों के तेल के नाम पर पॉम बेचने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर की बैठक मंहगाई के विरोध में आरंभ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने कहा कि मटर, उरद, काला उरद, मूंग की दाल, अरहर की दाल, चना मटर की दाल. काला उरद,आटा, सरसौ का तेल की जगह पाम आयल का तेल 220 रुपये प्रति किलो बेचकर जनता की जेब काटी जा रही है। जिसको लेकर पीडीए टीम ने गम्भीर चिन्ता व्यक्त की और तय हुआ कि सपा महानगर के गोविन्द नगर,आर्य नगर, सीसामऊ, कैन्ट, किदवई नगर विधान सभा क्षेत्र के 78 वार्डो के सभी साथी मंहगाई के विरोध मे काला फीता बांधकर विरोध प्रकट करेंगे

अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन मे कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने मे फेल हो गई है क्योंकि देशी उत्पादो महत्व न देकर विदेशी कम्पनीयो को महत्व दिया जा



रहा है जिसके कारण देशी कम्पनीयों पर लोन, बिजली, का बोझ तथा जनता में क्रय शक्ति गिरावट के कारण विदेशी कम्पनीयो का एकाधिकार बढ़ने से पीडीए ने चिंता जतायी और मंहगाई पर पूरा आकंलन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को भेजकर जनता की भावनाओ पर ध्यान देकर रणनीति तय होगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, विनय गुप्ता, राजू अन्सारी आदि लोग प्रमुख रहे।

## गोंडा में पारिवारिक विवादः छोटे भाई ने बड़े भाई को पीटकर मारा, घर जलाया और भैंस भी मारी

**गोंडा।** सरायखत्री जटमलपुर में पारिवारिक विवाद में बड़े भाई की छोटे भाई ने छप्पर की थूनी से पीटकर हत्या कर दी। पिता को भी पीटकर मरणासन्न कर दिया। यही नहीं, आरोपित ने छप्पर ने लगा दी, जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। मृतक आग में भी झुलस गया था। आरोपित ने एक भैंस को भी मार डाला। पुलिस व फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**यह है पूरा मामला** जटमलपुर सरायखत्री निवासी भूलन निषाद ने दी गई तहरीर में कहा कि शनिवार की रात करीब साढ़े बजे उसके बेटे हुलसी उर्फ अक्कू व अंकित निषाद के बीच कहासुनी हो गई। हुलसी उर्फ अक्कू ने घर में आग लगा दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद अंकित निषाद ने रोकने का प्रयास किया तो हुलसी उर्फ अक्कू ने छप्पर की थूनी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया।

# ग्राम पंचायतों में लगेंगे विशेष शिविर, आधार की त्रुटियां होंगी दूर, बनेगी फैमिली आईडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विशेष पहल शुरू की है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने जनपद की ग्राम पंचायतों में विशेष आधार संशोधन एवं फैमिली आईडी निर्माण शिविर आयोजित कराने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम चौपालों एवं क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान लगातार यह तथ्य सामने आ रहा था कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर अथवा बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) संबंधी त्रुटियां हैं। इन खामियों के कारण ई-केवाईसी एवं सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी, जिससे पात्र लाभार्थी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे थे। इसी समस्या के समाधान के लिए विकास खंड बलरामपुर, गैंड़ासबुजुर्ग, गैसड़ी, हरैयासतघरवा, पचपेड़वा, रेहराबाजार, श्रीदत्तगंज, तुलसीपुर एवं उतरौला की ग्राम पंचायतों में तिथिवार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक एवं आधार मशीन ऑपरेटर निर्धारित तिथि पर सुबह 10 बजे शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे। शिविरों का संचालन तब तक किया जाएगा, जब तक उपस्थित सभी नागरिकों के आधार संशोधन एवं फैमिली आईडी निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो जाता। शिविरों के सुचारू संचालन एवं तकनीकी सहायता के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक नरेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर के दौरान उत्पन्न होने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उनका संपर्क नंबर 9721100501 जारी किया गया है। इसके अलावा कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण अधिकारियों की तैनाती की गई है। संबंधित अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे, जिसे संकलित कर मुख्य विकास अधिकारी को भेजा जाएगा।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके आधार कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि है अथवा जिनकी फैमिली आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे निर्धारित तिथि पर आयोजित शिविर में आवश्यक अभिलेखों के साथ पहुंचकर अपना कार्य पूर्ण करा लें, ताकि उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके।

# शिक्षा के साथ पर्यावरण संदेश की नई इबारत गढ़ रहा बढ़नी ब्लॉक का हरित विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बढ़नी का प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता को लेकर काफी सजग रहा है। आधुनिकता के दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता व विभिन्न जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा की नई इबारत गढ़ कर लोगों को जागरूक करने में अपनी सहभागिता निभा रहा है। ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलने से पहले विद्यालय में पहुंच कर विद्यालय स्टाफ के द्वारा साफसफाई कार्य कर कुछ पौधों का रोपण कर इस भीषण गर्मी में पानी से सिंचाई किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ आशुतोष सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक बाबूलाल, धर्मेंद्र, अरविंद कुमार दयाल व अभिनव मिश्रा आदि विषय पाठ्यक्रमों के साथ संस्कार, अनुशासन व विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से





रूबरू कराते हुए उन्हें रुचिपूर्ण वातावरण में शिक्षा देने का काम जिम्मेदारी पूर्वक निभा रहे हैं। विद्यालय के परिसर में पहुंचने पर हर किसी को चहुंओर की प्राकृतिक दृश्य आकर्षित कर लेती है। कमरों के सीट, बेंच, टीवी, प्रोजेक्टर, लाइब्रेरी, टीएलएम कॉर्नर तो देखते ही बनता है। विद्यालय परिसर के बाउंड्री के अंदर फैली विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों की हरियाली रंग-बिरंगे आकर्षक फूलों की महक और स्वच्छ वातावरण बेहतर पठन-पाठन की ओर आकर्षित करता है। हर दिन विद्यालय में बच्चे भी विद्यालय की स्वच्छता को बनाने में योगदान तो देते ही हैं साथ ही साथ विद्यालय के रसोईया, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य व अभिभावकों का भी विद्यालय को शैक्षणिक वातावरण को सजाने व शैक्षणिक कार्यों में सहयोग देने में महती भूमिका रही है। पर्यावरण संरक्षण व सुरक्षा के प्रति संकल्पित यह विद्यालय क्षेत्र में प्रेरणा का पर्याय बन चुका है। यही कारण है कि इस हरित विद्यालय में क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए लालयित दिखते हैं।

# ड्यूटी पर गए फायरमैन के सरकारी आवास में लाखों की चोरी

**● खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, डेढ़ लाख नकद समेत सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवासों की सुरक्षा पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अज्ञात चोरों ने फायर सर्विस में तैनात एक फायरमैन के सूने सरकारी क्वार्टर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर खिड़की का शीशा और मच्छर जाली तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए तथा अलमारी में रखी डेढ़ लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। झांसी जनपद के ग्राम मुरारी निवासी कपिल कुमार वर्तमान में ललितपुर फायर सर्विस में फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास संख्या-03 में रहते हैं। कपिल कुमार ने बताया कि 24 मई को विभागीय व्यवस्था के तहत उनकी ड्यूटी महरौनी थाना क्षेत्र में लगा दी गई थी। ड्यूटी के लिए रवाना होते समय उन्होंने अपने सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद कर दिया था। करीब 12 दिन बाद 5 जून की सुबह जब कपिल कुमार ड्यूटी समाप्त कर अपने सरकारी आवास पहुंचे, तो घर की हालत देखकर दंग रह गए। कमरे की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और मच्छर जाली भी क्षतिग्रस्त थी। अंदर प्रवेश करने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला तथा अलमारी खुली हुई थी। पीड़ित के अनुसार, चोर अलमारी में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी अपने साथ ले गए। इसके अलावा चार सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक सोने का हार तथा चांदी की पायल, बिछिया और अन्य कीमती आभूषण भी चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। सरकारी आवास परिसर में हुई इस बड़ी चोरी की घटना से कर्मचारियों और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कपिल कुमार ने तत्काल अपने अधिकारियों को सूचना देने के साथ डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की लिखित शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर जल्द ही चोरों तक पहुंचा जा सकेगा। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है। शहर के सुरक्षित माने जाने वाले सिविल लाइंस क्षेत्र में सरकारी आवास को निशाना बनाए जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुर्वेद विभाग द्वारा लगाया गया चिकित्सा शिविर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को हनुमान मंदिर सीसी रोड, देवरिया में आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और आयुर्वेदिक औषधियों का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में डॉ. हेमंत यादव, डॉ. मयंका दुबे, अनुभव चौधरी एवं अनिल यादव उपस्थित रहे। शिविर के दौरान गठिया, अनिद्रा, ज्वर, श्वास रोग, उदर रोग, आमवात, रक्त, प्रतिश्याय सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में लगभग 170 लोगों को औषधियों का वितरण किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जयराम यादव ने शिविर में आए चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आयुष पद्धति लोगों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्थानीय लोगों ने आयुर्वेद विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को जनहित में उपयोगी बताया।

# शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका बढ़ाने के लिए 1 माह चलेगा विशेष अभियान

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का शुभारम्भ दिनांक 01 जून 2020 को भारत सरकार द्वारा किया गया। योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को अपनी आजीविका/ व्यवसाय को बढाने हेतु कार्यशील पूंजी के रूप में ऋण उपलब्ध कराने योजना की पहुंच को और मजबूत करने के लिए दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक 01 माह के विशेष अभियान आयोजित किये जा रहे है। जनपद स्तर-''स्वनिधि महोत्सव'' आयोजित किया जायेगा, जिसमें वेण्डर्स और उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाया जायेगा तथा योजना के प्रति जागरूकता बढाई जायेगी।

**1. नगर निकाय स्तर-** ''लोक कल्याण मेले'' आयोजित किये जायेगें, जिसमें ऋण और क्रेडिट कार्ड की सुविधा, डिजिटल सशक्तिकरण, कल्याणकारी योजनाओं से जोडना, बैंकर्स-स्ट्रीट वेण्डर्स बैठकें तथा अंतिम स्तर तक सेवा उपलब्ध करायी जायेगी।

**2. सेन्सेस टाउन स्तर-** ''स्वनिधि कैम्प'' आयोजित किये जायेगें, जिसमें स्ट्रीट वेण्डर्स की पहचान, उन्हे जोडना और योजना में शामिल करना सुनिश्चित किया जायेगा।

दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक जनपद स्तर पर स्वनिधि महोत्सव, नगर निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेला एवं सेन्सस टाउन स्तर पर स्वनिधि कैम्प आयोजन किया जा रहा है। पी0एम0-स्व0निधि योजना च्भ्म्.2 सितम्बर 2025 से आरम्भ की जा चुकी है। जनपद के ऐसे समस्त शहरी पथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि जो भी अब तक योजनान्तर्गत लाभ लेने से वंचित रह गये हैं वह नगरपालिका सभागार में 1 जून से 30 जून तक संपर्क कर आवेदन कर लाभ प्राप्त करें। आवेदन करने हेतु आधार कार्ड, 2 फोटो, वेण्डिंग सर्टिफिकेट, पास-बुक एवं आधार कार्ड से लिंक्ड मोबाईल साथ लेकर आयें। योजनान्तर्गत प्रथम ऋण 15000.00, द्वितीय ऋण 25000.0 एवं तृतीय ऋण रू 50000.00 प्रदान किया जा रहा है। पी0एम0-स्व0निधि योजना के ऐसे लाभार्थी जो द्वितीय ऋण का पूर्ण भुगतान कर चुके हैं इन लाभार्थियों के लिये रू 30000.00 की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

## गोंडा में अंडर-17 नेशनल कुश्तीः ग्रीकोरोमन में हरियाणा का दबदबा, यूपी दूसरे स्थान पर





**गोंडा।** नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अंडर -17 ओपन रैंकिंग नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष वर्ग की ग्रीकोरोमन कुश्ती में हरियाणा ने 16 पदक के साथ 195 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि, छह पदक जीतकर 137 अंकों के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच रामसजन यादव ने कहा सोमवार को महिला पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगिता होगी। रविवार को ग्रीकोरोमन में कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई। कैसरगंज सांसद व यूपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष करन भूषण सिंह व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने पहले पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई, इसके बाद विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। दूसरे दिन भी हरियाणा के पहलवानों ने अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा ने चार स्वर्ण, पांच चांदी, सात कांस्य पदक जीता। उत्तर प्रदेश ने तीन स्वर्ण, दो चांदी और एक कांस्य पदक हासिल किया। महाराष्ट्र की टीम 94 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया मीठा जल व शरबत



**टूण्डला।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मीठे जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर पर आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों, श्रद्धालुओं और मंदिर आने वाले भक्तों को ठंडा मीठा जल एवं शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प संस्था के संस्थापक आर पी शर्मा द्वारा कराया गया। भीषण गर्मी के बीच शरबत वितरण कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव की सराहना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, जहां भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल का दिन सेवा, दान और भक्तिभाव का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना के साथ लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराया गया, ताकि गर्मी से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारे लगाए और क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर आर पी शर्मा, खजाना सिंह, महेन्द्र झा, दिनेश गुप्ता,ड्रा गौतम, राजू उपाध्याय,अशोक सारस्वत, एन पी सक्सेना, विजय प्रजापति, एम सी मिश्रा, महिपाल, राकेश नोहवार,ड्रा अनिल वार्ष्णेय, रतन सिंह, अनिल कुलश्रेष्ठ, अनिल उपाध्याय, जितेन्द्र उपाध्याय, आर के शर्मा, सुनील यादव,रजनीश त्रिपाठी, देवेन्द्र झा, मधु झा, दुव्या झा कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

### यूरिया खाद के लिए भटक रहे किसान सचिव के खिलाफ खंड विकास अधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा साधन सहकारी समिति काली पर किसानों को खाद न मिलने से आहत किसानों ने आज सामूहिक रूप से समिति के सचिव अरविंद कुमार के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है किसानों का आरोप है के सचिव समय से समिति पर उपलब्ध नहीं होते हैं। जिसके कारण किसानों को अपनी फसलों में खाद डालने के लिए पूरे दिन समिति पर बैठा रहना पड़ता है परंतु शाम को घर वापस लौट जाते हैं इससे तंग आकर आज किसानों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर उन्होंने अपना प्रार्थना पत्र यहां के खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता के मौजूद न होने पर। सहायक विकास अधिकारी भगवान शरण को सौंप दिया ज्ञापन देने के लिए किसान अवधेश कुमार हरपाल संचित टीकाराम राजेश कुमार चेतराम नरेश गिरी फतेहचंद पूरनलाल छेड़ लाल जानकी प्रसाद महेंद्र पाल मिश्रीलाल दाताराम धर्मेंद्र कुमार सतीश सुशीला देवी रामपाल मुन्नालाल राम अवतार पुष्पेंद्र कुमार । प्रेमपाल बाबूराम मुकेश कड़े राम बाबूराम ओमप्रकाश रमेश चंद ठाकुर दास सेवाराम मुकेश सोमपाल प्रेमपाल आदि कृषक गढ़ भारी संख्या में उपस्थित थे इस मामले में साधन सहकारी समिति सचिव क्यों लड़िया अरविंद कुमार गौतम ने बताया मशीन नहीं चल रही है जिसके कारण किसानों को खाद देना संभव नहीं है।

### बेसमेंट में चल रहा चलह सहारा अस्पताल सील, अमन नर्सिंग होम को नोटिस

**बरेली।** देश की राजधानी दिल्ली में होटल में लगी आग की तरह बरेली में भी होटलों व अस्पतालों में बेसमेंट में अनाधिकृत गतिविधियों के संचालन पर शासन ने सख्ती दिखाई है। सोमवार को शहर के पीलीभीत बाइपास रोड स्थित केजीएन सहारा अस्पताल के आपरेशन थियेटर व एनआइसीयू वार्ड को सील कर दिया गया। साथ ही शाहजहांपुर रोड पर संचालित अमन नर्सिंग होम को नोटिस देते हुए बेसमेंट में गतिविधियों के संचालन पर रोक लगाने को कहा गया है। प्रशासन की ओर से आगे भी कार्रवाई जारी रहने का दावा किया जा रहा है। शहर के होटलों में बेसमेंट में पार्किंग-स्टोर के बजाय पार्टी हाल और अन्य गतिविधियों के संचालन और अस्पतालों में ओटी व एनआइसीयू जैसे संवेदनशील गतिविधियों के संचालन की दैनिक जागरण ने पड़ताल तो हर ओर खामियां उजागर हुईं। कहीं, फायर सेफ्टी मानकों, आपातकालीन निकास मार्ग, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता में कमियां उजागर हुईं तो कहीं मरीजों का उपचार करते पाया गया। इस पर रविवार के अंक में 'होटल ही नहीं अस्पतालों में भी चल रहा मौत का कारोबार' शीर्षक के साथ अलग-अलग क्षेत्र में चल रहे संस्थानों-प्रतिष्ठानों की खामियां को प्रमुखता से प्रकाशित किया। शासन ने खबर का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को ऐसे संस्थानों-प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# धूल के गुबार में दब रहा विकास

**● टहारा-अदलाबाद बंधा मार्ग पर मानकों की उड़ रही धज्जियां, आखिर किस हादसे का इंतजार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जनपद के टहारा से अदलाबाद जाने वाले बंधा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान बाढ़ क्षेत्र के भीतर से मिट्टी निकालकर सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही है, जबकि सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव न होने से पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार छाया रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क से गुजरने वाले वाहन धूल के बड़े-बड़े बादल खड़े कर रहे हैं, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और सड़क किनारे बसे गांवों के लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार धूल के कारण दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार से शिकायत करने पर केवल एक दिन पानी का छिड़काव कराया गया, लेकिन उसके बाद फिर व्यवस्था बंद कर दी गई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या निर्माण कार्य में सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिलाधिकारी स्वयं मौके का निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मिट्टी की खुदाई तथा धूल नियंत्रण के लिए किए जा रहे इंतजामों की जांच कराएं।सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पानी के छिड़काव का बजट खत्म हो गया है, या फिर प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा विकास कार्यों की आड़ में यदि लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा है तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होना भी जरूरी है।

### जिला कारागार में निरुद्ध अनीता पत्नि बदलू की मौत मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी-** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के सैदापुर निवासी 55 वर्षीय अनीता पत्नी बदलू, जो आबकारी अधिनियम की धारा 60(2) के मामले में 8 मई 2026 से जिला कारागार में निरुद्ध थीं, की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल से केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया था। चिकित्सकों ने सीवीए (स्ट्रोक) की आशंका जताई थी। उपचार के दौरान 11 मई 2026 को सुबह 5:07 बजे उनकी मौत हो गई। मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। अपर उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा ने घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों से 16 जून को कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष संख्या-22 में उपस्थित होकर साक्ष्य व बयान देने की अपील की है।

### सरकारी डॉक्टर पर निजी आवास पर प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप

**● शासनादेश का खुला उल्लंघन, जिम्मेदारों को भनक तक नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ।** खुटार रोड स्थित एक सरकारी चिकित्सक का निजी आवास इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। सामने आई तस्वीरों में आवास के अंदर और बाहर मरीजों की मौजूदगी दिखाई दे रही है। वहीं एक व्यक्ति मरीज को दवा लिखता नजर आ रहा है, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक संबंधित सरकारी चिकित्सक सरकारी ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने निजी आवास पर मरीजों को देखते हैं। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तस्वीरों के सामने आने के बाद लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आवास पर होने वाली गतिविधियों की वास्तविक स्थिति क्या है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निजी आवास पर नियमित रूप से मरीजों को परामर्श दिया जा रहा है, तो संबंधित नियमों और अनुमतियों की स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।मामला चर्चा में आने के बाद लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि तस्वीरों और उठ रहे सवालों के बीच सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि जनता के बीच बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हो सके। आवास के अंदर मौजूद मरीजों की तस्वीरों ने चर्चा को और तेज कर दिया है। अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

## कृषि महाविद्यालय में खेत बचाओ अभियान का आयोजन

**● कानपुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किसानों को किया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद के कृषि वैज्ञानिको द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत विश्वविद्यालय के ही कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपभोग एवं उपयोग, कृषि विविधीकरण, जल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने छात्रों को बताया कि लगातार असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने मृदा परीक्षण आधारित संस्तुत पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने, हरी खाद, जैव उर्वरकों एवं फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन पर बल दिया।

साथ ही साथ छात्रों को बताया कि वे क्षेत्र के किसान भाईयों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने एवं आय बढ़ाने के उपाय बताएं। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डा. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने छात्रों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, हरी खाद, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा मृदा जांच एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के साथ फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं मृदा संबंधी नुकसान की जानकारी दी। डा. नागेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को बताया कि पशुपालन खेती का आधार है. बिना पशुपालन के भविष्य में खेती करना संभव नहीं हो पाएगा। पशुपालन से खेत में होने वाले फसल अवशेष का बेहतर प्रबन्धन किया जा सकता है। आज का समय यह है कि पशुपालन से ही मिट्टी की भौतिक, रासायनिक और जैविक दशा को सुधारा जा सकता है, अगर किसान पशुपालन कर रहा है तथा उसका खेत स्वस्थ्य है तभी किसान भाईयों की सेहत भी सुधारी जा सकती है। इस मौके पर 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. अनिल कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ प्रतिभाग कर अपने विचार व्यक्त किए।

## भारत सरकार के 12 वर्षो मे किये गये विकास कार्यो प्रकाश डाला गया

**● प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं बना रहीं आत्मनिर्भर भारत-- विजय शुक्ला रिंकू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 8 जून से 14 जून तक चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मथुरा नगर वार्ड संख्या-2 में जन-जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आमजन के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को इन योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभासद इजरान अहमद ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर नेता लालता प्रसाद गौतम, राम प्रसाद गौतम, नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, भाजपा नगर मंत्री कैलाश गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक ऋषि गुप्ता, लवकुश अवस्थी, अभिषेक, राधेश्याम, पंकज, बलराम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सफाई नायक दिलीप वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल लाई रंग, 20 घंटे बाद खुला बालूमाथ स्टेट हाईवे

**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड के बिरहोर टोला के समीप तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक आदिम जनजाति ग्रामीण की मौत के बाद ग्रामीणों द्वारा लगभग 20 घंटे तक स्टेट हाईवे जाम रखा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी स्वयं मौके पर पहुंचीं और प्रशासन, ग्रामीणों तथा कंपनी प्रबंधन के बीच लगातार वार्ता कर समाधान निकालने की पहल की। करीब चार घंटे तक चली वार्ता के बाद महत्वपूर्ण सहमति बनी। समझौते के तहत पीड़ित परिवार को तत्काल 5 लाख की आर्थिक सहायता दी गई। साथ ही बीमा कंपनी से नियमानुसार अतिरिक्त मुआवजा दिलाने, मृतक की पत्नी को कंपनी की ओर से 3,000 मासिक आजीवन पेंशन एवं सरकारी विधवा सम्मान पेंशन उपलब्ध कराने तथा मृतक के पुत्र को रोजगार देने पर सहमति बनी। बिरहोर टोला में पेयजल सुविधा के लिए बोरिंग कराने का भी निर्णय लिया गया। वार्ता के दौरान अनीता देवी ने सड़क सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने भारी वाहनों की अनियंत्रित गति, लंबी ड्यूटी करने वाले चालकों तथा अवैध प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म और अतिरिक्त लाइटों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद स्कूली समय में भारी वाहनों के परिचालन पर नियंत्रण, गति सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, क्षेत्र में सड़क किनारे 50 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा निगरानी के लिए 10 स्थानीय गार्डो की नियुक्ति पर सहमति बनी। नवादा में निर्दोष ग्रामीणों पर दर्ज प्राथमिकी वापस लेने पर भी सहमति बनी।

### कोतवाली पुलिस ने किया चोरी की घटना का सफल खुलासा

**चोरी किए गए सामान के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**



**लखीमपुर खीरी-** कोतवाली सदर पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में तैयब पुत्र रियाजुद्दीन उर्फ नियाजु (निवासी कमाल सराय, थाना खैराबाद, जनपद सीतापुर) तथा जब्बीर पुत्र सिद्दीक निवासी प्यारेपुर, थाना कोतवाली सदर, जनपद खीरी शामिल हैं।पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की पीली धातु की ज्वैलरी,एक जोड़ी झुमकी, एक नथूनी, दो नाक के फूल, एक मांग टीका और एक गले का हार ,बरामद की है।कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस की सतर्कता का परिणाम मानी जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

# लघु सिंचाई विभाग पर मानकों की अनदेखी कर धन उगाही के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** मामला विकासखंड पलिया कला के गांव बेला मलिनिया, बसंतपुर का बताया जाता है सूत्र बताते हैं कि लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर दिखाई दे रहा है यहां पर मानकों की अनदेखी कर लाभार्थियों/ किसानों से अवैध वसूली किए जाने के गंभीर मामले चर्चा का विषय बने हैं ।बताते चलें कि पलिया कला में तैनात बी.टी का बोलबाला सर चढ़कर बोल रहा है। बी. टी.साहब के रसूख की बात करें तो विकासखंड पलिया कला के लघु सिंचाई विभाग में जमकर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बगैर किसी आदेश के किसानों के यहां पहले से ही बोरिंग कराई जा रही है ।लघु सिंचाई विभाग बी.टी.साहब आगे ही आगे बोरिंग कराकर नियम कानून की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं। विभागीय जानकारों की जानकारी और सूत्रों की माने तो विभाग से बोरिंग कराने को कोई दिशा निर्देश अभी जारी नहीं किए गए हैं। और शायद ना ही अभी टेंडर ही हुआ है। जांच का विषय यह है कि आखिर बी. टी साहब किस सक्षम अधिकारी के आदेश से और किस फर्म से बोरिंग कार्य करवा रहे हैं? मिली जानकारी के अनुसार इससे पूर्व में भी एक अन्य भ्रष्टाचार का मामला लघु सिंचाई विभाग का चर्चा का विषय बना था जिसमें विभागीय जिम्मेदारों/अधिशासी अभियंता द्वारा जांच के आदेश दिए जाने की बात सामने आई थी। लेकिन सच्चाई क्या है सामने नहीं आई? कौन कंपनी ब्लैकलिस्टेड की गई और किसके खिलाफ हुई कार्रवाई? कुछ भी पता नहीं चल रहा है। मामले को आपसी तालमेल से अंदर खाने दवा लिए जाने की चर्चा जोरों पर है। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है और उक्त मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ब्लॉक बार कई बिंदुओं पर आधारित सूचना चाही गई हैं। वांछित सूचनाएं मिलने के बाद एक बड़ा घोटाला सामने आने के प्रयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है।

## विकास कार्यों में भदपुरा ब्लॉक प्रमुख ने रचा इतिहास जनपद में प्रथम स्थान पाया

**● 190 विकास कार्य किये गए 120641180की धनराशि खर्च की है 79 ग्राम पंचायतों में भी क्षेत्र पंचायत ने कराये विकास के कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बरेली**/जनपद के विकासखंड भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि शंकर गंगवार ने इस विकास खंड की 79 ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत का काम करवाने के बाद उन्होंने विकास कार्य करके जनपद में प्रथम दर्जा प्राप्त किया की है। उनकी सोच एवं देश व प्रदेश की सरकार के उसे नारा को साकार किया जिसमें कहा गया सब का साथ सबका विकास इसी तर्ज पर उन्होंने यहां की 79 ग्राम पंचायतों में से किसी के भी साथ कोई भेदभाव ना करके इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत के 81 सदस्यों में भी किसी के साथ भेदभावपूर्ण कार्य नहीं किया जिसके तहत उन्होंने पूरे विकासखंड में हर ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत से विकास कार्य करवा कर अपना परचम लहराने का कार्य किया है। इसके साथ उन्होंने ब्लॉक सभागार को भी वाता अनुकूलित करने के साथ खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं ब्लाक प्रमुख कार्यालय में भी ऐसी लगवाने का कार्य किया गया परंतु सबसे उत्तम बात यह है इस कार्य करने के लिए उन्होंने किसी भी सरकारी पैसे का उपयोग किस कार्य में नहीं किया है। यह कार्य उन्होंने जन सहयोग पर आधारित करके ब्लॉक मुख्यालय को वाता अनुकूलित करके मिसाल कायम की इतना ही नहीं इस ब्लॉक मुख्यालय को भी उन्होंने भगवा में समर्पित कर दिया है जो अपने आप में एक अनोखी पहल है उन्होंने विकास की सोच के साथ कार्य करते हुए निष्पक्ष एवं क्षेत्र के विकास पर जोर देते हुए कार्य किया है। क्यों लड़ियां जैसे स्थान पर लोगों के पेशाब करने के लिए कोई जगह नहीं थी उन्होंने इस पर भी कार्य करते हुए विकास कार्यालय के बाहर पेशाब घर बनवाया साथ ही अंदर सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जिसे ब्लॉक मुख्यालय पर आने वालों को विशेष तौर से महिलाओं को इधर-उधर भटकना न पड़े। इस विकास की गति को देखते हुए उन्होंने यह सभी कार्य किए हैं उन्होंने ग्राम पंचायत में खड़ंजा नाली इंटरलॉकिंग सीसी रोड आदि कार्य क्षेत्र पंचायत से करवाकर विकास कार्य करके सरकार से दी गई धनराशि को समय से योजना बंद तरीके से खर्च किया जिसके तहत उन्होंने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस जनपद में 15 विकासखंड आते हैं परंतु इन सभी में विकासखंड भदपुरा को प्रथम स्थान मिला है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं कभी इस ब्लॉक मुख्यालय पर बुरा हाल हुआ करता था जो आज देखने में एक नजरा मिशाल साबित हो रहा है उन्होंने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा उन्होंने अब कभी भी किसी के साथ भेदभाव ना करके सरकार की मंसा के अनुरूप विकास कार्य किया है। भाजपा के उसे नारे को भी सरकार किया सबका साथ सबका विकास के भदपुरा की मिसाल है इसके लिए उन्होंने देश व प्रदेश की सरकार की सराहना करते हुए कहा यह भाजपा सरकार रणनीति का परिणाम है जिसके तहत उन्होंने पुर विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत से काम कराया किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

## रुद्रपुर गांव में करीब 10 माह से नहीं बंटा पोषाहार!

**● बिजुआ ब्लॉक के रुदपुर गांव में बड़ा पोषाहार घोटाला आया सामने , ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रुदपुर गुलरिया स्थित रुदपुर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषाहार वितरण में बड़े भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लगभग 10 महीनों से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को मिलने वाला सरकारी पोषाहार वितरित नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सुपरवाइजर की मिलीभगत से पोषाहार का लगातार दुरुपयोग और ब्लैक किया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा भेजा गया पोषाहार पात्र लाभार्थियों तक पहुंचने के बजाय अन्यत्र इस्तेमाल किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार सबसे गंभीर बात यह है कि महिलाओं और बच्चों के हिस्से का पोषाहार गर्भवती भैंसों और उनके बच्चों को खिलाया जा रहा है, जबकि जरूरतमंद परिवार पोषण योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इस मामले को लेकर गांव में भारी रोष व्याप्त है और ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया जल्द ही शपथ पत्र देकर इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी करेंगे!

**बड़ा सबाल-** 'बच्चों और गर्भवती महिलाओं के हिस्से का पोषाहार आखिर कहां गया? पोषाहार में खेल या सिस्टम की बड़ी लापरवाही? ' 'बच्चों का हक डकारने वालों पर कब होगी कार्रवाई?' उक्त यक्ष प्रश्नों के उत्तर सुपर वाइजर से लेकर सी.डी. पी.ओ. के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।

### आखिर किसके संरक्षण में रॉयल हॉस्पिटल का संचालन संचालित



**बेहजम खीरी-** बेहजम कस्बे में स्वास्थ्य महकमें के द्वारा अवैध अस्पताल संचालन पर कस्बे के रॉयल हॉस्पिटल को नोटिस देकर बंद कर दिया था ,अस्पताल संचालक के द्वारा ना नोटिस का जवाब दिया गया , और अस्पताल का संचालन भी शुरू हो गया, इस अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है आखिर किसके संरक्षण में अवैध संचालन संचालित है, इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनिल वर्मा ने बताया कि ना ही उक्त संचालक के द्वारा नोटिस का जवाब दिया गया है ना ही खोलने की अनुमति है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा सलाहाकार/ सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद –** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा सलाहकार/सतर्कता समिति की बैठक आज जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के नामित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त (खाद्य)-2, फिरोजाबाद श्री चन्दन पाण्डेय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्नस्स्ढ्ढ) की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों, जैसे हाइजीन रेटिंग, री-यूज्ड कुकिंग ऑयल (ऋष्टह्र), ईट राइट स्कूल, ईट राइट स्टेशन, ईट राइट कैंपस तथा स्नश्सस्ञ्ड्डष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही योजनाओं की वर्तमान प्रगति एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी महोदय ने विभागीय कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए खाद्य सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन में खाद्य सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर प्रसाद तथा पूजा सामग्री के वितरण में प्लास्टिक पॉलीथिन के प्रयोग पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दैनिक उपयोग के उपरांत एकत्रित की जाने वाली प्लास्टिक पॉलीथिन को कई बार अस्वच्छ परिस्थितियों में पुनर्चक्रित (रीसायकल) किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में धार्मिक स्थलों पर प्रसाद एवं पूजा सामग्री के वितरण हेतु प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग हतोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संबंधित अधिकारियों को जनपद के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य से भी अपील की कि वे स्वेच्छा से प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग बंद करें तथा कपड़े, कागज अथवा अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में व्यापार मण्डल की ओर से वी.एस. गुप्ता द्वारा औषधि विक्रेताओं द्वारा एक्सपायर दवाईयां बेचे जाने/ग्राहक को बिल आदि ने देने के विषय में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा औषधि निरीक्षक फिरोजाबाद को आवश्यक सुधारात्मक एवं जागरुकता कार्यवाही करने तथा फूड एवं ड्रग विभाग द्वारा संयुक्त रुप से टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश निर्गत किये। बैठक में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति के नामित सदस्य एवं व्यापार मंडल प्रतिनिधियों सहित डॉ. अनिल यादव, डॉ. सूरज, रमेश चन्द्र, डॉ. मनोज कुमार, संदीप कुमार, उमेश कुमार, विनोद वर्मा, अरुण कुमार, राहुल शर्मा, जितेन्द्र कुमार, अंकुश शर्मा तथा आयुष वेद शाक्य सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन समस्याओं के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन




**चुनार, मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव रामराज सिंह पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को उप जिलाधिकारी कक्ष के सामने प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित सात सुत्रीय ज्ञापन तहसीलदार इवेन्द्र सिंह को सौपा। जिसमें पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमत में बढ़ोतरी को तत्काल कम करने की मांग। पेपर लीक होने के वावजूद विफल रहे शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग। चुनार में पोस्टमार्टम हाउस में शव विच्छेदन का कार्य तत्काल चालू करने की मांग। अवैध तरीके से मादक पदार्थो की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग। इस दौरान सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष यादव, निजामुद्दीन, घनश्याम विश्वकर्मा, रमेश सिंह, अज़ीज़ भाई, शिवपूजन यादव, मंत्री यादव सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### साइबर सेल ने पांच पीड़ितों के 72,400 रुपये कराए वापस



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर सेल भदोही ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के पांच मामलों में पीड़ितों के कुल 72,400 रुपये वापस कराए हैं। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने भदोही पुलिस और साइबर सेल का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, पांचों पीड़ितों ने अपने साथ हुई ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए साइबर सेल ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से कार्रवाई की और पीड़ितों की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें। इस अभियान में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता एवं आरक्षी कन्हैया कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### फिरोजाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक कुंतल गांजे के साथ पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और रसूलपुर थाने की पुलिस ने आसफाबाद चौराहा से सोमवार सुबह ट्रक से एक कुंतल गांजा बरामद किया है। जिसे ओडिशा से आगरा और आसपास के जिलों में बिक्री के लिए लाया जा रहा था। पकड़े गए पांच अंतरराज्यीय तस्करों में दो ओडिशा के कटक और तीन हाथरस के निवासी हैं। वहीं सरगना मौके से फरार हो गया। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने दोपहर में थाना रसूलपुर में पत्रकारों को बताया कि तस्कर विशाखापत्तनम से ट्रक में पेंट लाद कर अंबाला के लिए चले थे। इसके बाद वे ओडिशा के कोरापूट आए। यहां से गांजे की खेप भरी गई। उसके ऊपर पेंट के डिब्बे कार्टन में रख दिए गए। तस्करी की भनक लगने के बाद एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) आगरा जोन और रसूलपुर पुलिस टीम ने सुबह 8.30 बजे ट्रक को रसूलपुर चौराहे के समीप मोढ़ा के पास रोक लिया। चेकिंग की तो उसमें कार्टनों के नीचे छिपाकर रखी गई बोरियों में 102 किलो गांजा भरा मिला। मौके से पांच तस्कर भी गिरफ्तार किए गए। आरोपितों ने अपने नाम सौरभ बंसल निवासी विसावर, सादाबाद, हाथरस, विजय कुमार नगला मदारी, सुभाष सिंह रतीगढ़ी, सादाबाद, हाथरस, चंदन, चिरंजीव निवासी नजरपुर, जगतपुर, कटक ओडिशा बताया। आगरा के कमलानगर निवासी अंकित फरार होने में सफल रहा। वही सरगना है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटक कर मूक-बधिर विवाहिता ने दी जान, दहेज हत्या का आरोप

**● दो मासूम बच्चों की मां की मौत से परिवार में मचा कोहराम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के भेडा गांव निवासी महेंद्र कुमार की पत्नी पूजा उम्र 25 वर्ष बीती रात अपने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर लिया। मृतक के परिजन उनके ससुर को जानकारी होने पर ग्रामीणों को सूचित किया ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गेट को तुड़वाया गया और फंदे को काटकर शव को नीचे उतारा गया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा उम्र 25 वर्ष पत्नी महेंद्र कुमार निवासी भेडा थाना लालगंज रात को प्रतिदिन की तरह कमरे में सोने गई संदिग्ध परिस्थित मे रात में ही छत पंखे से अपनी साड़ी के सहारे लटक गई और उसकी मृत्यु हो गई परिजन को जानकारी होने पर ग्रामीणों को सूचित किया गया तथा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर किवाड़ तुड़वाकर शव को नीचे उतारा गया और आगे की कार्रवाई में जुट गई।पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर गई और पंचनामा कराकर आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

पूजा के दो पुत्र हैं अभिनव अभियान तथा मृतक पूजा का विवाह सन 2022 में कोराव तहसील के बड़े गांव में हुआ था उनके माता-पिता को भी सूचना दी गई मौके पर उपस्थित रहे। पति महेंद्र कुमार अपने रोजी-रोटी के सिलसिले में शहर मिर्जापुर गए थे और रात वहीं रुके थे घटना को लेकर परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

आज दिनांक 9 6.2026 को सूचना प्राप्त हुई की पूजा पत्नी महेंद्र उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भेड़ा थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है इस सूचना पर मैं उपनिरीक्षक मय फोर्स के मौके पर पहुंचा शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई की गई परिजन के तहरीर पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है किसी लॉयन ऑर्डर की समस्या नहीं है इस संबंध में थाना स्थानीय पर मृतका के भाई के तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 230 /26 धारा 80 (2 bns वह 3/4 डीपी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गयाचौकी प्रभारी दुबारकला।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन शुरू, 28 जून तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही।** मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन एयरेशन सिस्टम योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जनपद के ग्राम सभा पट्टाधारक मत्स्य पालक 8 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन बढ़ाना, आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। इच्छुक लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने के साथ ही योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी मत्स्य विभाग कार्यालय, भदोही से प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने पात्र मत्स्य पालकों से समय रहते आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में 4615 अभ्यर्थी हुए उपस्थित, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर स्थित परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश जांच, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी अभ्यर्थी को प्रतिबंधित सामग्री के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने दिया जाए। अधिकारियों ने कहा कि भर्ती परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराया जा रहा है। परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में कुल 2976 अभ्यर्थियों में से 2290 उपस्थित तथा 686 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 2976 अभ्यर्थियों में से 2325 उपस्थित एवं 651 अनुपस्थित रहे। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

## वृद्ध मां से मिलने आई महिला से मारपीट का आरोप

**● कोर्ट के आदेश पर दंपत्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**मुंबई निवासी महिला ने लगाया गाली-गलौज कर धमकाने का आरोप, घटना का वीडियो होने का दावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रावतयाना में वृद्ध मां से मिलने आई एक महिला के साथ कथित मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले एक दंपत्ति ने उसके साथ सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दोबारा ललितपुर आने पर उसे तथा उसके पति को जान से खत्म करने की धमकी दी। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने के बाद मामला न्यायालय पहुंचा, जिसके आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला रावतयाना निवासी तथा वर्तमान में पनवेल, मुंबई में रहने वाली निधिकमल वर्मा 3 मई 2025 को अपनी वृद्ध मां ममता देवी के बुलावे पर उनसे मिलने ललितपुर आई थीं। सुबह करीब नौ बजे वह अपनी मां के घर पहुंचीं, तभी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोप है कि रावतयाना में रहने वाले गौरव सिंह और उनकी पत्नी संध्या सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट भी की। पीड़िता का कहना है कि घटना के दौरान आसपास के कई लोग मौजूद थे, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम को देखा। मामले को लेकर मोहल्ले में भी काफी चर्चा रही। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि यदि वह दोबारा अपनी मां से मिलने ललितपुर आई तो उन्हें और उनके पति को जान से मार दिया जाएगा। महिला ने दावा किया है कि उसने घटना का वीडियो अपने पास सुरक्षित रखा है, जो जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकता है। पुलिस विवेचना के दौरान वीडियो सहित अन्य साक्ष्यों की जांच करेगी। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बाद में उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की, किंतु वहां से भी समाधान नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने गौरव सिंह और संध्या सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## विंध्याचल में 50 वें श्रीविद्या कोटी कुमकुमर्चन महायज्ञ शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन



**मीरजापुर।** विंध्याचल स्थित विंध्य रेसीडेंसी में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में चल रहे 50 वां श्री विद्या कोटी कुमकुमर्चन महायज्ञ में मंगलवार को अंतिम दिन भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी भी आयोजन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, विश्व शांति व गरीब कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस महानुष्ठान में मुझे कल ही आना त, लेकिन अचानक लखनऊ चले जाने के चलते नहीं आ सका। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी में उनका अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। लगभग आधे घंटे रहने के बाद वह लखनऊ के लिए निकल गए। दो दिवसीय महायज्ञ के अंतिम दिन सुबह दक्षिण भारत से लाए गए विशेष कुमकुम से श्रद्धालुओं ने अर्चन किया। इस दौरान सुहागिन महिलाएं सहित सनातन धर्मावलंबी श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद ललिता सहस्त्रनाम के मंत्रों का पाठ प्रारंभ हुआ। माता ललिता से देश के प्रगति व समाज के अंतिम व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रार्थना की गई।

## अनजान कॉल बनी मुसीबत, युवक के खाते से उड़ाए 55 हजार

**● कोर्ट के आदेश पर साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज**

**1930 हेल्पलाइन की तत्परता से रकम हुई होल्ड**

**पुलिस अब करेगी अज्ञात साइबर ठग की तलाश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक अज्ञात साइबर अपराधी ने फोन कॉल के जरिए युवक को अपने जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए। हालांकि पीड़ित की सतर्कता और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की त्वरित कार्रवाई से पूरी रकम समय रहते होल्ड करा दी गई। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपुरा निवासी जसमीत सिंह पुत्र गुरु चरण सिंह सलूजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। बातचीत के दौरान साइबर ठग ने उन्हें झांसे में लेकर बैंकिंग संबंधी प्रक्रिया करवाई, जिसके कुछ ही समय बाद उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 55 हजार रुपये की राशि निकल गई। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही जसमीत सिंह को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित लेन-देन को ट्रैक किया और रकम को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। बताया गया है कि शिकायत संख्या 33104260082217 के आधार पर साइबर सेल ने समय रहते रकम को फ्रीज करवा दिया, जिससे धनराशि पूरी तरह साइबर ठग के कब्जे में नहीं पहुंच सकी। यह कार्रवाई पीड़ित के लिए बड़ी राहत साबित हुई। जसमीत सिंह का आरोप है कि साइबर सेल द्वारा रकम होल्ड किए जाने के बाद उन्होंने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने और होल्ड रकम को वापस दिलाने की मांग की थी। इसके बावजूद



उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

**साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील**

विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक, केवाईसी, ओटीपी, यूपीआई या खाते से संबंधित किसी भी जानकारी को फोन पर साझा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन लेन-देन की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगी गई रकम को होल्ड कराने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

## ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह

**●दो यात्रियों के लैपटॉप और मोबाइल पर किया हाथ साफ**

**अमृतसर एक्सप्रेस से लैपटॉप व नकदी चोरी**

**अमृतभारत एक्सप्रेस में चार्जिंग पर लगा मोबाइल हुआ गायब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन के आसपास चलती ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह यात्रियों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। बीते दिनों दो अलग-अलग ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के कीमती सामान चोरी होने के मामले सामने आए हैं। एक यात्री का लैपटॉप, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया, जबकि दूसरे यात्री का चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन शातिर चोर उड़ा ले गए। दोनों मामलों में जीआरपी थाना ललितपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ट्रेन संख्या 11058 अमृतसर एक्सप्रेस में हुई। मध्य प्रदेश के सागर जनपद स्थित बीना निवासी आर्जव जैन हजरत निजामुद्दीन से बीना की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एम-03 की सीट संख्या 65 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैग सीट के पास रखा और सो गए। ललितपुर रेलवे स्टेशन के समीप जब उनकी नींद खुली तो उनका बैग गायब था। पीड़ित के अनुसार बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, 10 हजार रुपये नकद, पावर बैंक तथा चार्जर रखा हुआ था। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 43,300 रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरी घटना ट्रेन संख्या 22589 हडपसर-अमृतभारत एक्सप्रेस में हुई। कानपुर निवासी हर्ष श्रीवास्तव गोविन्दपुरी से मनमाड की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एस-08 की बर्थ संख्या 78 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना रेडमी-9 मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट पर लगाया और सो गए। अगली सुबह करीब पांच बजे ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली तो मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट से गायब था। चोरी हुए मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 9 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल




में जियो कंपनी का सिम भी लगा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों मामलों में जीआरपी ललितपुर ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**यात्रियों से सतर्क रहने की अपील**

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए जीआरपी ने रेल यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यात्रा के दौरान कीमती सामान को असुरक्षित न छोड़ें, सोते समय बैग को चेन या लॉक से सुरक्षित रखें तथा मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाते समय उस पर नजर बनाए रखें। पुलिस को आशंका है कि क्षेत्र में कोई सक्रिय गिरोह यात्रियों को निशाना बना रहा है, जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मरने से पहले प्रेमी बोला...मुझे घर में बंद कर जलाया, करंट भी लगाया

**● प्रेमिका के घर वालों की बर्बरता बताने वाला वीडियो हो रहा वायरल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** आगरा के निजी अस्पताल में मृत्यु से पहले प्रेमी ने भी प्रेमिका की मां और दो मामा पर जलाने का आरोप लगाया। उसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। 3.38 मिनट का यह वीडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है। वीडियो में अरुण कराहते हुए कह रहा है कि पांच जून की सुबह उसके पास खुशी के मामा को फोन आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि खुशी उसके साथ है। जबकि ऐसा नहीं था। वह उस समय नोएडा में था। उसने मामा से कहा कि वह उनके पास आ रहा है, जिससे सही स्थिति पता चल जाएगी। वह शिकोहाबाद आ रहा था। तभी खुशी का फोन आया और मैनपुरी चौराहा से ले जाने के लिए कहा। वह खुशी को लेकर उसके घर गया। वहां उसकी मां और दो मामा के अलावा पांच अन्य लोग भी थे। उन्होंने उसे पीटा और करंट भी लगाया। इसके बाद ज्वलनशील पदार्थ डालकर दोनों को जला दिया। इसके बाद पुलिस और मुहल्ले के लोगों ने उन्हें दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। जब मामा और अन्य लोग अंदर थे तो दरवाजा क्यों तोड़ना पड़ा? वे लोग कहां चले गए? इस प्रश्न के उत्तर में उसने कहा कि हो सकता है कि वे घर में ही छिप गए हों। दरवाजा तोड़कर जब सब लोग अंदर आ गए तब वह चले गए होंगे।

**पांच बहनों का इकलौता भाई था अरुण**

अरुण पांच बहनों लक्ष्मी, सुंदरी, शिवानी, रोली और जान्हवी का इकलौता भाई था। स्वजन आगरा से शव को लेकर मंगलवार शाम पहले गंगा नगर पहुंचे तो चीख पुकार मच गई। यहां सुबह से ही स्वजन और रिश्तेदार बैठे थे। पिता धर्मपाल सिंह सीओ अमरीश कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि बेटे के हत्यारों को पकड़कर



कड़ी सजा दिलाओ। एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी जब तक यहां नहीं आएंगे, शव को नहीं उठने दूंगा। अगर किसी ने जबरदस्ती की, तो मैं भी यहीं आत्मदाह कर लूंगा। एसपी ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पिता ने बिलखते हुए कहा कि उनके कुल का चिराग बुझ गया। अब उनकी बेटियों को ससुराल से कौन लाएगा। पाचों बहनों और मां भी बिलख रही थी। इधर शव का अंतिम संस्कार से पहले मामला न बिगड़ जाए। इस आशंका को देखते हुए सीओ के साथ मक्खनपुर थाना प्रभारी चमन शर्मा दोपहर 12 बजे से ही तैनात थे।

## चुनार तहसील मुख्यालय पर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सपाइयों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार (मीरजापुर)।** तहसील मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं तथा क्षेत्र की बदहाल सड़कों समेत विभिन्न जनमुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। सपा के प्रदेश सचिव रामराज सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में चक्रमण किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार इवेंद्र कुमार को सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सपा प्रदेश सचिव रामराज सिंह पटेल ने कहा कि बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और लगातार हो रहे पेपर लीक से किसान, नौजवान, छात्र, व्यापारी तथा समाज का हर वर्ग परेशान हैं। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी महंगी होती जा रही हैं। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने में विफल साबित हुई है। सपईयों ने चुनार स्थित पोस्टमार्टम हाउस में शव विच्छेदन कार्य तत्काल शुरू कराने, जमुई रेलवे पुल के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने, नगर पालिका क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने तथा क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने की मांग उठाई। पूर्व अध्यक्ष निजाम भाई, संतोष यादव, रमेश सिंह स्वामी, शिवपूजन यादव आदि ने संबोधित किया। इसके साथ ही अवैध रूप से बिक रहे शराब, गांजा और हेरोइन जैसे मादक




पदार्थों पर प्रभावी रोक लगाने की भी मांग की। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित से जुड़ी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर गंभीरता से विचार कर समाधान नहीं किया गया तो पार्टी व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान आनंद सिंह, रणजीत सिंह, दीनानाथ सिंह, अनिल सिंह प्रधान, गुरुदत्त सिंह, राजेश निषाद, नंदू यादव, राजकुमार यादव, कैलाश सिंह आदि थे।

## भूत-प्रेत का साया बताकर युवक को फंसाया,इलाज के बहाने बाइक और नकदी लेकर फरार हुए ठग

**● दादी के उपचार का झांसा देकर तालबेहट बुलाया**

**मौका मिलते ही मोटरसाइकिल और रुपये लेकर हुए रफूचक्कर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अंधविश्वास और झाड़-फूंक के नाम पर ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला थाना तालबेहट क्षेत्र में सामने आया है। दो शातिर ठगों ने एक युवक को उसकी बीमार दादी का इलाज करने और उन पर कथित भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद इलाज के बहाने उसे तालबेहट ले गए और मौका पाकर उसकी मोटरसाइकिल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गेवरा गुन्देरा निवासी जयदेव प्रजापति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 4 जून की सुबह करीब सात बजे लाल रंग की टीवीएस सुजुकी मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति उनके घर पहुंचे। दोनों ने बताया कि उन्हें गांव के ही हरिराम ने भेजा है और वे बीमार लोगों का उपचार करते हैं। उनकी बातों पर विश्वास करते हुए जयदेव ने उन्हें घर में बैठाया और अपनी बीमार दादी को दिखाया। आरोपियों ने दादी को देखने के बाद कहा कि उनके उपचार में पांच हजार रुपये खर्च होंगे। इसके बाद उन्होंने परिवार को डराते हुए कहा कि वृद्ध महिला पर भूत-प्रेत का साया है और उसे हटाने के लिए विशेष दवा की जरूरत पड़ेगी, जो तालबेहट में मिलेगी। आरोपियों ने अपना नाम मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के पृथ्वीपुर निवासी भज्जू उर्फ भन्तू आदिवासी तथा रमेश आदिवासी बताया। ठगों की बातों में आकर जयदेव अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से दोनों के साथ तालबेहट के लिए रवाना हो गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे पूराकला तिराहे के पास पहुंचने पर आरोपियों ने उसे कुछ दवा और सामान लाने के लिए सामने की दुकान पर भेज दिया। जैसे ही जयदेव सामान लेने गया, दोनों आरोपी उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि मोटरसाइकिल के हैंडल में एक बैग भी टंगा था, जिसमें पांच हजार रुपये नकद, आधार कार्ड और वाहन के महत्वपूर्ण कागजात रखे थे। आरोपी बाइक के साथ वह बैग भी ले गए। मामले में एक महत्वपूर्ण सुराग भी सामने आया है। जयदेव के अनुसार, जब आरोपी उसके घर पर बैठे थे, तब उसने अपने मोबाइल फोन से आरोपी रमेश और उसकी लाल रंग की मोटरसाइकिल की तस्वीर खींच ली थी। यही तस्वीर अब पुलिस की जांच में अहम भूमिका निभा सकती है और आरोपियों तक पहुंचने का प्रमुख आधार बन रही है। घटना के संबंध में थाना तालबेहट पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

**अंधविश्वास से बचने की अपील**

घटना के बाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और भूत-प्रेत के नाम पर किसी भी अज्ञात व्यक्ति की बातों में न आएं। संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और किसी भी प्रकार के इलाज के लिए केवल प्रमाणित चिकित्सकों की सलाह ही लें।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला उपाध्यक्ष के आवास पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, उमाशंकर शर्मा का जाना हालचाल



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन मंगलवार को नैनी स्थित भाजपा जिला यमुनापार उपाध्यक्ष सविता मिश्रा के आवास पर पहुंचे। उन्होंने सविता मिश्रा के पति उमाशंकर शर्मा का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।इस अवसर पर भाजपा यमुनापार के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला,भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सविता मिश्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यम शुक्ला तथा सोमेश्वर मंडल एवं नैनी मंडल की टीम द्वारा शाहनवाज हुसैन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण पांडे, गणेश पांडे, अभिषेक तिवारी, पार्षद दिलीप केसरवानी, बनवारी लाल, शिवदानी सिंह, समर सिंह, दिनेश पटेल, मोहित अग्रहरि, राजू जायसवाल, विनय सिंह, कमलेश पांडे, रणविजय सिंह, श्याम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।।

### बंद कमरे में मिला 55 वर्षीय राजगीर का शव, पुलिस जांच में जुटी

**नैनी, प्रयागराज-** नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी में किराए के मकान के एक बंद कमरे से 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। कमरे से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान डांडी निवासी सुभाष भारतीय (55) पुत्र स्वर्गीय रामानंद भारतीय के रूप में हुई है। वह पेशे से राजगीर थे। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद सुभाष पिछले चार माह से महेवा पश्चिम पट्टी स्थित सुकुमार गुप्ता के मकान में किराए पर रह रहे थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। राजगीर ने जानकारी दी कि सुभाष पिछले दो दिनों से काम पर भी नहीं पहुंचे थे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और पता चला कि वह महेवा पश्चिम पट्टी में किराए के कमरे में रह रहे हैं।जब परिजन किराए के मकान पर पहुंचे तो कमरे से दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया, जिसके बाद कमरे के अंदर सुभाष भारतीय का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि मृतक नशे का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हुई है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।


### खान चौराहे के बीच सड़क पर बना बड़ा गड्ढा, राहगीरों की जान जोखिम में



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के खान चौराहे के समीप सड़क के बीचो-बीच बने बड़े गड्ढे से राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गड्ढा लगातार बड़ा होता जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।क्षेत्रवासियों के अनुसार, इस समस्या की सूचना कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गड्ढे की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या का संज्ञान लेकर कब तक सड़क की मरम्मत कराते हैं और लोगों को राहत दिलाते हैं।

# खान सर के खिलाफ़ अंजना ओम कश्यप की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पत्रकार अंजना ओम कश्यप और टीवी टुडे नेटवर्क की ओर से दायर अंतरिम राहत की अर्जी पर नोटिस जारी किया। यह अर्जी परीक्षा कोचिंग टीचर फैसल खान (जिन्हें खान सर के नाम से जाना जाता है) और अन्य शिक्षकों द्वारा कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां करने के खिलाफ़ दायर की गई। यह अंतरिम राहत की अर्जी कश्यप द्वारा खान सर और अन्य प्रतिवादियों अभिनय शर्मा, बबीता त्यागी, अरविंद भदौरिया, मनीष यादव और X अकाउंट यूज़र्स SamKhasa और Abhimanyu1305 के खिलाफ़ दायर मानहानि के मुकदमे में दी गई। हालांकि, जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने अर्जी पर कोई अंतरिम रोक का आदेश देने से इनकार किया और मामले की सुनवाई के लिए 17 जून की तारीख तय की। यह मुकदमा खान सर द्वारा पत्रकार के खिलाफ़ 'स्टार टीचर्स' पर उनकी कवरेज के संदर्भ में की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर दायर किया गया। नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने कहा, 'प्रतिवादी 4-6, 8 और 2 के वकील पेश हुए हैं। बाकी लोगों को भी सभी स्वीकार्य तरीकों से नोटिस जारी किया जाए।' कश्यप और नेटवर्क की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट ने कहा कि प्रतिवादी 1-4 सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक और ज़हरीला कंटेंट' पोस्ट कर रहे थे, जिसे बाद में दूसरे लोग उठाते हैं और फैलाते हैं। इस बीच प्रतिवादी 4-6 की ओर से पेश एडवोकेट राकेश मल्होत्रा ने वादी (अंजना ओम कश्यप) द्वारा किए गए पोस्ट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि अगर प्रतिवादी का पोस्ट हटाया जाना है, तो वादी का पोस्ट भी हटाया जाना चाहिए। इस चरण पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा, 'यह बहुत सीधा मामला है। वे कह रहे हैं कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री पोस्ट की गई है। यह स्थापित कानून है कि अगर कोई चीज़ अपमानजनक है, तो उसे हटाया जाना चाहिए... शिकायत बहुत स्पष्ट है। वे कह रहे हैं कि अपमानजनक सामग्री पोस्ट की गई और उनके खिलाफ़ खास आरोप लगाए गए हैं। आपको जो कहना है कहने का अधिकार है, लेकिन अगर यह पहली नज़र में अपमानजनक है तो इसे हटाया जाना चाहिए। 'मल्होत्रा ने प्रतिवादी 5 के खिलाफ़ आरोपों को पढ़ा और तर्क दिया, 'क्या यह मानहानिपूर्ण है? बल्कि वादी ने ही मानहानिपूर्ण (पोस्ट) किया। अगर इसे हटाया जाना है तो दोनों पोस्ट हटाए जाने चाहिए। ' इस पर कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी अपने जवाब में अपनी बात रख सकते हैं। हालांकि, मल्होत्रा ने तर्क दिया कि मान लीजिए कोई आदेश पारित किया जाता है तो क्या प्रतिवादी उसके बारे में नहीं लिख सकता? क्या ऐसा करना मानहानिपूर्ण होगा? मल्होत्रा ने तर्क दिया, 'अनुच्छेद 19 के तहत मुझे अपनी सुरक्षा प्राप्त है। क्या उन सभी के खिलाफ रोक लगाई जा सकती है? उन्हें यह बताना होगा कि वे किसके खिलाफ रोक चाहते हैं और उन पर क्या विशिष्ट आरोप हैं।' इस बीच प्रतिवादी 7 (फेसबुक अकाउंट ऑपरेटर) की ओर से पेश वकील ऋषभ राजन ने कहा कि वादी ने कंटेंट को दोबारा पोस्ट करने को भी आपत्तिजनक बताया है और मेरे खिलाफ व्यापक रोक (ओवरआर्चिंग इंजेक्शन) की मांग की। प्रतिवादी नंबर 8 'yPM न्यूज़ नेटवर्क' के वकील सुधांशु तिवारी ने तर्क दिया कि ऑनलाइन शिक्षकों पर वादी की कवरेज के जवाब में कुछ प्रतिवादियों ने वीडियो पोस्ट किए। उन्होंने कहा 'उनके (वादी के) अनुसार, हमारी प्रतिक्रियाएं मानहानिपूर्ण हैं। उनका मामला यह है कि 8 प्रतिवादियों ने अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर 18 कंटेंट पोस्ट किए। इन सभी अलग-अलग कंटेंट के लिए कार्रवाई का कारण (कॉज़ ऑफ़ एक्शन) भी अलग-अलग है। उन्होंने इन सबको एक ही मुकदमे में मिला दिया। यह मुकदमा चलने योग्य नहीं है। उन्हें अलग-अलग मुकदमे दायर करने चाहिए।' इस बीच कश्यप के वकील ने 'सभी प्रतिवादियों द्वारा इस्तेमाल की गई ज़हरीली भाषा' की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह भाषा 'वास्तव में हिंसा भड़काने वाली' थी।उन्होंने तर्क दिया, 'वे मेरे बच्चों को इसमें घसीट रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि हम तुम्हें और तुम्हारी बेटी को गोली मार देंगे।' जब अदालत ने नोटिस जारी किया तो वकील ने आग्रह किया कि इस बीच प्रतिवादियों को कंटेंट हटा देना चाहिए।हालांकि, अदालत ने कहा कि उसे इस बिंदु पर मामले की सुनवाई करनी है और कहा, 'इसीलिए मैं कह रहा हूं कि क्या इसे जुलाई या अगले सप्ताह के लिए रखा जाए।' जब कश्यप के वकील ने आग्रह किया कि अभी सुनवाई की जाए तो अदालत ने कहा कि आज 60 मामले सूचीबद्ध हैं और प्रतिवादियों को आवेदनों पर अपना जवाब दाखिल करने दिया जाए। इस बीच कुछ प्रतिवादियों की ओर से पेश वकीलों ने आग्रह किया कि कोई तात्कालिकता नहीं है और वादी किसी व्यापक आदेश (ब्लैंकेट ऑर्डर) की मांग नहीं कर सकता। हाईकोर्ट ने मामले को 17 जून के लिए सूचीबद्ध किया। अंजना ओम कश्यप और टीवी टुडे नेटवर्क की ओर से सीनियर वकील के साथ वकील ऋषिकेश बरुआ पेश हुए। कश्यप और टीवी टुडे नेटवर्क ने खान सर द्वारा 'स्टार टीचर्स' पर उनकी कवरेज के बारे में की गई कथित मानहानि वाली टिप्पणियों - जैसे 'बिकाऊ', 'चाटुकार', 'दलाली', 'फेक न्यूज़ की दुकान' आदि - को हटाने की मांग की। यह विवाद हृश्वश्वज्ञ परीक्षा प्रणाली पर एक लाइव डिबेट के दौरान शुरू हुआ, जब कश्यप ने कथित तौर पर ऑनलाइन टीचर्स की आलोचना करते हुए उन्हें 'धोखेबाज़' और सिर्फ़ व्यूज़ के पीछे भागने वाले 'सिर्फ़ समझाने वाले' (E&plainers) कहा था। 2 करोड़ रुपये के मानहानि के इस मुक़दमे में ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म से कथित मानहानि वाली सामग्री को हटाने की मांग की गई।

## गंगा में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

**● मनैया घाट पर मचा कोहरामप्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी,प्रयागराज-** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत मनैया घाट पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में गंगा नदी में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, तीन किशोर गंगा में स्नान करने गए थे। नहाते समय वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए परिवार का एक सदस्य भी नदी में कूद गया, लेकिन वह भी पानी में फंसकर डूबने लगा। घटना देखकर आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने साहस दिखाते हुए पानी में डूब रहे एक युवक और एक किशोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो किशोर गहरे पानी में समा गए।सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया। काफी प्रयास के बाद दोनों किशोरों के शव नदी से बाहर निकाले गए। मृतकों की पहचान राजन यादव (16 वर्ष) और अभिषेक यादव (13 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे और मुंगारी क्षेत्र के सल्दी का पूरा गांव के निवासी थे। राजन कक्षा 8 तथा अभिषेक कक्षा 6 के छात्र थे और वे भीरपुर स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ते थे।परिवार में उनके पिता, जो पेशे से चालक हैं, माता ममता देवी तथा एक अन्य भाई अनुराग हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र कमलेश कुमार पटेल ने बताया कि परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और अंतिम संस्कार के लिए शव अपने साथ ले गए।इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने नदी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने और स्नान करने वालों को सावधानी बरतने की अपील की है।

### एससी/एसटी एक्ट के मामले में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना खुल्दाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एससी/एसटी एक्ट और बीएनएस की गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को थाना परिसर से गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना खुल्दाबाद में पंजीकृत मुकदमा संख्या 47/2026, धारा 69 बीएनएस एवं 3(2)V एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त आदेश यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव निवासी शांतिनगर, झलवा, थाना धूमनगंज, जनपद प्रयागराज को 9 जून 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना एवं पुलिस की सतर्कता के चलते अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## प्रधान को देना होगा इस्तीफा, वोट लूट के खिलाफ चीफ जस्टिस को लिखेंगे पत्र

**● 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में फैसला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की आज दिल्ली में हुई बैठक में घटक दलों के बीच 5 मुद्दों पर सहमति बनी, जिन पर सभी मिलकर पूरी ताकत से काम करेंगे। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बताया कि हम देश में वोट लूट के खिलाफ प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखेंगे और नीट पेपर लीक और सीबीएसई विवाद को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करेंगे। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने पांच बिंदुओं पर सहमति जताई है। यह सहमति बनी कि वोट लूट, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में हेरफेर और चुनावों की निष्पक्षता पर उठे गंभीर प्रश्नों के संबंध में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा। यह पत्र शीघ्र ही उन्हें सौंपा जाएगा।' विपक्षी गठबंधन ने यह भी कहा कि सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। 'इंडिया' गठबंधन ने यह सहमति भी जताई कि उसके नेता हर दो महीने पर बैठक करेंगे और अगली बैठक हैदराबाद में होगी। खड़गे ने कहा कि लाखों विद्यार्थियों को प्रभावित करने वाले अनेक गंभीर मुद्दों की स्थिति को देखते हुए, सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की जाए, क्योंकि उनके कार्यकाल में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में शामिल लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'वर्तमान गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार को तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।' खड़गे ने कहा, 'मानसून सत्र के दौरान संसदीय समन्वय जारी रहेगा और प्रतिदिन प्रातःकाल राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।' 'इंडिया' के घटक दलों की बैठक में बीजेपी से मुकाबला करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में दिए शुरुआती संबोधन में खड़गे ने सोमवार को 'इंडिया' गठबंधन के दलों का आह्वान किया कि वे मोदी सरकार द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों से निपटने के लिए उस एकजुटता की भावना को और मजबूत करें, जो इस साल 17 अप्रैल को महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ दिखी थी। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार संविधान पर हमला जारी रखे हुए है। दिल्ली के 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब' में हुई इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, आरजेडी के तेजस्वी यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सुप्रिया सुले समेत 25 दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे इस बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के जॉन ब्रिटास, सीपीआई महासचिव डी. राजा, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य और कई अन्य दलों के नेताओं ने भी भाग लिया।।

## यूपी सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से छिना यूपीडा

**● अब सीएम योगी के अधीन एक्सप्रेस-वे का काम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार में ताकतवर मंत्री माने जाने वाले नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' को बड़ा झटका लगा है. प्रदेश में एक्सप्रेस-वे और औद्योगिक गलियारों के निर्माण की देखरेख करने वाली संस्था उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी यूपीडा का पूरा कामकाज अब उनके पास से वापस ले लिया गया है. सचिवालय प्रशासन ने 27 मई 2026 को जारी एक आदेश में कहा है कि यूपीडा से जुड़े सभी कार्य अब अवस्थापना विकास अनुभाग को सौंपे जा रहे हैं. यह विभाग सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास है. सरकार ने बेहतर तालमेल और कामकाज में तेजी लाने को इस बदलाव की वजह बताया है। नंद गोपाल गुप्ता नंदी योगी सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री हैं. पिछले कुछ समय से यूपीडा का प्रभार भी उन्हीं के पास था. यूपीडा के जरिए प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं का निर्माण हो रहा है. इन परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण, टेंडर प्रक्रिया और निजी निवेशकों से समन्वय का काम यूपीडा देखता है। सचिवालय के आदेश के अनुसार, अब यूपीडा के अधीन चल रही सभी एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं का काम अवस्थापना विकास अनुभाग को दिया जाएगा. आदेश में कहा गया है कि पहले काम के बंटवारे में कुछ विरोधाभास और पत्रावलियों के निपटारे में दिक्कतें आ रही थीं. इसे दूर करने के लिए यूपीडा से संबंधित समस्त कार्यों को तत्काल प्रभाव से अवस्थापना विकास अनुभाग को आवंटित किया जाता है. सीधे शब्दों में कहें तो अब एक्सप्रेस-वे बनाने से जुड़े फैसले सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय की देखरेख वाले विभाग से होंगे. इससे परियोजनाओं में तेजी आने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक हलकों में इसे नंदी के कद में कमी के तौर पर देखा जा रहा है. नंदी प्रयागराज की दक्षिणी सीट से विधायक हैं और योगी सरकार में सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में गिने जाते हैं. उनके पास औद्योगिक विकास के साथ निर्यात प्रोत्साहन और एनआरआई जैसे अहम विभाग भी हैं, लेकिन यूपीडा जैसा बड़ा प्रभार छिनना यह संकेत देता है कि सरकार एक्सप्रेस-वे जैसी मेगा परियोजनाओं पर सीधे नियंत्रण रखना चाहती है। सरकार की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अवस्थापना विकास अनुभाग को बड़ी लागत वाली अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए नीति निर्धारण और समन्वय का काम पहले से ही सौंपा गया है. यूपीडा के काम भी इसी दायरे में आते हैं. ऐसे में दो अलग-अलग जगहों पर काम बंटने से देरी हो रही थी. अब एक ही जगह पर सारा काम आने से निर्णय तेजी से होंगे.।

### हिस्ट्रीशीटर साजन मेहतर हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** थाना जार्जटाउन पुलिस ने बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर साजन मेहतर हत्याकांड में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे गोलू भारतीया को मंगलवार को थाना क्षेत्र के तुलाराम बाग स्थित डाट पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गोलू भारतीया (33 वर्ष) पुत्र गुलाब चन्द्र भारतीया, वार्ड संख्या-44 पूरा पड़ाइन झोपड़पट्टी, थाना दारागंज का निवासी है। यह थाना जार्जटाउन में दर्ज हत्या के मुकदमे में लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 जुलाई 2025 की रात जार्जटाउन थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर साजन मेहतर की निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना जार्जटाउन में मुकदमा संख्या 196/2025 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच और लगातार की जा रही छापेमारी के दौरान पुलिस पहले ही इस हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब सातवें आरोपी गोलू भारतीया की गिरफ्तारी के साथ पुलिस को मामले में एक सफलता मिली है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गोलू भारतीया का आपराधिक इतिहास भी लंबा रहा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2018 से लेकर 2025 तक उसके खिलाफ दारागंज और जार्जटाउन थानों में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

### न्यायालय के आदेश पर एक परिवार के आठ लोगो के खिलाफ मुकदमा

**गोपीगंज।** कोतवाली के डेरवा गांव मे ग्राम समाज की जमीन पर जबरन कब्जा व मारपीट करने के आरोप मे न्यायालय के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है, गांव निवासी जगनारायण यादव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर विरोधी पक्ष पर उनके मौके पर स्थित ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया था, आरोप लगाया कि 22 फरवरी को नाद खूटा चन्नी आदि हटाने लगे जिसका विरोध करने पर मारपीट कर परिवार के लोगो को घायल कर दिया। उनके प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय से मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया गया था, न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए गोपीगंज पुलिस ने आमोद यादव, विनोद, नंदलाल, दीनानाथ, कविता, सावित्री, संतोष व प्रगति के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर लिया।

### पुरानी रंजिश में खूनी संघर्षः लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला

**● चार घायल, दो की हालत गंभीर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** गंगानगर क्षेत्र के मऊआइमा थाना अंतर्गत गोपालापुर गांव में पुरानी रंजिश ने सोमवार रात हिंसक रूप ले लिया। जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे चार लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपालापुर गांव निवासी वासिक अख्तर और उनकी पत्नी गुलफुल निशा का गांव के ही कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व भी इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसके संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार रात एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले दोनों ओर से कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला उग्र हो गया और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर भिड़ गए। आरोप है कि इस दौरान कुल्हाड़ी सहित अन्य धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। संघर्ष के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों में दुबक गए। मारपीट में एक पक्ष के तौफीक और इश्तियाक तथा दूसरे पक्ष के मोहम्मद रैसुल और मोहम्मद नदीम घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मऊआइमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊआइमा पहुंचाया, जहां प्राथमिबीबीक उपचार के बाद तौफीक और इश्तियाक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

### भाजपा सरकार पर पीडीए आरक्षण में घोटाले का सपा ने लगाया आरोप

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने मंगलवार को जिला कार्यालय कंसापुर, ज्ञानपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) वर्ग के आरक्षण में अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई विभिन्न भर्तियों में आरक्षित वर्ग के हजारों पदों पर आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। प्रदीप यादव ने दावा किया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती समेत विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण की अनदेखी की गई, जिससे पीडीए वर्ग के अभ्यर्थियों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि आरक्षण संविधान प्रदत्त अधिकार है और समाजवादी पार्टी इसके संरक्षण के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आरक्षण व्यवस्था को कमजोर कर रही है। सपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी पीड़ित एवं वंचित वर्गों की आवाज उठाती रहेगी और वर्ष 2027 में सरकार बनने पर सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देगी। प्रेस वार्ता में जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, संतोष यादव, लालचंद बिंद, कमलेश यादव, विनोद यादव, गामा प्रसाद यादव तथा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र 'पप्पू' सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवासीय प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, वांछित आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना कैण्ट पुलिस ने आवासीय प्लॉट दिलाने के नाम पर रुपये लेकर न तो जमीन की रजिस्ट्री कराने और न ही धनराशि वापस करने के आरोप में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरज तिवारी पुत्र जीत नारायण तिवारी निवासी बरवाँ बमरौली उपरहार, थाना पूरामुफ्ती, जनपद प्रयागराज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने उन्हें आवासीय प्लॉट उपलब्ध कराने का झांसा देकर कई किश्तों में बड़ी धनराशि प्राप्त कर ली। आरोप है कि रुपये लेने के बावजूद न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पीड़ित की रकम वापस की गई। पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की गई। इसके बाद माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-05, इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित चल रहे आरोपी आशुतोष कुमार तिवारी पुत्र राजनारायण तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम महेशपुर, थाना




विजय नगर, जनपद गोपालगंज (बिहार) का निवासी है तथा वर्तमान में बेला छपड़ा, थाना बेला, जनपद मुजफ्फरपुर (बिहार) में रह रहा था।

### मेजा पुलिस ने 9 भैंसों की चोरी का पर्दाफाश, 8 आरोपी गिरफ्तार

**4 भैंसें व 90 हजार से अधिक नकदी बरामद**

**प्रयागराज।** मेजा थाना पुलिस ने पशु चोरी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 4 भैंसें, अन्य चोरी की भैंसों की बिक्री से प्राप्त ?90,420 नकद तथा घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, थाना मेजा क्षेत्र के हड़गड़ गांव निवासी कमलेश दूबे ने 31 मई 2026 की रात अज्ञात चोरों द्वारा उनकी गौशाला का ताला तोड़कर 9 भैंसें चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना मेजा पर मुकदमा संख्या 295/2026 धारा 305ए एवं 331(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। लगातार जांच, मुखबिरों की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मंगलवार को भईयाँ पहाड़ी क्षेत्र से गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राज बहादुर उर्फ अंकुल यादव (सतना, मध्य प्रदेश), जफर अली (सतना, मध्य प्रदेश), मुस्सरफ अली (कौशाम्बी), तौफिक अहमद (प्रयागराज), लल्लू खान, लालू खान एवं इसालत खान (प्रतापगढ़) तथा अभिषेक खान (छतरपुर, मध्य प्रदेश) शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने भैंस चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई 4 भैंसें बरामद कीं। साथ ही अन्य चोरी की भैंसों को बेचकर प्राप्त 90,420 नकद भी बरामद किया गया। पुलिस ने चोरी की घटना में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन (एमपी-53-जीए-3374) तथा एक मारुति इको वाहन (यूपी-70-एचक्यू-4243) भी कब्जे में लिया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर एएनसी जांच शिविर आयोजित



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखण्डः-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड सरकार के निर्देश पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर में एएनसी (गर्भावस्था पूर्व जांच) शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। इस दौरान ब्लड सैंपल लेकर हीमोग्लोबिन, वीडीआरएल, ब्लड शुगर, प्रोटीन एवं यूरीन सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गई। जांच के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। एएनसी जांच के उपरांत चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को मेडिकल पर्ची प्रदान करते हुए उषा डायग्नॉस्टिक सेंटर, नारायणपुर में निःशुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी कराने की सलाह दी। चिकित्सकों ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच एवं अल्ट्रासाउंड से मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव होती है तथा संभावित जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. अर्पिता बेरा, डॉ. केदार महतो, सूर्यकांत सुधाकर, बेबी पुष्पा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे। शिविर के सफल आयोजन में स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

## राज्यपाल से मिले ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि, 9 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग, झारखण्डः-** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर 9 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में ब्राह्मण समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार से विशेष पहल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्राह्मण महासभा के संयोजक मनोज पाण्डेय तथा अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को बताया कि राज्य में ब्राह्मण समाज के एक बड़े वर्ग की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में समाज के संरक्षण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए सरकार की ओर से विशेष सहयोग की आवश्यकता है। प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के समक्ष 9 प्रमुख मांगें रखीं। इनमें राज्य में ब्राह्मण आयोग के गठन, धार्मिक न्यास परिषद में साधु-संतों की नियुक्ति, सभी मठ-मंदिरों में कार्यरत पुजारियों को न्यूनतम 25 हजार रुपये मासिक मानदेय सुनिश्चित करने, बीपीएल श्रेणी के ब्राह्मण परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति देने तथा आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण परिवारों को शिक्षा और विवाह के लिए सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस को सरकारी अवकाश घोषित करने, राज्य की राजधानी में भगवान परशुराम मंदिर, धर्मशाला एवं गौशाला निर्माण के लिए 11 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि की नियुक्ति करने तथा पहली से दसवीं कक्षा तक संस्कृत विषय को पूर्व की भांति अनिवार्य रूप से लागू करने की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार राज्यपाल ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित आवेदन को राज्य सरकार तथा मुख्यमंत्री के समक्ष अग्रसारित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित और समाजहित से जुड़े विषयों पर उचित स्तर पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश प्रभारी देवचरण पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, रौशन पाण्डेय सहित समाज के कई प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल होगी।

# जीएमसीएच बेतिया के चीरघर के सामने गंदगी का अंबार, दूषित जलजमाव से मरीजों व परिजनों में बीमारी का डर

**● पोस्टमार्टम भवन के समक्ष महीनों से जमा गंदा पानी, अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच), बेतिया एक बार फिर अपनी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। मरीजों के उपचार, साफ-सफाई, अस्पताल परिसर में दलालों की सक्रियता और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। अब अस्पताल के चीरघर (पोस्टमार्टम हाउस) के सामने फैले गंदे और दूषित जलजमाव ने नई चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों, अस्पताल कर्मियों और मृतकों के परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम भवन के सामने लंबे समय से गंदा पानी जमा है। भीषण गर्मी के मौसम में यह जलजमाव न केवल दुर्गंध फैला रहा है, बल्कि मच्छरों और संक्रामक बीमारियों के प्रसार का भी कारण बन सकता है। ऐसे माहौल में पोस्टमार्टम के लिए आने वाले परिजनों और अस्पताल कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों का आरोप है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। पुराने चीरघर के सामने भी लंबे समय तक गंदगी, जलजमाव और आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता था। कुछ माह पूर्व चीरघर को नए भवन में स्थानांतरित किया गया, लेकिन हालात आज भी लगभग वैसे ही बने हुए हैं। स्थान बदल गया, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दूषित जलजमाव से मलेरिया, डेंगू, हैजा और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज जैसे स्वास्थ्य संस्थान के परिसर में इस प्रकार की स्थिति चिंताजनक मानी जा रही है। अस्पताल आने वाले लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को वास्तविक स्थिति से पूरी तरह अवगत नहीं कराया जाता, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। अस्पताल कर्मियों और परिजनों ने जिला प्रशासन एवं जीएमसीएच प्रबंधन से मांग की है कि चीरघर परिसर में जमा गंदे पानी की तत्काल निकासी कराई जाए, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि मरीजों, परिजनों और कर्मचारियों को राहत मिल सके।

## पुरुषोत्तमपुर पुलिस की तत्परता से दो लापता बच्चे सकुशल बरामद




**बेतिया।** पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के भेड़िहारी वार्ड संख्या-03 निवासी समीर आलम (12 वर्ष), पिता- खुर्शीद आलम एवं आशिफ आलम (9 वर्ष), पिता- जावेद आलम 8 जून की सुबह घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद 9 जून को इसकी सूचना पुरुषोत्तमपुर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही नव पदस्थापित थानाध्यक्ष कमलेश भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू की और महज तीन घंटे के भीतर दोनों बच्चों को मर्जदवा रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। जांच में पता चला कि दोनों बच्चे ट्रेन पकड़कर रक्सौल चले गए थे और वहां से नरकटियागंज की ओर भटकते हुए पहुंच गए थे। पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों को सूचना दे दी है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 313 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, 32 हाई रिस्क चिन्हित





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज परिसर में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की मॉनिटरिंग अस्पताल प्रभारी डॉ. इंद्रदेव यादव ने की, जबकि सिविल सर्जन सुपौल ने भी कार्यक्रम का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य प्रबंधक एस. अदिब अहमद ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज, कोरियापट्टी एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाजीतपुर में कुल 287 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 29 महिलाओं को उच्च जोखिम (हाई रिस्क) श्रेणी में पाया गया। वहीं अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत कुल 313 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इनमें 32 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके उपचार एवं विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, आरबीएस, यूरिन, एचआईवी, वीडीआरएल, एबीओ एवं आरएच फैक्टर सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गई। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर में शामिल महिलाओं को आवश्यक दवाएं और अल्पाहार भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. बी.एन. पासवान, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. कृतिका कुमारी, प्रखंड लेखपाल असगर अंसारी, स्वास्थ्य सलाहकार प्रवेश कुमार, इश्तियाक अहमद, एएनएम स्कूल की छात्राओं तथा क्षेत्र की एएनएम कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ राजद का प्रदर्शन, सरकार के विरुद्ध की नारेबाजी

**● उपशीर्षक : पूर्व विधायक रेखा देवी के नेतृत्व में मसौढ़ी प्रखंड परिसर में धरना-प्रदर्शन, कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल कुमार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार में बढ़ती हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यकर्ताओं ने मसौढ़ी प्रखंड परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक रेखा देवी ने किया। यह प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है। उन्होंने सरकार से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रेखा देवी ने कहा कि बिहार में हत्या, लूट, बलात्कार और चोरी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं तथा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस मुद्दे पर राजद लगातार आवाज उठाता रहेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ भी नारे लगाए और राज्य की कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग की। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, बृजनंदन सहाय, राम अनुज यादव, पलटन सिंह, भाई बिट्टू यादव, मनोज कुमार, रजत सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राजद नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि अपराध पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पार्टी आने वाले दिनों में व्यापक जनआंदोलन चलाएगी।

## उपासना मरांडी के प्रयास से तीन गावों में बहाल हुई बिजली, ग्रामीणों को मिली राहत

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** प्रखंड के पलियादहा और फूलझींझरी पंचायत अंतर्गत सुजानपड़ा निचेटोला और ऊपरटोला तथा फूलझींझरी गांव में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्या उपासना मरांडी.के प्रयास से 25 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही उपासना मरांडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और शीघ्र समाधान की पहल की। उनके निरंतर प्रयास और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज तीनों गांव को नया ट्रांसफार्मर मिला और बिजली आपूर्ति पुनः सुचारू हो गई। उपासना मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की आवाज बनकर उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराया।

# व्यवसायी की बरही में गोली मारकर हत्या, केदारनाथ जाने के लिए निकला था युवक

**● टायर बदलने के दौरान बदमाशों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग रोड स्थित करसो पुल के पास मंगलवार देर रात करीब 11 बजे अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान विक्की सोनी पिता स्व. देवनंदन सोनी पैगोडा चौक न्यू एरिया गली, ओकनी, सदर थाना, हजारीबाग निवासी के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों के अनुसार विक्की सोनी अपने मित्र अभिषेक कुमार सोनी के साथ जेएच 02 एई 0232 नंबर की इयोन कार से हजारीबाग से कोडरमा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान करसो पुल के पास उनकी कार का टायर फट गया। दोनों सड़क किनारे रुककर टायर बदल रहे थे। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उनमें से एक युवक बाइक से उतरा और विक्की सोनी के गले में गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अभिषेक कुमार सोनी गंभीर रूप से घायल विक्की को कार से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले थे विक्की सोनी :**

मृतक के दोस्तों ने बताया कि विक्की सोनी अपने चार दोस्तों के साथ कोडरमा स्टेशन से दून एक्सप्रेस पकड़कर केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले थे। यात्रा की पूरी तैयारी कर ली गई थी, लेकिन रास्ते में ही यह दर्दनाक घटना घट गई। मृतक के चारो दोस्त कोडरमा स्टेशन पर मिलने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**हजारीबाग के कोर्रा चौक पर चलाते थे ज्वेलरी व बर्तन दुकान :**

परिजनों ने बताया कि विक्की सोनी हजारीबाग के कोर्रा चौक स्थित देवनंदन ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान व बर्तन दुकान का संचालन करते थे। वह अपने परिवार के चार भाइयों और दो बहनों में शामिल थे। परिवार के अनुसार उनकी शादी की बातचीत भी चल रही थी। प्राथमिक तौर पर इस हत्याकांड को पारिवारिक रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस



सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। इस सम्बंध में बरही थाना के पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि करसो पुल के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**एसडीपीओ बरही घटना स्थल पर पहुंचकर कर रहे है छानबीन :**

बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, इंस्पेक्टर बिनोद कुमार घटना स्थल पहुंचकर छानबीन में जुट गए है और परिजनों व उनके दोस्तों से पूछताछ कर रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता समेत अन्य पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

# योग्य मतदाताओं का नाम न कटे, इसके लिए झामुमो ने शुरू की तैयारी

**● 12 जून को होगा SIR प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कार्यालय, पाकुड़ में जिला अध्यक्ष आजिजुल इस्लाम की अध्यक्षता में बीएलए-2 प्रशिक्षण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने किया। बैठक में आगामी 12 जून को केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडे एवं केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा के पाकुड़ आगमन तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्य के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करते हुए उन्हें क्षेत्र में सक्रिय भ्रमण कर मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा गया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटना चाहिए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम यादव, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे तथा जिला सचिव माइकल मुर्मू ने अपने संबोधन में बूथ समितियों को सक्रिय रखने और मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य निशा शबनम हांसदा, मिथिलेश घोष, जिला संगठन सचिव अनारुद्दीन मियां, मनीराम मरांडी, सचिन तरुण मंडल, सहसचिव लाल मोहम्मद




अंसारी, जिला सचिव जावेद आलम, जोसेफिना हेंब्रम, सुशीला देवी, युवा मोर्चा जिला सचिव अमित भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा के कदम रसूल, छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुर्मू, सचिव तोसिफ इकबाल, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, प्रखंड सचिव राजेश सरकार, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इश्क अंसारी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, अमड़ापाड़ा के श्यामलाल हांसदा, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष आजफारुल शेख, लिट्टीपाड़ा के रंजन शाह, महेशपुर प्रखंड उपाध्यक्ष इनामुल हक, अमड़ापाड़ा के थॉमस मुर्मू तथा जिला सदस्य अख्तर आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चीनपाड़ा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

**●खिलाड़ियों का बढ़ाया गया उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, झारखंडः-** लिट्टीपाड़ा प्रखंड की जामजोड़ी पंचायत अंतर्गत चीनपाड़ा गांव में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया अपने सहयोगियों के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने संथाली परंपरा एवं रीति-रिवाजों के अनुसार महावीर मड़ैया का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते



हुए कहा कि सरकार आम लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र में पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं सड़क जैसी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया। महावीर मड़ैया ने कहा कि जनता के अधिकारों और सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय जनता दल हमेशा संघर्ष करने को तैयार है। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु श्रम, नियोजन एवं उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से मांग किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजद किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मरांडी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मड़ैया, आमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन से खिलाड़ियों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## नेपाल सीमा पर चौकसी और इंटेलिजेंस बढ़ेगी

**पटना।** बिहार से लगने वाली भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ आसूचना तंत्र (इंटेलिजेंस) को और समृद्ध किया जाएगा। आईजी बॉर्डर इसकी कमान संभालेंगे। राज्य सरकार ने आईजी बॉर्डर के पद का सृजन किया है। इसकी राज्य कैबिनेट से भी स्वीकृति मिल चुकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार, बिहार में करीब 729 किलोमीटर लंबी नेपाल सीमा है, जो पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत सात जिलों से होकर गुजरती है। यह विशुद्ध रूप से खुली सीमा है। इसके साथ ही चार जिले ऐसे हैं जो बंगाल, झारखंड एवं उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा से भी जुड़े हैं। नेपाल की खुली सीमा से घुसपैठ की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा अवैध व्यापार, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों, नकली मुद्रा, सोने और विदेशी सामानों की तस्करी की भी शिकायतें मिलती रहती हैं। बिहार और नेपाल के बीच बड़ी संख्या में रोज लोगों का आवागमनन होता है, जिससे सुरक्षा एवं पहचान की चुनौती भी बनी रहती है। इन सब को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए बॉर्डर आईजी का पद सृजित किया गया है। आईजी बॉर्डर विशेष शाखा के अंतर्गत काम करेंगे। वर्तमान में बॉर्डर सुरक्षा की जिम्मेदारी डीआईजी रैंक के अधिकारी के पास है। यह पद भी हाल ही में सृजित किया गया था।

# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, एर्टिगा कार से 475 लीटर से अधिक अवैध विदेशी शराब बरामद

**● वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर फरार, शराब और वाहन जब्त, आरोपियों की पहचान में जुटा विभाग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हज़ारीबाग जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोर्रा थाना क्षेत्र में मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे सिंदूर चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी एर्टिगा को संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन चालक गाड़ी नहीं रोककर भागने लगा। उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन का पीछा किया। पीछा करने के दौरान चालक कटकमदाग थाना क्षेत्र के सालगांव स्थित हाई स्कूल के समीप गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। इसके बाद अधिकारियों ने वाहन की विधिवत तलाशी ली, जिसमें बड़ी मात्रा में शराब से भरे कार्टन बरामद हुए। जांच में 55 कार्टन में लंदन ब्रेवरेज निर्मित जॉर्ज विलियम ब्रांड की 180 एमएल पैकिंग वाली कुल 475.2 लीटर अवैध विदेशी शराब तथा रॉयल ग्रीन ब्रांड की 375 एमएल की 6 बोतलें बरामद की गई। उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर ही शराब और वाहन को विधिवत जब्त कर लिया। विभाग द्वारा मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक भुनेश्वर नायक, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह तथा सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। उत्पाद विभाग ने कहा है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बिहार में अमूल लगाएगा 200 करोड़ की मेगा डेयरी प्लांट

**पटना।** बिहार के फतुहा औद्योगिक क्षेत्र में अमूल से जुड़ी कंपनी मेसर्स काइरा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड द्वारा करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी। यह परियोजना राज्य के डेयरी सेक्टर को नई मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह डेयरी प्रसंस्करण इकाई लगभग 13 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी, जहां दूध और अन्य ताजा डेयरी उत्पादों का उत्पादन और प्रसंस्करण किया जाएगा। इकाई को आधुनिक तकनीक और उच्च क्षमता वाली प्रोसेसिंग सुविधा के साथ तैयार किया जाएगा। इससे राज्य में डेयरी उत्पादन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इस परियोजना से लगभग 200 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

साथ ही यह स्थानीय दुग्ध उत्पादकों और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी। डेयरी आधारित उद्योगों के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की संभावना जताई गई है।

# आईसीटी चैंपियनशिप में हजारीबाग के अक्षय कुमार ने झारखंड में किया टॉप

**● दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के छात्र ने 94.44 प्रतिशत अंक के साथ हासिल किया प्रथम स्थान, क्षेत्र में खुशी की लहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) चैंपियनशिप टेस्ट में हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के छात्र अक्षय कुमार सिंह ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षय ने परीक्षा में 94.44 प्रतिशत अंक हासिल कर झारखंड के सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। अक्षय कुमार सिंह, ग्राम खम्भवा निवासी दीपक कुमार सिंह के पुत्र हैं। उनकी इस सफलता से संस्थान, विद्यालय, परिवार और पूरे बरही क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार आईसीटी चैंपियनशिप टेस्ट का आयोजन चार चरणों में किया गया था। पहले चरण में विद्यालय स्तर पर परीक्षा हुई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन ब्लॉक स्तर के लिए किया गया। इसके बाद ब्लॉक स्तर के टॉपर विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर हुआ और जिला स्तर पर सफल प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अक्षय कुमार सिंह ने सभी चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षय की इस सफलता के पीछे संस्थान के कंप्यूटर साइंस शिक्षक सुधीर राणा के मार्गदर्शन और मेहनत को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर कौशल और तकनीकी ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना समय की मांग है। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने अक्षय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे बरही क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, 'हमारे संस्थान के विद्यार्थी लगातार विभिन्न विषयों में जिला और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में दक्ष और परिपक्व बनाना है।

अक्षय कुमार सिंह की इस उपलब्धि पर संस्थान के उपनिदेशक कुंदन कुमार समेत शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# संक्षिप्त खबरें

## बिजली-पानी और डीजल-पेट्रोल जैसी समस्याओं पर चर्चा की भाकियू ने



**कोंच (जालौन)**- नदीगांव ब्लॉक कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता गिरधारी लाल फौजी ने की। पंचायत में मौजूद क्षेत्र के किसानों ने बिजली-पानी, डीजल-पेट्रोल आदि समस्याओं को लेकर चर्चा की। स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। किसानों ने विभिन्न समस्याएं पंचायत के पटल पर रखते हुए गांव में नाला निर्माण, साफ सफाई, श्मशान घाट, गौशाला, क्रीड़ा स्थल, सड़क निर्माण आदि को लेकर ध्यान आकर्षित कराया। पंचायत उपरांत भाकियू पदाधिकारियों ने बीडीओ नदीगांव गजेंद्र प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की मांग की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नदीगांव अनुरुद्ध सिंह, गिरधारी लाल फौजी, हरविजय, रामप्रकाश कुशवाहा, रामशंकर कुशवाहा, अशोक राज, राहुल, बाबूराम बाथम, कृष्णकुमार कुशवाहा आदि किसान मौजूद रहे।

## नशीला पावडर के साथ युवक गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)**- पुलिस ने एक युवक को नशीला पावडर के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र की भेंड़ चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने मंगलवार को गश्त के दौरान पंचानन चौराहे से जालौन रोड के बीच संदिग्ध अवस्था में जा रहे राहुल गिहार पुत्र कमलेश निवासी करहल को पकड़ लिया। जामातलाशी में राहुल के पास से 16 ग्राम नशीला पावडर बरामद कर पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

## दीपक कुमार अहिरवार को झांसी मंडल प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश से पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार अहिरवार (टीकरा) को झांसी मंडल प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी संगठनात्मक जिम्मेदारी के तहत दीपक कुमार अहिरवार को झांसी मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और लंबे समय से किए जा रहे कार्यों का सम्मान माना जा रहा है। इस अवसर पर बसपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने दीपक कुमार अहिरवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झांसी मंडल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य गति पकड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीपक कुमार अहिरवार ने पूर्व जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ अब पूरे झांसी मंडल को मिलेगा। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

# बकाया भुगतान मांगने पर ठेकेदार से मारपीट

- सीने पर तमंचा तानकर मांगी 50 हजार महीना रंगदारी
- छह माह पुराने काम के दो लाख रुपये मांगने गया था ठेकेदार
- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक ठेकेदार के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि छह माह पहले किए गए निर्माण कार्य का बकाया भुगतान मांगने पर एक व्यक्ति ने ठेकेदार के साथ मारपीट की, उसे जान से मारने की धमकी दी और जिले में ठेकेदारी करने के लिए हर महीने 50 हजार रंगदारी देने की मांग की। मामले में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला घुसयाना निवासी आमिर खान पुत्र रशीद खान ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। करीब छह माह पूर्व उन्होंने राजपूत कॉलोनी निवासी रामकुमार दुबे के यहां निर्माण कार्य कराया था। इस कार्य के एवज में लगभग दो लाख रुपये की धनराशि बकाया थी, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया था। पीड़ित के अनुसार, 16 मई 2026 की शाम करीब पांच बजे वह अपने बकाया रुपये मांगने के लिए रामकुमार दुबे के घर पहुंचे थे। रुपये मांगने पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोपी ने कथित रूप से कहा कि उसके बड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जब ठेकेदार ने अपनी मेहनत की कमाई मांगने की बात कही, तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि उसे ललितपुर में ठेकेदारी का काम करना है तो हर महीने 50 हजार रुपये रंगदारी देनी होगी। अन्यथा उसे जिले में कोई काम नहीं करने दिया जाएगा। घटना के दौरान जब पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने घर के अंदर गया और हथियार लेकर वापस आया। उसने ठेकेदार के सीने पर हथियार तानते हुए जान से मारने की धमकी दी और दोबारा रुपये मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। आमिर खान का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। अंततः न्याय पाने के लिए उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने 8 जून 2026 को आरोपी रामकुमार दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 115(2), 352, 351(3) और 308(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## विशेष स्वास्थ्य शिविर का गर्भवती महिलाओं ने उठाया लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- गर्भवती महिलाओं को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अनिल शाक्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में गर्भवती महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। डॉ. सविता पटेल, डॉ. अल्का द्विवेदी एवं डॉ. रीता ने गर्भवती महिलाओं की जांच कर गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) से संबंधित आवश्यक जांचें निःशुल्क रूप से की गई। गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर कि भी जांच कि गई, साथ ही आवश्यक दवाइयों के साथ पोषण संबंधी परामर्श भी दिया गया। अंत में उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं को फल और बिस्किट वितरित किए गए। शिविर का जिन गर्भवती महिलाओं ने लाभ उठाया उनमें संजना ग्राम चमड़ा, नेहा कोंच, कीर्ति ग्राम अमीटा, सरस्वती ग्राम सरोती सहित कई महिलाएं शामिल रही। डॉ. अल्का द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच और समय पर चिकित्सा परामर्श से सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जा सकता है।

## राठौर समाज की समस्याओं के निराकरण को मंत्री ने दिया डी.ओ. लेटर



**ललितपुर।** जिला राठौर प्रभारी समिति के प्रमुख रविशंकर राठौर 'पूर्व पार्षद' एवं विनोद कुमार राठौर 'मुनीम' ने नगर विकास राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, राकेश राठौर 'गुरु' से उनके सीतापुर स्थित आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष जिला राठौर समाज की जटिल समस्याओं को विस्तार से रखा और समाज के उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया। माननीय मंत्री जी ने करीब एक घंटा अपना अमूल्य समय देकर सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना।मंत्री राकेश राठौर ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग को डी.ओ. लेटर तत्काल रविशंकर राठौर एवं विनोद राठौर को हाथों-हाथ सौंपा। इससे समाज के लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इस सकारात्मक पहल पर जिला राठौर समाज, ललितपुर ने मंत्री जी की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

# अवैध जुआ फड़ पर दुद्धी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 06 जुआरी गिरफ्तार

- कब्जे से 12,320 नगद, ताश के पत्ते, 04 अदद मोबाइल फोन एवं 11 लावारिस दो पहिया वाहन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 08.06.2026 को थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर डूमरडीहा रेलवे लाइन पुलिया के नीचे नहर के पास दबिश देकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मौके से 52 पत्ता ताश, 12,320 नगद, 04 अदद मोबाइल फोन तथा 11 लावारिस दोपहिया वाहन बरामद किए गए। इस संबंध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0 167/2026* धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण क्रमशः पीर मोहम्मद पुत्र स्व. अहमद, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, असलम पुत्र अजीम शाह, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम डूमरडीहा, बृजेश कुमार पुत्र दयाशंकर कुशवाहा, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम रजखड़, मकसूद अहमद पुत्र स्व. साबिर शाह, उम्र 39 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा दुद्धी,लवकुश कुमार पुत्र संजय कुमार, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम खजुरी, जितेन्द्र सोनी पुत्र सत्यनारायण सेठ, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 09 कस्बा दुद्धी के पास से 52 पत्ता ताश, 12,320 नगद, 04 अदद मोबाइल फोन, 11 अदद लावारिस दोपहिया वाहन। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 अमित कुमार सिंह , उ0नि0 हरिकेश राम आजाद , हे0का0 सर्वेश कुमार सिंह , हे0का0 महताब , हे0का0 मो0 खालिद, रि0का0 शिवम् द्विवेदी, रि0का0 धर्मपाल शामिल रहे।

# व्यापारियों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

- मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को दिया ज्ञापन, स्वास्थ्य बीमा, दुकान बीमा, बिजली बिल के फिक्स चार्ज समाप्त करने सहित कई मांगें उठाईं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ललितपुर के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने मंगलवार को प्रदेश के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को सौंपा। यह ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल के आह्वान पर प्रदेशव्यापी अभियान के तहत दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में व्यापारियों द्वारा जीएसटी के माध्यम से केंद्र सरकार को लगभग 22.16 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके बावजूद व्यापारियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान की आवश्यकता है।

व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए तथा दुकान में आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की स्थिति में एक करोड़ रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा विभिन्न विभागों की बकाया राशि एवं जीएसटी रिटर्न विलंब से जमा करने पर लिए जाने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन किए जाने, विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली छापेमारी संबंधी व्यवस्था समाप्त करने, बिजली बिलों में फिक्स चार्ज एवं न्यूनतम शुल्क समाप्त करने तथा व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग भी उठाई गई। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं का सहानुभूतिपूर्वक निराकरण किया जाना चाहिए, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और व्यापारियों को राहत प्राप्त हो।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित मनीष सड़ैया, जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार महोली, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, प्रदेश मंत्री अजित खजुरिया, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, अभिषेक अनोरा, राजू सिंधी, डॉ. संजीव कड़की, कमल सिलगन, अशोक सोनी, पंडित नवनीत किलेदार, समित समैया, संजय जैन रिंकू, सुमित कछालिया, विजय जैन, अजय डियोडिया, अनिल चौधरी, मोहम्मद इकराम, शिखर जैन, पवन दाऊ, सुबोध गोस्वामी, अखिलेश शर्मा, रजनीश चड्ढा, मंगू पहलवान, मनीष मनपसंद, प्रवीण सिंघई, सौरभ शेरबास, नीरज समैया, विपिन रोड़ा, हरविंदर सिंह सलूजा, प्रदीप खजुरिया, अजय रस्सी, अभिषेक थनवारा, अमन जैन, डॉ. मोहित जैन, वीरेंद्र भैया, अमित लिंकन, आशीष अग्रवाल, रविंद्र जैन मुनमुन, अनूप जैन, सचिन जैन निक्कू, संचित अग्रवाल, राघवेंद्र सेन, जगदीश कुशवाहा, प्रवेश सिंह, अजय साहू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## समय से पूर्व कार्य पूरा करने पर सम्मानित हुए प्रगणक और सुपरवाइजर



**कोंच (जालौन)**- शासन के निर्देश पर जारी जनगणना -2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम निर्धारित समय से पूर्व ही पूरा करने वाले प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को तहसीलदार कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने प्रगणक और सुपरवाइजर भावना पटेल, संदीपा राजा, महेश चंद्र निरंजन, रामराजा जादौन, त्रिभुवन नारायण, हरिमोहन रजक, राधा दुबे, पूजा कुशवाहा, अनुराधा वर्मा और अखिलेश खरे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी तहसीलदार ने बताया कि शासन के निर्देश पर मकान गणना कार्य के तहत भवनों का प्रकार, उपयोग और उपलब्ध सुविधाओं का पूरा ब्यौरा एकत्र कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का समय 20 जून तक निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए तहसील क्षेत्र में 385 प्रगणक और 65 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें से उपरोक्त 10 प्रगणक और सुपरवाइजर ने अपनी लगन, मेहनत और कार्य के प्रति जिम्मेवारी निष्ठा का परिचय देते हुए निर्धारित समय से पूर्व ही काम पूरा किया है, जो प्रशंसनीय और सराहनीय है।

# इप्टा कार्यशाला में बाल रंगकर्मी सीख रहे विभिन्न विधाओं के गुर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' इकाई कोंच और कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय कमला नेहरु इंटर कॉलेज में चल रही बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला में मंगलवार को प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं के गुर सिखाये गए।

कार्यशाला में कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि नियमित अभ्यास और अनुशासन किसी भी कलाकार की सफलता की आधारशिला होते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने विचारों को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। रंगकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रशिक्षिका सानिया सलमानी ने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित होती है। इप्टा अध्यक्ष अनिल वैद एड. ने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को नाटक मंचन, संगीत, नृत्य, क्राफ्ट तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विशेष सत्रों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। इस मौके पर दानिश, कैफ, वर्षा नाहर, प्रियंका चौधरी, पूनम, परी, आफरीन, पलक, नसरीन, नखत, महक, जीनत, निशि, आलिया, अनामिका, प्रयांशी, नैंसी, हिमांशी, सौम्या, माही, शादाब, हेमंत, कौशल, अर्श, काव्या, चेतन आदि बाल रंगकर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बाल कलाकारों ने भजन संध्या में जलवा बिखेरा

- वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को उमड़ी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में मंगलवार को पांचवें दिन विराट रुद्र महायज्ञ में अपने माता-पिता के साथ पहुंचे राष्ट्रीय बाल कलाकार यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के बाद भिखारी बाबा का आशीर्वाद लिया और भजन संध्या कार्यक्रम में जलवा बिखेरा। बाल कलाकार अपने माता पिता के साथ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजन भी किया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और जयकारे लगाए। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

वाराणसी से यज्ञ स्थल पर पहुंचे मनीष कुमार ने बताया कि उनके तीनों बच्चे श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण राष्ट्रीय बाल कलाकार हैं। इन्हें प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। तीनों बच्चे हारमोनियम बजाकर भजन गायन करते हैं। पिछले वर्ष 2025 में प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित अयोध्या नंदीग्राम महोत्सव में भी बाल कलाकारों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें अपने कला का बच्चों ने प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यहां पर भिखारी बाबा ने बाल कलाकारों को भजन संध्या में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया है। श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने लवकुश लीला का प्रदर्शन कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर



दिया। वहीं श्री राम कृष्ण ने हारमोनियम बजाकर भजन, गीत, गजल सुनाकर जलवा बिखेरा। उन्होंने बताया कि उनकी धर्मपत्नी कृति सागर कवयित्री हैं। उधर वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। देर रात तक रासलीला कार्यक्रम चलता रहा और लोग आनंद का लुत्फ उठाते रहे। इस मौके पर नरेश चंद्र उमर वैश्य, रूपा गुप्ता, विजय सिंह, इंद्रवीर, केवलानंद महाराज, हरिनंद, देवेंद्र कुमार, दिनेश, उषा देवी, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, कलावती देवी, दाऊदयाल, राजेश, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, रामखेलावन, प्रहलाद, मुन्ना बाबा, परमानंद, रमेश कुमार, शशि देवी, किरन मोदनवाल, संगीता, विमला देवी, कालो देवी, हीरा सिंह, डॉक्टर विजय आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन

- ग्राम पंचायतों में चला व्यापक सफाई अभियान, जिलाधिकारी ने जन सहभागिता का किया आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून तक संचालित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों की टीमों द्वारा घर-घर जाकर डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई तथा स्वच्छता संबंधी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गई। इस विशेष अभियान के तहत लगभग 10 टन कूड़ा एकत्रित कर



उसका समुचित निस्तारण कराया गया। ग्राम पंचायतों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर सफाई कार्य संपादित किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाए तथा प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जनआंदोलन है। सभी लोग अपने घर, गांव और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दें तथा स्वच्छ, सुंदर एवं हरित जनपद के निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## गेंहू क्रय मे कोई भी बहानेबाजी स्वीकार नहींः अवधेश सिंह

### एडीसीओ राबर्टसगंज ने किया रामगढ़, मारकुन्डी और जुगैल गेंहू क्रय केंद्रो का निरीक्षण

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश कुमार सिंह ने मंगलवार को रामगढ़ लैम्पस,मारकुंडी तथा जुगैल गेंहू क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। रामगढ़ लैम्पस के केन्द्र प्रभारी उदयवीर ने बताया कि अबतक 2100 कुंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। तीन ट्रक गेंहू की डिलीवरी भी हो चुकी है। जुगैल मे सचिव उमाशंकर यादव ने बताया कि अबतक 49 किसानो से 2621कुंटल खरीद हुई है तथा 985 कुंटल डिलीवरी भी हुई है। यहाँ बोरो के अभाव मे खरीद अवरुद्ध पाई गई। मारकुंडी मे दो हजार कुंतल से अधिक खरीद पाई गई। एडीसीओ राबर्टसगंज ने केन्द्र पर साफसफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।समिति के आँकिक रमेश द्वारा सदस्यता महाअभियान की 81 सदस्यो की धनराशि अभीतक बैंक जमा न किये जाने पर एडीसीओ ने सचिव अमरदेव को निर्देशित किया कि संचालक मंडल की बैठक आहूत कर आंकिक पर कार्रवाई सुनिश्चित करायें। आंकिक का कोई पावना या वेतन भुगतान न करें। एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया।

# भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित, वक्ताओं ने उनके संघर्षों को किया याद

**ललितपुर।** आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को कचहरी परिसर ललितपुर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन सहरिया आदिवासी संघर्ष समिति एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें आदिवासी समाज में 'धरती आबा' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध युवावस्था में ही विद्रोह का बिगुल फूंका और मात्र 25 वर्ष की आयु में देश व समाज के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को नशाखोरी, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया था। उन्होंने लोगों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नैमी कुमार जैन, रमेश कुमार झा (जिलाध्यक्ष झा समाज), महेंद्र कुमार पाराशर, कैलाश नारायण एडवोकेट, शशिकांत लोधी एडवोकेट, अनुराग सिंह



एडवोकेट, मीना राजा, कमला बाई, सुम्मा सहरिया, दुर्गा सहरिया, देव सिंह राजपूत एडवोकेट, अरुण राजपूत एडवोकेट, दीपक सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, आरती पाल, गजराम सिंह लोधी एडवोकेट, सूरज पाल, आनंद सिंह तथा रंजना राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाने और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस परीक्षा के दौरान भी ठीक ढंग से चलता रहे यातायात- पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार



**कानपुर।** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 के दृष्टिगत आज दूसरे दिन पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा प्रमुख चौराहों, परीक्षा केन्द्र मार्गो का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आज दिनांक 9.06.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। रावतपुर तिराहा, कल्याणपुर क्रासिंग, CNG पेट्रोल पम्प पनकी रोड, नमक फैक्ट्री चौराहा, मसवानपुर चौराहा, छपेड़ा पुलिया व गीतानगर चौराहा सहित प्रमुख परीक्षा मार्गो का निरीक्षण कर यातायात, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। परीक्षा अवधि में सुचारु एवं सुरक्षित यातायात संचालन, परीक्षा केन्द्रों के आसपास अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं जाम की स्थिति रोकने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अभ्यर्थियों के समयबद्ध आवागमन एवं आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त यातायात पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। यातायात संचालन को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं निर्बाध बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### साइबर ठगी में 6.52 लाख रुपए हड़पने वाला शातिर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के साइबर थाना पुलिस ने बैंक केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है।अभियुक्त ने फर्जी ऐप और सिम कार्ड का उपयोग कर एक बैंक खाताधारक के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी। मोहल्ला अष्टभुजा नगर निवासी पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 08 दिसंबर 2025 को उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर केवाईसी अपडेट न होने पर खाता बंद होने की धमकी दी। ठग ने व्हाट्सएप के माध्यम से पीएनबी की एक फर्जी एपीके फाइल भेजकर वादी से व्यक्तिगत विवरण भरवा लिया। इसके बाद, 09 दिसंबर 2025 को वादी के खाते से कुल 6,52,401.29 रुपए की धनराशि अवैध रूप से अन्य खातों में ट्रांसफर कर ली गई।इस मामले में साइबर थाना प्रतापगढ़ में ठगी करने का अभियोग दर्ज किया गया। विवेचना में मिली ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उक्त अभियोग में कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेन्द्र नट 40 वर्ष पुत्र नसीब नट पता नजदीक हाईस्कूल ब्रहमपुर बरहानपुर, थाना ब्रह्मपुर जिला बक्सर, बिहार का निवासी बताया गया है।

### 132 केवी हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ा युवक, दो घंटे बाद पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा



**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक 132 केवी हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। टावर पर चढ़ा युवक बनकटा गांव, थाना भवानीगंज निवासी जिप्पी बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह सुबह करीब आठ बजे अचानक टावर पर चढ़ गया। हाईटेंशन लाइन होने के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। पुलिस और प्रशासन की टीम ने करीब दो घंटे तक लगातार प्रयास करते हुए युवक को सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश की।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक युवक से बातचीत कर उसे समझाया इसके के बाद युवक नीचे उतरने के लिए तैयार हुआ और उसे सकुशल टावर से नीचे उतार लिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और उसका उपचार चल रहा है। उसे कोई चोट नहीं आई है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया।

# कानपुर में विभिन्न विश्वविद्यालय, बोर्डो के फर्जी दस्तावेज, मार्कशीट डिग्री बनाने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफश

● पूरे देश के अतरिक्त विदेशों में भी फ़ैला था इनका गिरोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना बेकनगंज पुलिस व संयुक्त टीम द्वारा फर्जी मार्कशीट एवं प्रमाण पत्र तैयार करने वाले संगठित रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए जियाउल हसन उर्फ सतबीर उर्फ आतिफ सहित कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण देश के विभिन्न शहरों में कोरियर के माध्यम से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, डिप्लोमा एवं विश्वविद्यालय स्तर के फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर सप्लाई कर रहे थे। यह जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि मौके से इनके पास से अत्याधुनिक प्रिंटर, डाई, मुहरें एवं भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। बैंक खातों में लाखों रुपये के संदिग्ध लेनदेन पाए गए हैं तथा अब तक 8 विश्वविद्यालयों/बोर्डो के नाम पर फर्जीवाड़े के साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में भी इस गिरोह से जुड़े कई अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है। नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश एवं विस्तृत जांच जारी है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह के ठिकाने पर मुखबिर की सूचना पर दाबिश दी गयी जिसमें अभियुक्त जियाउल हसन, नूरुद्दीन, हसन आसिफ को मौके पर फर्जी मार्कशीट बनाते हुए पकड़े गये। इनके कब्जे से फर्जी मार्कशीट बनाने के उपकरण कम्प्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, प्रिंटेड मार्कशीट, प्रिन्ट करने के लिये प्रयुक्त किया जा रहा सादा पेपर (रॉ मटेरियल) (830 पेपर), पेपर मे लगाने के लिये होलोग्राम (80 होलोग्राम), होलोग्राम बनाने की डाई, विभिन्न विश्वविद्यालय के 141 रबर स्टैम्प व स्टेशनरी से संबंधित सामग्री बरामद हुई। अभियुक्त जियाउल हसन फर्जी मार्कशीट गिरोह का मास्टर मांइड है। पूछताछ करने पर बताया कि इसका एक साथी आमिर अहमद भी इन लोगों के साथ मिलकर फर्जी मार्कशीट बनाने का कार्य करता है । ये लोग 13 वर्षो से लगातार अपने साथियों के साथ फर्जी मार्कशीट बनाने का कार्य करते है। जिसका नेटवर्क पूरे भारत के साथ साथ विदेशों में भी फैला हुआ है। आरोपियों ने बताया कि वे पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट - डिग्री बनाकर बिना कॉलेज गए लोगों को कम समय में महंगे दामों पर बेचते थे।

### इन्वेस्टीगेशन × फायर मोनिटरिंग पोर्टल पर डीजीपी ने की चर्चा



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद औरैया द्वारा विकसित जांच एवं एफआईआर निगरानी पोर्टल के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पोर्टल की कार्यप्रणाली, विवेचनाओं एवं एफआईआर की प्रभावी मॉनिटरिंग, पारदर्शिता तथा समयबद्ध निस्तारण में इसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एडीजी जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं यमुना प्रसाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर सम्मिलित हुए। बैठक में पोर्टल के माध्यम से विवेचना प्रक्रिया को अधिक दक्ष, तकनीक-सक्षम एवं जवाबदेह बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये।

## कानपुर में ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

● तीन मार्गों पर 336 वाहनों के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 09.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 65 ट्रक, 7 बस, 86 चार पहिया/दो पहिया 158 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 3 ट्रक, 7 बस, 114 चार पहिया/दो पहिया 124 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 54 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया।



यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## भगवान श्री कृष्ण जन्म कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड भनवापुर के ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री में आयोजित संगीतमय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री मद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार रात कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर अवध धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित राकेश शास्त्री महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत ही मनोहार और संगीतकार वर्णन किया। कथा प्रसंग के दौरान जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का अवतार हुआ, पूरा पांडल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

राकेश शास्त्री महाराज जी ने कथा की महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अत्याचार और पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान का धरा पर अवतार होता है। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने और धर्म की स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने श्री कृष्ण रूप में अवतरित हुए। उन्होंने बताया कि प्रभु की लीला प्रभू ही जाने नारायण की लीलाएं मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

महायज्ञ के छठवें दिन वृंदावन से आए सुप्रसिद्ध झांकी कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण जन्म और वासुदेव जी द्वारा यमुना पार करने के दृश्य का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति और आकर्षक वेशभूषा ने वहां उपस्थित सभी



भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर यज्ञचार्य अंशु महाराज बब्लू पाण्डेय, राज मणि दूबे, जितेंद्र कुमार, नैनकुमार, पारस गिरी, दुर्गेश शास्त्री, कृष्णा पाण्डेय, जगन्नाथ गिरी, ननकन यादव बब्लू गिरी, रघुराज तिवारी, बलिन्दर तिवारी, अन्नू गिरी, सत्यम तिवारी, अजय तिवारी व भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अधिवक्ता की मौत पर साथियों ने जताया दुःख, न्यायिक जांच की मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हादसे में घायल अधिवक्ता जागृति शुक्ला की इलाज के दौरान हुई मौत को लेकर मंगलवार को यहां अधिवक्ताओ में शोक छा गया। प्रयागराज मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान लापरवाही के आरोप को लेकर महिला तहसील सभागार में साथियो ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वही आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ता जागृति शुक्ला की मौत को लेकर सरकार से पूरे घटनाचक्र की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग उठाई है। शोक सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व संचालन महामंत्री शिवरंजन यादव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, घनश्याम मिश्र आदि रहे।

## खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को दी गई जैव उर्वरक प्रयोग की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक भनवापुर के हरिबन्धनपुर गांव में 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने किसानों को बताया कि खेती की लागत कम करने तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक एवं हरी खाद का प्रयोग किया जाए तथा रसायनों पर निर्भरता कम की जाए, फसल अवशेष का समुचित प्रबंधन करें खेत को न जलाएं जिससे हम अपने खेत को आने वाले पीढियों के लिए सुरक्षित कर पाएंगे, उन्होंने बताया कि धान की नर्सरी बोने से पहले ट्राईकोडर्मा 8-10 ग्राम/किलो बीज दर के हिसाब उपचारित करें। डॉ. प्रवेश कुमार ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य में सुधार हेतु हरी खाद, जैव उर्वरकों का उपयोग एवं




मृदा कार्बनिक पदार्थो के महत्व के बारे में बताया। सुनील कुमार सिंह वैज्ञानिक पशु विज्ञान ने किसानों को बकरी पालन मुर्गी पालन एवं पशुओं में होने वाले कृत्रिम गर्भाधान की जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया कि यदि हम पशु पालन को बढ़ावा देते हैं तो हमें दूध के साथ साथ गोबर की खाद भी प्राप्त होती है जिसके प्रयोग से हम प्राकृतिक खेती करके रसायन मुक्त अनाज प्राप्त कर सकते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है कार्यक्रम में संजय चौधरी, विकास चौधरी, राम करन गुप्ता, दिलीप मिश्रा, रामलाल चौधरी, विद्यासागर चौधरी आदि किसान उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भी पानी दाने की व्यवस्था कर बने पुण्य के भागीदार- रोशनलाल उमरवैश्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** गर्मी के दिनों में एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के अंतराष्ट्रीय निदेशक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अभियान चला कर चौराहे, खुलें स्थानों पर जल पात्र रखा जा रहा है। इसके अलावा मिट्टी के घड़े व मिट्टी के जल पात्र व फाइबर से बने बड़े-बड़े पात्र जो पेड़ों में घर के दरवाजों पर टांगने के लिए जनमानस में वितरित किए जा रहे हैं। मंगलवार को इस अभियान में चिलबिला, सदर बाजार, रोडवेज बस अड्डा, अंबेडकर चौराहा आदि जगहों पर जल पात्र वितरित किए गए।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने जनमानस से अनुरोध किया है कि मनुष्य संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। मनुष्य का उत्तरदायित्व बनता है कि वह समस्त प्राणियों एवं वनस्पतियों की रक्षा करें। इस अभियान में सुरेश अग्रवाल, शनि महाराज, मोहम्मद अनवर, संजय कनौजिया, अमरनाथ यादव, विनय कुमार श्रीवास्तव, राजेश सिंह,



अंशुमान सिंह, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, विवेक यादव, विजय आदि रहे।

### जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ शांभवी द्वितीय ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों एवं मामलों के निस्तारण के लिए गठित स्थायी लोक अदालत, प्रतापगढ़ में सदस्य पद पर नियुक्ति प्रस्तावित है। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत में यातायात सेवा, डाक, तार एवं टेलीफोन सेवा, विद्युत, प्रकाश एवं जल सेवा, सफाई एवं स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल एवं औषधालय, बीमा सेवा, शैक्षिक एवं शिक्षण संस्थान तथा आवास एवं भू-संपदा सेवाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने व्यक्तिगत बायोडाटा एवं निर्धारित योग्यताओं से संबंधित अभिलेखों सहित 30 जून तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, प्रतापगढ़ में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

## कानपुर देहात में रिकॉर्ड तोड़ एक दिन में 15 वारंटी शिवली में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** देहात की पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा 15 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कानपुर देहात पुलिस के इतिहास में यह पहला मौका है जब इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की अगुवाई में शिवली पुलिस द्वारा एक साथ 15 वारंटी गिरफ्तार किए गए हैं। मतलब 15 वारंटियों की एक साथ रिकॉर्ड गिरफ्तारी कानपुर देहात के किसी भी थाने में नहीं की गई। शिवली के अपने अबतक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल निष्पक्ष और पारदर्शी कर शैली के इंस्पेक्टर अमरीन बहादुर सिंह की अगुवाई में यह सफलता सब इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह, अजय कुमार, आनन्द कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल, श्यामलाल, सुशील कुमार कांस्टेबल रोहित कुमार, गौरव, मनीष कुमार, नरेन्द्र सिंह, संजय और राजकुमार की टीम को मिली, जिसके द्वारा गिरफ्तार किए गए वारंटियों रामू पुत्र श्यामलाल कुशवाहा निवासी ग्राम नुनारी बहादुरपुर रामजी पुत्र महेश चन्द्र निवासी ग्राम निवासी खलकपुर बिठूर थाना शिवली को गिरफ्तार करने मेंसफलता प्राप्त की।



इसी तरह से, वीरेन्द्र उर्फ मिसिर पुत्र सहदेव कोरी निवासी ग्राम चम्पतपुर, राजेन्द्र पुत्र सहदेव कोरी निवासी ग्राम चम्पतपुर, ज्ञानू उर्फ ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र सन्त सिंह निवासी लालपुर शिवराजपुर, मो0 इस्लाम पुत्र ईशा निवासी ग्राम मैथा, राजेन्द्र पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी ग्राम मकरन्दपुर, संजय कुमार पुत्र बालकराम निवासी वार्ड न0 2 नगर पंचायत, सुशील पुत्र रामप्रसाद निवासी जवाहर नगर, ओमप्रकाश पुत्र विजय नारायण निवासी भोला निवादा, महेश चन्द्र पुत्र स्व0 सीताराम निवासी ग्राम खरकपुर बिठूर थाना दीपक पुत्र सुरेन्द्र सविता निवासी ग्राम भंगापुरवा, रामबाबू पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बैरी वस्ता शैलेन्द्र पुत्र तेजराम निवासी ग्राम वाघपुर, तेजराम पुत्र रामविलास निवासी वाघपुर थाना शिवली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन प्रथम स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस उद्देश्य की प्रभावी निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) पोर्टल संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रत्येक माह माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विभिन्न मानकों, जांच की गुणवत्ता, निस्तारण की प्रभावशीलता तथा आवेदक की संतुष्टि के आधार पर की जाती है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक अधिकारियों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

माह मई-2026 की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में कानपुर जोन ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र एवं झाँसी परिक्षेत्र तथा जनपद कन्नौज, झाँसी व जालौन सहित जोन के कुल 54 थानों ने भी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस की प्रभावी



कार्यप्रणाली को दर्शाता है। जनसुनवाई में जिन अधिकारियों/ थाना प्रभारियों द्वारा अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन प्राप्त नहीं किया गया है, उन्हें कार्यप्रणाली में त्वरित गुणात्मक सुधार लाते हुए IGRS के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आपराधिक प्रवृत्ति वाले शस्त्र लाइसेंस धारकों पर होगी कड़ी कार्रवाई- जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए शस्त्र लाइसेंस धारकों का विशेष सत्यापन अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों की गहन जांच की जाए जिनके विरुद्ध पूर्व में अथवा वर्तमान में कोई आपराधिक अभियोग पंजीकृत रहा हो।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों के आपराधिक इतिहास का परीक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइसेंस जारी होने के बाद उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज हुआ है अथवा नहीं। यदि किसी लाइसेंस धारक द्वारा आयुध अधिनियम, 1959 एवं आयुध नियमावली, 2016 में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति को शस्त्र रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जानलेवा हमले में घायल की मौत, मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान प्रयागराज के स्वरूपरानी मेडिकल कालेज में रविवार को मौत हो गयी। मेडिकल कालेज मे पीएम होने के बाद सोमवार की देर रात करीब आठ बजे शव घर पहुंचा। घटना मे मात्र एक आरोपी की गिरफ्तारी से नाराज परिजनो ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इधर पुलिस ने घायल की मौत के बाद दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा में बढ़ोत्तरी की है। वही सांगीपुर पुलिस ने मंगलवार को घटना मे शामिल एक और आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। लालगंज के नायब तहसीलदार के आश्वासन पर मंगलवार को दोपहर बाद परिजनो ने गांव के समीप सई नदी के किनारे मृतक के शव का कफन दफन किया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के अमान का पुरवा भोजपुर गांव मे विवाहिता बेटी से आरोपी पक्ष के युवक बबलू के द्वारा जबरिया फोन पर बातचीत को लेकर बीती छः जून को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे विवाद हुआ। आरोपी गांव के ही शिवपूजन के पुत्र बबलू तथा ननकू के पुत्र दिनेश व बबलू की बहन के साथ तीन से चार अज्ञात आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने लाठी डंडे व लोहे की राड से मृतक ओमप्रकाश गौतम की पत्नी आशा तथा परिवार के शिव प्रकाश व फूलमती पर जानलेवा हमले को लेकर आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया था। स्वरूप रानी में इलाज के दौरान रविवार की रात ओमप्रकाश की मौत हो गयी।

सोमवार को ओमप्रकाश गौतम के शव का वहां पीएम कराया गया। पीएम के बाद शव घर पहुंचा तब कोहराम मच गया। परिजनो ने घटना मे आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के अंतिम संस्कार से मना कर दिया। सूचना पर मंगलवार की सुबह नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी के साथ अमान का पुरवा पहुंचे। यहां मृतक के परिजनो ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियो की गिरफ्तारी व मृतक के परिजनों के गुजारा भत्ता के लिए शासन से दस लाख रूपये की सहायता व दो बीघे जमीन के आवंटन की मांग उठाई। नायब तहसीलदार ने शासन स्तर पर वार्ता के जरिए परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद दोपहर परिजन शव को लेकर गांव के समीप सई नदी के किनारे शव का कफन दफन हुआ। मृतक अपने पीछे पत्नी आशा तथा बेटी पिंकी 15 व पुत्र विशाल 12 को निराश्रित छोड़ गया है। उसकी बड़ी बेटी प्रिया का विवाह हो चुका है। सांगीपुर पुलिस ने हत्या में शामिल एक और आरोपी को दबोचकर मंगलवार को जेल भेज दिया।


## सिद्धार्थनगर: वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के खुनियांव विकास खंड की चार ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के गबन और वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में कुल 6,11,426 रुपये के गबन की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने संबंधित ग्राम विकास अधिकारी मोईदुर्रहमान को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

चार ग्राम पंचायतों में जांच के बाद कुल 6,11,426 रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही अभिलेखों में कूटरचित, नियम विरुद्ध भुगतान और वित्तीय प्रक्रियाओं की अनदेखी के आरोप भी जांच में सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट में ग्राम विकास अधिकारी मोईदुर्रहमान को प्रथम दृष्टया दोषी ठहराया गया है।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मामले को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा को ग्राम विकास अधिकारी मोईदुर्रहमान को निलंबित करने तथा आगे की विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जिले की पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर हुए इस कथित गबन ने वित्तीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन अब पूरे प्रकरण की गहन जांच कर यह भी पता लगाने की तैयारी में है कि अनियमित भुगतान और सरकारी धन के दुरुपयोग में अन्य किसी अधिकारी, कर्मचारी या संबंधित व्यक्ति की भूमिका तो




नहीं रही।

यह मामला सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) खुनियांव द्वारा ग्राम पंचायत खखरा-खखरी, बगहवा, सिरसिया और तेलियाडीह के निरीक्षण के बाद तैयार की गई जांच रिपोर्ट से उजागर हुआ। इस रिपोर्ट में विभिन्न विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर तथ्य सामने आए थे।जांच के अनुसार, ग्राम पंचायत खखरा-खखरी में आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत और डस्टबिन इंस्टालेशन कार्यों में अनियमितता बरती गई।

## किशोरी का अपहरण, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी स्व0 दिनेश केसरवानी की पत्नी विजय कुमारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि सात जून को दिन में तीन बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री घर से बाजार को निकली थी। तलाश के बावजूद उसकी बेटी का पता नहीं चल सका। पीड़िता ने बेटी के अज्ञात आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जतायी है।

## संक्षिप्त खबरें

### लुधियाना में 15 जून से 30 सितंबर तक 24×7 बाढ़ इमरजेंसी कंट्रोल रूम काम करेंगे



**लुधियाना-** डिप्टी कमिश्नर (DC) हिमांशु जैन ने मंगलवार को कहा कि लुधियाना ज़िले के सभी सब-डिवीज़न में 24×7 बाढ़ कंट्रोल रूम 15 जून से 30 सितंबर तक काम करना शुरू कर देंगे ताकि आने वाले मानसून सीज़न में बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति पर करीब से नज़र रखी जा सके। कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम करेंगे ताकि बाढ़ से जुड़ी इमरजेंसी की तुरंत रिपोर्टिंग और रिस्पॉन्स पक्का किया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि लोग कंट्रोल रूम नंबरों के ज़रिए बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति की रिपोर्ट कर सकते हैं। स्टाफ़ के लिए एक ड्यूटी रोस्टर पहले ही तैयार कर लिया गया है, जबकि सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों को कंट्रोल रूम के असरदार कामकाज को पक्का करने के लिए रोटेशनल मॉनिटरिंग की ज़िम्मेदारी दी गई है। हिमांशु जैन ने आगे कहा, 'इन कंट्रोल रूम का मकसद बाढ़, तटबंधों में दरार और दूसरी इमरजेंसी स्थितियों के बारे में जानकारी समय पर मिलना और उसे फैलाना है।' उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जनता या फील्ड स्टाफ से मिली सभी जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी, जिससे जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए विभागों के बीच तेज़ी से तालमेल और मदद सुनिश्चित होगी। कमजोर इलाकों में बाढ़ रोकने के कामों का रिव्यू करते हुए, हिमांशु जैन ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में तटबंधों और दूसरे सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के चल रहे काम में तेज़ी लाने और उसे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि बारिश के मौसम में किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए ज़िला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही बड़े इंतज़ाम किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों ने इमरजेंसी प्लान तैयार किए हैं, जिन्हें इमरजेंसी से असरदार तरीके से निपटने के लिए ज़रूरी संसाधनों से लैस किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बाढ़ से जुड़ी किसी भी घटना की तुरंत रिपोर्ट करें और मानसून के मौसम में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

### होटल, रेस्टोरेंट और रेहड़ी वाले मालिक खाना पकाने के लिए एक ही तेल बार-बार इस्तेमाल न करें: डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने टीमों को चेकिंग के निर्देश दिए




**पटियाला-** पटियाला के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने जिले के सभी होटलों, रेस्टोरेंट और रेहड़ी वालों को निर्देश दिया है कि वे खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किए गए तेल को तीन बार से ज़्यादा गर्म करने के बाद दोबारा इस्तेमाल न करें। इस संबंध में उन्होंने हेल्थ टीमों को भी चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। फूड सेफ्टी पर डिस्ट्रिक्ट लेवल एडवाइजरी कमेटी की रिव्यू मीटिंग के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर-कम-डेजिग्नेटेड ऑफिसर फॉर फूड सेफ्टी डॉ. गुरप्रीत कौर को निर्देश दिया गया कि वे फूड कारोबारियों और आम लोगों को बार-बार गर्म किए जाने वाले तेल से कैंसर और पेट की दूसरी गंभीर बीमारियों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए एक खास कैंपेन चलाएं। उन्होंने कहा कि बार-बार गर्म किए जाने वाले तेल से नुकसानदायक तत्व निकलते हैं, जिससे कैंसर, दिल की बीमारियां और दूसरी हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती हैं। कमेटी के नॉन-ऑफिशियल मेंबर्स ने जब एक बार इस्तेमाल किए गए तेल को दोबारा इस्तेमाल करने से रोकने का मुद्दा उठाया, तो डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को जिले में ऐसा सिस्टम बनाने का निर्देश दिया, जिससे इस्तेमाल किए गए तेल को खाने-पीने की जगह साबुन या दूसरे इंडस्ट्रियल कामों में इस्तेमाल किया जा सके और उसका साइंटिफिक तरीके से डिस्पोजल भी पक्का किया जा सके। इस बीच, डिप्टी कमिश्नर ने पटियाला को हेरिटेज फूड वाली फूड सिटी के तौर पर डेवलप करने और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए यहां के मशहूर फूड्स और खाने की मशहूर जगहों पर एक स्पेशल कॉफी टेबल बुक छापने के प्रोसेस में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन टीम को शहर के फूड वेंडर्स के लिए फूड स्ट्रीट बनाने के प्रोसेस में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कोर्ट केस और फाइन, फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स को लेकर की जा रही कार्रवाई, स्कूलों में अवेयरनेस एक्टिविटीज, फूड आइटम्स की सैंपलिंग और कंज्यूमर की शिकायतों के निपटारे का भी रिव्यू किया। मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. गुरप्रीत कौर ने पिछले महीने फूड सेफ्टी के लिए की गई एक्टिविटीज़ के बारे में बताया और डिप्टी कमिश्नर को भरोसा दिलाया कि जिले में लोगों को अच्छी क्वालिटी का खाना देने में कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी।

## लाल टोपी छोड़ी, जींस-टीशर्ट पहन एयरपोर्ट पर धमाल..... अखिलेश यादव को नए लुक में देख ताकते रह गए लोग

● समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पारंपरिक लाल टोपी और कुर्ता-पायजामा की पहचान छोड़कर कैजुअल लुक अपनाया है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा सफेद कुर्ता-पायजामा और लाल टोपी में नजर आते रहे हैं। लेकिन अब उन्होंने अपनी इस ब्रांडेड इमेज को पूरी तरह बदल दिया है।

**कैजुअल लुक में अखिलेश, लोग हैरान**

काली जींस, सफेद टी-शर्ट, ब्लैक शूज और बिना टोपी के अखिलेश यादव एयरपोर्ट से बाहर निकले तो हर कोई चौंक गया। उनका यह नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इसे महेंद्र सिंह धोनी से जोड़कर मजाक कर रहे हैं, तो कुछ इसे राहुल गांधी के कैजुअल स्टाइल से भी तुलना कर रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर छाई चर्चा**

अखिलेश के हेयर स्टाइल और पूरे लुक की खूब तारीफ हो रही है। कई यूजर्स लिख रहे हैं कि यह अखिलेश यादव का सबसे अलग और स्टाइलिश अवतार है। पहले भी वे स्पोर्ट्स लुक में साइकिलिंग, क्रिकेट और फुटबॉल खेलते नजर आ चुके हैं, लेकिन पब्लिक अपीयरेंस में यह बदलाव पहली बार देखने को मिला है।

**लाल टोपी थी उनकी पहचान**

अखिलेश यादव की पहचान लंबे समय से सफेद कुर्ता-पायजामा और लाल टोपी बन चुकी थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वे लगातार इसी रूप में दिखे। नाम सुनते ही लोगों के मन में यही छवि उभरती थी। ऐसे में अचानक आए इस बदलाव ने सबको हैरान कर दिया है।

**सुरक्षा कर्मियों से गर्मजोशी**

एयरपोर्ट पर जींस-टीशर्ट में वॉक करते अखिलेश को देखकर सुरक्षा कर्मी भी हैरान रह गए। अखिलेश ने मुस्कुराते हुए उनसे हाथ मिलाया। एक युवक ने सेल्फी की रिक्वेस्ट की तो उन्होंने उसे भी खुशी-खुशी पूरा किया। वीडियो में उनकी सहज मुस्कान और लोगों के प्रति सौहार्द साफ दिख रहा है।

**राजनेताओं में स्टाइल बदलाव**

राजनेताओं की पोशाक अक्सर उनकी पहचान बन जाती है। लेकिन अखिलेश यादव ने साबित कर दिया कि वे बदलाव से नहीं डरते। अब सवाल यह है कि क्या यह एक बार का बदलाव है या अखिलेश नया पॉलिटिकल और पब्लिक इमेज बनाने जा रहे हैं?

## सैदुलाजाब हादसे में 6 मौतों के जिम्मेदार दोनों बिल्डर गिरफ्तार

**दिल्ली।** सैदुलाजाब हादसे में फरार चल रहे दोनों आरोपित बिल्डर को महरौली थाने की पुलिस ने मंगलवार को वसंत कुंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि बिल्डर मनीष खत्री और अविनाश गुप्ता इमारत पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे थे। मामले में भवन स्वामी करमवीर जेलदार को पुलिस एक जून को ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना में छह लोगों की मौत हुई थी, तो वहीं आठ लोग घायल हुए थे। दोनों गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस बुधवार को साकेत कोर्ट में पेश करेगी। जानकारी के मुताबिक व्यावसायिक इमारत चार तल की थी। इसके ऊपर तीन और तल बनाए जा रहे थे। आरोपित भवन स्वामी करमवीर को उसके कुछ परिचितों ने कमजोर हो चुकी 400 वर्ग गज में बनी 15 वर्ष पुरानी चार मंजिला इमारत को तोड़कर नए सिरे से निर्माण की सलाह दी थी। पर वह नहीं माना। बिल्डर मनीष और अविनाश को काम सौंप दिया। चार मंजिला इमारत के ऊपर दो तल बन चुके थे और तीसरे तल का काम चल रहा था। 30 मई को कमजोर नींव लोड पाकर फट गई और पूरी इमारत ढह गई। मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। बचाव व राहत कार्य में लगे फायर ब्रिगेड के अधिकारी के मुताबिक, मलबा हटाने के दौरान पता चला की ऊपरी मंजिल हाल-फिलहाल ही बने थे, जिन पर सीमेंट की लिपाई तक नहीं हो पायी थी। गली नंबर पांच में इमारत अराइज कोचिंग और कैंटीन के बीच में थी। कैंटीन की छत का अगला हिस्सा टिन शेड था, जबकि पीछे एक कमरा पक्का था।

## खान सर को बड़ी राहत! पटना कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

● अगली सुनवाई तक नहीं होगी कठोर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** पटना के चर्चित फायरिंग मामले में खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर को फिलहाल बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, जिसके बाद अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। खान सर की ओर से उनके वकील अरविंद मउआर ने सोमवार को पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और हथियारों के अवैध इस्तेमाल से जुड़े आरोपों में मामला दर्ज है। मंगलवार को हुई सुनवाई में अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगाने का आदेश दिया। इसी मामले में जेल में बंद खान सर के दो सुरक्षा गार्ड दीपक कुमार और तालेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर भी सोमवार को सुनवाई हुई थी। उनके वकील अरविंद मउआर ने प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग वर्मा की अदालत में पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पुलिस से मामले में जमा किए गए सिलसिलेवार सबूतों की मांग की है। चार जून को गिरफ्तार किए गए दोनों गार्डों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। अब इस मामले में उनके पक्ष में फैसला आता है या नहीं, इस पर भी नजरें टिकी हुई हैं। पुलिस ने खान सर के गार्डों के बयान के आधार पर उनके खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

एफआईआर में दावा किया गया है कि खान सर ने अपने गार्डों से कहा था, 'तुम गोली चलाओ, बाकी मैं देख लूंगा।' इसी आरोप के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। वहीं, दूसरी ओर, ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को पटना में छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला। ऐसे में फायरिंग मामले को लेकर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सड़कों पर भी समर्थन और विरोध का माहौल देखने को मिल रहा है।

## 'हम सब घुटकर मर जाएंगे', जिमखाना क्लब मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की दिल्ली जिमखाना क्लब, इंडियन पोलो क्लब और दिल्ली रेस क्लब की मूल्यवान जमीन से जुड़ी योजना पर कड़े सवाल पूछे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने साफ कहा, प्रदूषण से पहले ही घुट रही दिल्ली की सांसें अब और भी छोटी हो जाएंगी, क्योंकि नई दिल्ली नगर पालिका क्षेत्र की बची-खुची हरी-भरी जगहों को भी सरकार ले रही है। थोड़ी-बहुत सांस लेने की जगह बची है, वह भी चली जाएगी। हम सब घुटकर मर जाएंगे। जस्टिस कृष्णा ने इंडियन पोलो एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, पोलो क्लब क्यों चाहिए आपको? जिमखाना जैसे हेरिटेज स्ट्रक्चर्स का क्या करेंगे? क्या 20 मंजिला इमारतें बनाएंगे? दिल्ली को क्या बनाना चाहते हैं? पिछले 200 साल में जमीन नहीं चाहिए थी, अब अचानक क्यों? केंद्र सरकार ने 20 मई को जयपुर पोलो ग्राउंड (रेस कोर्स) खाली करने का नोटिस जारी किया था। एसोसिएशन ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन स्टे नहीं मिलने पर हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने याचिका का निस्तारण करते हुए पटियाला हाउस कोर्ट को 10 जून तक खाली करने के नोटिस पर स्टे एप्लीकेशन का फैसला करने का निर्देश दिया। पोलो क्लब को बीस जून तक खाली किए जाने का नोटिस दिया गया है। केंद्र सरकार के स्थायी वकील अशीष दीक्षित ने दलील दी, यह जमीन सार्वजनिक व रक्षा प्रयोजनों के लिए जरूरी है। न्यायमूर्ति कृष्णा ने सरकार के तर्क को खारिज करते हुए पूछा-हाइराइज बनाना कैसे जनहित में है? हाइराइज इमारतों से भरी दिल्ली में अब सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। भगवान सबको बचाए, अगर यही दिल्ली में रहने का तरीका है।

## श्रीभूमि जिले के पाथारकांडी घटना को लेकर सनातनी एक्य मंच का प्रदर्शन

**श्रीभूमि-** आज 9 जून शाम लगभग चार बजे जिले पाथारकांडी में अचानक माहौल गरमा गया, जब सनातनी एक्य मंच के आह्वान पर करीब एक हजार लोग सड़कों पर उतर आए और विभिन्न नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाथारकांडी के नालुगांव में हुई घटना की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच की मांग की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में कथित गाय चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और नालुगांव मामले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग उठाई। आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। ये ज्ञापन सर्किल कार्यालय तथा सीडीसी (CDC) अधिकारियों को दिए गए, ताकि उच्च प्रशासनिक स्तर पर मामले को गंभीरता से लिया जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस घटना को लेकर पाथारकांडी माहौल गर्मा गया. पाथारकांदी नालुगांव में हुई घटना को लेकर हाल के दिनों में विभिन्न संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा न्याय की मांग करते हुए कई विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। मामले की जांच जारी है और पुलिस द्वारा इस घटना को लेकर कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी किया पुलिस एक्शन मूड में जानकारी सामने आई है।

## हर युवा क्रिकेटर के पास होगा बेहतर ट्रेनिंग का मौका

● एआई आधारित क्रिकेट ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म काबुनी लॉ लांच किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** देश में ऐसे लाखों युवा हैं, जो क्रिकेट में आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन अच्छी कोचिंग और सही मार्गदर्शन हर किसी को नहीं मिल पाता। इसी परेशानी को दूर करने के लिए एआई आधारित क्रिकेट ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म काबुनी लॉन्च किया गया है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों तक बेहतर और आधुनिक ट्रेनिंग पहुँचाना है। काबुनी की मदद से खिलाड़ी अपने खेल का तुरंत विश्लेषण देख सकते हैं और जान सकते हैं कि उन्हें कहां सुधार की जरूरत है। यह तकनीक बल्लेबाजी और खेल से जुड़ी कई अहम बातों पर नजर रखती है और उसी के आधार पर सुझाव देती है। काबुनी के साथ क्रिकेट जगत के बड़े नाम भी जुड़े हैं। सौरव गांगुली, शेन वॉटसन, एबी डिविलियर्स और श्रेयस अय्यर सुपर कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इससे खिलाड़ियों को बड़े क्रिकेटर्स से सीखने का मौका मिलेगा। कंपनी ने 'डू यू वॉन्ट टू प्ले फॉर ए लीजेंड?' नाम से एक खास अभियान भी शुरू किया है। इसके तहत 12 से 16 साल के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाकर दिग्गज खिलाड़ियों की टीम में जगह बनाने का मौका हासिल कर सकेंगे। काबुनी के संस्थापक निमेश पटेल का कहना है कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ सही अवसर और मार्गदर्शन की है। उनका मानना है कि यह प्लेटफॉर्म छोटे शहरों और दूर-दराज के इलाकों के खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का मौका देगा। कुल मिलाकर, काबुनी तकनीक और क्रिकेट को जोड़कर युवा खिलाड़ियों के लिए सीखने, निखरने और अपने सपनों को पूरा करने का नया रास्ता खोल रहा है।



## पंजाब सरकार भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल के पवित्र तालाब की सफाई करेगी

● भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल पर करीब 17.72 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य किए जा रहे हैं - बाल जोगी परगट नाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमृतसर-** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल के पवित्र तालाब की सफाई के लिए एक खास प्रोजेक्ट शुरू कर रही है, जिसके तहत तालाब की सफाई का काम बहुत जल्द शुरू होने वाला है। इस बारे में भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल श्राइन बोर्ड के एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन बाल जोगी परगट नाथ ने आज श्री वाल्मीकि तीर्थ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार पवित्र तालाब की सफाई के लिए 3.74 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जिससे तालाब से गाद निकाली जाएगी, साफ रेत डाली जाएगी और दूसरे विकास के काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बारे में टेंडर प्रोसेस पूरा हो चुका है और तालाब की सफाई जल्द ही शुरू हो जाएगी। बाल जोगी परगट नाथ ने कहा कि पंजाब सरकार ने भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के विकास के लिए 17 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से विकास के काम शुरू कर दिए हैं और ये सभी विकास के काम तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी तीर्थ स्थल के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए गए 17.72 करोड़ रुपये में से 3.74 करोड़ रुपये की लागत से पवित्र सरोवर की सफाई की जाएगी, जिसमें सरोवर से गाद निकालना, साफ रेत डालना और अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, लगभग 2.8 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य मंदिर की पेंटिंग/पॉलिशिंग का काम, मंदिर के रास्ते में खंभों की मरम्मत, बलुआ पत्थर की सिलिकॉन कटिंग का काम किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि 2.42 करोड़ रुपये की लागत से संगत हॉल के पत्थर की मरम्मत, लंगर हॉल, सारन, पैनोरमा स्थित हॉल की पेंटिंग का काम किया जाएगा। श्री बाल जोगी परगट नाथ ने कहा कि लगभग 1.74 करोड़ रुपये की लागत से सारन में भक्तों के लिए नया फर्नीचर, एसी और अन्य काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा STP की कैपेसिटी बढ़ाने, सभी बाथरूम की मरम्मत, नए AC और गीजर, फायर सेफ्टी सिस्टम आदि का काम भी किया जाएगा, जिस पर 5 करोड़ रुपये से ज़्यादा खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के



तीर्थ स्थल के विकास कार्यों के लिए सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी की विधानसभा क्षेत्र इंचार्ज राजासांसी सोनिया मान ने कहा कि इस पवित्र स्थल के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवान वाल्मीकि जी के दिखाए प्रेम, त्याग और गरीबों व ज़रूरतमंदों की सेवा के रास्ते को अपनाकर एक बेहतर समाज बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महान कवि भगवान वाल्मीकि जी के महान महाकाव्य रामायण की अमर रचना दुनिया के अंत तक लोगों को सच्चाई का रास्ता दिखाती रहेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली यह पहली सरकार है जो दबे-कुचले लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। इसके बाद पवित्र तालाब की सफाई से पहले श्री बाल जोगी परगट नाथ, मैडम सोनिया मान और दूसरे नेताओं ने पवित्र पानी को जगों में भरकर सुरक्षित रखा ताकि तालाब की सफाई के बाद इस पानी को वापस तालाब में डाला जा सके।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दिल्ली भाजपा ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा के जनजाति मोर्चा द्वारा बसेरा पार्क स्थित उनके स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सी.एल. मीणा तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही आदिवासी समाज और देश के लिए जो योगदान दिया, वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भी थे। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों, जल-जंगल-जमीन की रक्षा तथा सामाजिक



कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनका 'उलगुलान' आंदोलन अन्याय और शोषण के विरुद्ध जनजागरण का प्रतीक बना। मल्होत्रा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही सशक्त एवं समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है कार्यक्रम में जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला से सोने की बाली झपटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**दिल्ली।** मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने महिला से सोने की बाली झपटने वाले दो झपटमारों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मनीष गोयल और अश्विनी कुमार के रूप में हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरापितों ने उन बालियों को दुर्गापुरी चौक स्थित एक कैश फार गोल्ड नाम की दुकान पर 12 हजार रुपये में बेच दी थी। पुलिस ने बाली बरामद कर ली है। जिला पुलिस उपायुक्त आरपी मीणा ने बताया कि गत 29 मई को एक महिला ने पुलिस को काल करके झपटमारी की सूचना दी। बताया कि वह किसी काम से जा रही थी। तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी करीब चार ग्राम वजनी सोने की बाली झपट ली। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान की गई। दोनों को मानसरोवर पार्क से गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित अश्विनी कुमार पर पहले भी झपटमारी और आर्म्स एक्ट से जुड़े पांच आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।

## श्रीभूमि जिले के आनिपुर फुटब्रिज पर महिला से कथित छेड़छाड़, पुलिस की कड़ी कार्रवाई से आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** असम श्री भूमि जिले के रामकृष्णनगर के आनिपुर क्षेत्र में सिंगला नदी पर बने वैकल्पिक लकड़ी के फुटब्रिज पर एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ और उसे नदी में धक्का देने की कोशिश के आरोप से क्षेत्र में व्यापक आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी साजान उद्दीन (42) को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में रामकृष्णनगर थाने में मामला संख्या 46/26 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात पश्चिम हरिनगर माजरगांव गांव की एक विष्णुप्रिया मणिपुरी महिला फुटब्रिज पार कर रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान राताबाड़ी थाना क्षेत्र के निताइनगर निवासी सजान उद्दीन ने उनका रास्ता रोककर अभद्र व्यवहार करने का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से मारपीट की तथा उन्हें पुल से नदी में धक्का देने की कोशिश की। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित बचा लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार दिया गया, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हाइलाकांडी के एस.के. राय सिविल अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने जांच के बाद गत सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। घटना से नाराज स्थानीय महिलाओं ने रामकृष्णनगर थाने के समक्ष प्रदर्शन कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच जारी है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कानून अपने हाथ में लेने के बजाय आरोपी को पुलिस के हवाले कर जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में रोष का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## मार्केट कमेटी, लुधियाना ने 2026-27 का बजट पेश किया



**लुधियाना-** पंजाब मंडी बोर्ड के तहत मार्केट कमेटी लुधियाना ने 2026-27 का बजट पेश किया। इस मौके पर चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल और सेक्रेटरी हरिंदर सिंह ने बताया कि 2026-27 का बजट मंजूरी के लिए चंडीगढ़ भेजा गया है, जो करीब 46 करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि जैसे ही साल 2026-27 का बजट पास होगा, मंडी के रुके हुए कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार युद्ध स्तर पर विकास के काम जारी रखे हुए है। इसी कड़ी में अलग-अलग गांवों की लिंक रोड और दूसरे विकास प्रोजेक्ट पूरे किए जाएंगे। इस मौके पर अकाउंटेंट दीपक सिंगला और दूसरे स्टाफ मेंबर भी मौजूद थे।

## साधु के भेष में ठगी करने पहुंचे तीन अपराधी गिरफ्तार, महिला से ठगा गया सोने का जेवर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अंतर्गत हुरहुरु में साधु का भेष धारण कर एक महिला को ठगी का शिकार बनाने पहुंचे तीन अपराधियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से महिला से ठगा गया सोने का जेवर तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून 2026 को अपराह्न करीब 3:30 बजे हुरहुरु निवासी गुड़िया देवी के पति ने बड़ा बाजार ओपी पुलिस को सूचना दी कि तीन व्यक्ति साधु के वेश में उनके घर पहुंचे थे। बातचीत और धार्मिक बातों में उलझाकर उन्होंने उनकी पत्नी गुड़िया देवी से सोने का जेवर (जीतिया) ठग लिया और लेकर फरार हो रहे हैं। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई। उनके निर्देश पर बड़ा बाजार ओपी और मुफ्फसिल थाना की संयुक्त पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले का सत्यापन किया। जांच के दौरान पता चला कि तीनों आरोपी साधु के भेष में आए थे और महिला को झांसे में लेकर सोने का जेवर ठगकर भाग निकले थे। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता द्वारा बताए गए दिशा में आरोपियों की तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान क्षितिज अस्पताल के समीप एक टोटो में सवार तीन संदिग्ध साधु पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली। तलाशी के क्रम में गुड़िया देवी से ठगा गया सोने का जीतिया एवं अन्य लॉकेट बरामद किए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी साधु का वेश धारण कर लोगों को धार्मिक और अंधविश्वास संबंधी बातों में उलझाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मलेट्री लाठौर पिता-दर्शन लाठौर, निवासी सैरया, थाना अमझार, जिला रोहतास, अखिलेश लाठौर पिता-नंदू लाठौर, निवासी बिगेरा, थाना अमझार, जिला रोहतास तथा तितई लाठौर पिता-गुलछेतर लाठौर, निवासी बिगेरा, थाना अमझार, जिला रोहतास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सोने का जीतिया मोती लगी माला सहित तथा सोने जैसा दिखने वाला सात छोटे-छोटे लॉकेट बरामद किए हैं। इस संबंध में सदर (बड़ा बाजार) थाना कांड संख्या 146/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार की ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया है या नहीं। इस सफल कार्रवाई में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी पु.अ.नि. मुकेश कुमार रजक, मुफ्फसिल थाना प्रभारी पु.अ.नि. मुकेश कुमार सिंह, पु.अ.नि. सुधीन कुमार सहित बड़ा बाजार ओपी एवं मुफ्फसिल थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ठगी का शिकार हुई महिला का जेवर बरामद कर लिया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।